

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गोविंद बल्लभ पंत कृषि विश्वविद्यालय, पंतनगर के 35वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 17 अंक: 299 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

**फास्ट न्यूज**

### 'कांग्रेस राज्यों की नाकामियों के आंकड़े एमपी के नाम मढ़ देती हैं प्रियंका'

**भोपाल** : मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रदेश भर में चुनावी दौरों का सिलसिला जारी है। मंगलवार को भी सीएम शिवराज ने 8 विधानसभाओं में जनता जनार्दन से संवाद किया और भाजपा के पक्ष में अपने मत का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में तेंदूखेड़ा, गोटेगांव, अमरवाड़ा, नरयावली, सिलवानी और सांची में विशाल जनसभाओं को संबोधित किया। साथ ही सागर और रायसेन में देर रात तक रोड शो कर जनता से विजयी आशीर्वाद मांगा।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रियंका और राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि, दोनों भाई-बहन लगातार झूठ बोल रहे हैं और इस कदर झूठ बोल रहे हैं कि, कांग्रेस शासित प्रदेशों की नाकामियां और घपले-घोटाले दूसरे राज्यों की सरकारों पर मढ देते हैं।

### सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों को जीएसटी के दायरे में लाने का प्रयास : सीतारमण

**नई दिल्ली/वापी** : केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वित्त मंत्रालय का ध्यान न केवल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व बढ़ाने पर है बल्कि सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों को इसके दायरे में लाने के प्रयास भी जारी हैं। सीतारमण ने मंगलवार को गुजरात के वापी में जीएसटी सेवा केंद्र के उद्घाटन के बाद यह बात कही। वित्त मंत्री ने 12 जीएसटी सुविधा केंद्र के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इन केंद्रों से व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बिना गलती किए जीएसटी पंजीकरण कराने में मदद मिलेगी और उनकी समस्याओं का समाधान होगा।

उन्होंने कहा कि जीएसटी संग्रह लगातार बढ़ रहा है। जीएसटी परिषद ने पहले की तुलना में कई वस्तुओं पर टैक्स की दरों को कम कर दिया है। व्यापारियों को पता है कि जीएसटी के तहत उन पर दोहरा कर नहीं लगाया जाएगा, जैसा पहले होता था। इसीलिए जीएसटी संग्रह बढ़ रहा है। सीतारमण ने कहा कि कई प्रतिष्ठान अभी भी जीएसटी के दायरे से बाहर रहना पसंद करते हैं।

# पराली: हमारा बुलडोजर चला तो रुकेगा नहीं...

## = दिल्ली के प्रदूषण पर कहा- सब्र खत्म हो रहा; राजस्थान, यूपी, पंजाब, हरियाणा पराली जलाना बंद करें: सुप्रीम कोर्ट

**सुप्रीम टिप्पणी**

8 पंजाब, हरियाणा, यूपी और राजस्थान सरकारों को सख्त आदेश दिया कि पराली जलाना तुरंत बंद करें





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली-एनसीआर** में बढ़ते प्रदूषण की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार 7 नवंबर को सुनवाई हुई। इस दौरान जस्टिस संजय किशन कौल ने पंजाब, हरियाणा, यूपी और राजस्थान सरकारों को सख्त आदेश दिया कि पराली जलाना तुरंत बंद किया जाए। प्रदूषण को देखते हुए हमारा सब्र खत्म हो रहा है, अगर हमने एक्शन लिया तो हमारा बुलडोजर रुकेगा नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को भी निर्देश दिया कि नगर निगम शहर का ठोस कचरा खुले में न जलाए, क्योंकि दिल्ली को हर साल प्रदूषण से जूझने के लिए नहीं छोड़ा जा सकता।

जस्टिस कौल ने केंद्र से कहा कि वह किसानों को सब्सिडी देने और दूसरी फसलों की पैदावार के लिए प्रेरित करे, ताकि ठंड से पहले पराली जलाना बंद हो सके। मामले की सुनवाई जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच कर रही थी। कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख 10 नवंबर तय की है। यह फैसला दिल्ली में वायु प्रदूषण के लगातार खतरनाक स्तर को कम करने के लिहाज से अहम है। राजधानी की हवा पिछले 8 दिनों से बेहद खराब है। सोमवार को एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 470 था। जानलेवा प्रदूषण के बावजूद पंजाब में पराली जलाना जारी है। वीडियो फिरोजपुर के टिब्बी कलां गांव का है। जानलेवा प्रदूषण के बावजूद पंजाब में पराली जलाना जारी है। वीडियो फिरोजपुर के टिब्बी कलां गांव का है। याचिकाकर्ता की वकील अपराजिता सिंह- पंजाब में खेतों की आग पर निगरानी नहीं होती। दिल्ली की हवा बिगाड़ने में पराली जलाने का सबसे बड़ा हाथ है। जस्टिस कौल- इसका समाधान क्या है, हम दिल्ली को हर साल इस तरह प्रदूषण से जूझने नहीं दे सकते। एडवोकेट गोपाल शंकरनारायणन- इसके पीछे जो वजह है, उसका सामने आना जाना जरूरी है।

### सुप्रीम कोर्ट ने ऑड-ईवन को अवैज्ञानिक कहा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** में प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली सरकार ने ऑड-ईवन को लागू किया है। बल्कि वर्षों से प्रदूषण की खराब स्थिति के बीच इसे लागू किया जाता रहा है। प्रदूषण पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने इस फॉमूर्ले को लेकर सवाल किया। मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस संजय किशन कौल ने ऑड-ईवन को अवैज्ञानिक करार दिया। जस्टिस कौल ने दिल्ली सरकार से कहा, 'आप पहले भी ऑड ईवन सिस्टम ला चुके हैं, क्या यह सफल हुआ है, यह सब सिर्फ दिखाने के लिए है।

### 'धान की फसल से जलस्तर में हुई गिरावट'

**सुप्रीम** कोर्ट ने कहा कि पंजाब सरकार ऐसे हालात देख रही है, जहां धान की फसल के कारण जल स्तर में भारी गिरावट आई है। इस पर अदालत ने कहा कि आप एक तरफ बाजरा को बढ़ावा दे रहे हैं और फिर धान को भूजल बर्बाद करने दे रहे हैं। इस बात पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है कि क्या इस तरह के धान को उस समय अवधि में उगाया जाना चाहिए, जिसमें इसे उगाया जाता है। कोर्ट ने आगे कहा कि 15 साल पहले यह समस्या नहीं थी क्योंकि ऐसी फसल नहीं होती थी।

### 'लोग मर रहे हैं तो हम नीतिगत मुद्दों में प्रवेश करेंगे'

**वहीं,** पंजाब सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि सरकार पराली जलाने की घटनाओं में कमी लाने के लिए हर कोशिश कर रही है। किसान आर्थिक कारणों से पराली जला रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि हम नीतिगत मुद्दों में प्रवेश नहीं करते, लेकिन अगर लोग मर रहे हैं तो हम नीतिगत मुद्दों में प्रवेश करेंगे। उन्होंने तुरंत पराली जलाने की घटनाओं को तुरंत रोकने का निर्देश दिया है।

## अलीगढ़ को हरिगढ़ करने का प्रस्ताव पास

### नगर निगम बोर्ड बैठक में पास, शासन लगाएगा अंतिम मुहर

**मंजूरी**

8 यह प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। शासन ही प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी प्रदान करेगा

**टीम एक्शन इंडिया/अलीगढ़**
**अलीगढ़** को हरिगढ़ बनाने का प्रस्ताव नगर निगम के भाजपा पार्षद संजय पंडित के सुझाव पर पास हुआ है। यह प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। शासन ही प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी प्रदान करेगा। अलीगढ़ नगर निगम की पहली बोर्ड बैठक हंगामे के साथ शुरू हुई। इसी बीच भाजपा के पार्षद संजय पंडित ने अलीगढ़ को हरिगढ़ बनाने का प्रस्ताव रखा। प्रस्ताव पास हो गया। अब यह प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा, तब शासन ही उसको अनुमति प्रदान करेगा। ये पहला मौका नहीं, जब हरिगढ़ की आवाज बुलंद हुई है। अब से पहले 21 अगस्त को कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित हिन्दू गौरव दिवस कार्यक्रम में डिप्टी सीएम ने भी यही संदेश दिया था। कहा था कि लोकसभा की यूपी की सभी सीट फिर से जीता कर कल्याण सिंह का सपना साकार करने का संकल्प लेना होगा। यही हरिगढ़ की धरती से संकल्प लेकर कल्याण सिंह को श्रद्धांजलि होगी। उसी संकेत को भाजपा के पार्षद ने सुझाव के रूप में नगर निगम के अधिवेशन में प्रस्ताव पारित कराया है। ये संकेत हैं भाजपा की तैयारी के।

### 'गहलोत सरकार ने युवाओं को धोखा दिया: अमित शाह

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राजस्थान के मकराना में एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के नेतृत्व वाली अशोक गहलोत सरकार पर जमकर हमला बोला।
**'गहलोत सरकार ने युवाओं को धोखा दिया'**: अमित शाह ने कहा कि अशोक गहलोत सरकार ने 14 अलग-अलग परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक कराकर और अपने लोगों को नौकरियां देकर राजस्थान के युवाओं को धोखा दिया है।

## शॉर्ट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल 'प्रलय' का परीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** ने मंगलवार को सुबह 9:50 बजे ओडिशा के तट के पास अब्दुल कलाम द्वीप से प्रलय शॉर्ट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया। इस मिसाइल की परीक्षण रेंज 475 किलोमीटर तक थी। यह सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है, जिसकी मारक क्षमता 500 किमी. तक है। इसके अलावा इसकी मारक क्षमता वारहेड के वजन पर



निर्भर करती है। रक्षा मंत्रालय ने प्रलय बैलिस्टिक मिसाइलों को चीन और पाकिस्तान सीमा पर तैनाती को मंजूरी दी है। भारत इस मिसाइल को अपनी रॉकेट फोर्स में भी शामिल करने पर विचार कर रहा है।

**परीक्षण रेंज**

8 यह सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है, जिसकी मारक क्षमता 500 किमी. तक है

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने नई पीढ़ी की सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल 'प्रलय' का उड़ान परीक्षण ओडिशा तट के कलाम द्वीप से किया। आज किये गए परीक्षण में मिसाइल की रेंज 475 किलोमीटर तक थी। मिशन ने अपने सभी उद्देश्यों को पूरा किया।

## छगः चुनाव के बीच नक्सलियों से चार जगह हुई मुठभेड़, पांच जवान घायल

**टीम एक्शन इंडिया/सुकमा**
**छत्तीसगढ़ के** सुकमा जिले में विधानसभा चुनाव के दौरान नक्सलियों ने अलग-अलग स्थानों में फायरिंग व आईईडी विस्फोट कर सुरक्षा बलों के जवानों एवं मतदान दलों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। सुकमा जिले में दिनभर चार अलग-अलग मुठभेड़ हुई, जिसमें पांच जवान घायल हो गए। पुलिस आधा दर्जन नक्सली मारे जाने का दावा कर रही है।

बंडा मतदान केंद्र की करीब सुरक्षा बल के जवानों के साथ नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें करीब 10 मिनट तक दोनों ओर से गोलियां चली। सुरक्षा बल की जवाबी कार्रवाई में भारी पड़ता देख नक्सली पीछे हटे। बीजापुर जिले में पहले चरण का चुनाव के दौरान जिले के ग्राम पादेडा के दक्षिण में आज लगभग 1.30 बजे के आस-पास सीआरपीएफ 85 बटालियन के जवानों की नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल की आड़ लेकर भागने में कामयाब रहे। मुठभेड़ लगभग 5-10 मिनट चली, जिसमें जवानों ने नक्सलियों को 2-3 शव उठाकर भागते हुए देखा। साथ ही घटना स्थल पर सर्चिंग के दौरान मौके पर खून के धब्बे एवं घसीटने के चिन्ह भी मिले हैं, मुठभेड़ में शामिल सभी जवान सुरक्षित हैं।



**मुठभेड़**

8 अलग-अलग मुठभेड़ हुई, पांच जवान घायल हो गए, पुलिस आधा दर्जन नक्सली मारे जाने का दावा कर रही है

तीसरी मुठभेड़ सुकमा जिले के ताड़मेटला और दुलेड के बीच सीआरपीएफ और नक्सलियों के बीच कोबरा 206 के जवानों के साथ हुई।

मीनपा में पोलिंग पार्टी को सुरक्षा देने के लिए जंगलों मे जवान तैनात थे। इस दौरान नक्सलियों ने हमला शुरू किया, लगभग 20 मिनट तक मुठभेड़ चली। इसमें सीआरपीएफ के तीन जवान घायल हुए। एक को हेलीकॉप्टर से बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया है। पुलिस भी आधा दर्जन नक्सली मारने का दावा कर रही है।

## 'कांग्रेस मुझे गाली देना कभी नहीं भूलती'



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के सीधी जिले में कांग्रेस पर अपने शासन के दौरान भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा के सत्ता में आने के बाद उनकी सरकार ने सभी घोटालों को रोक दिया और सरकार के खजाने को बचाया, जिससे 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन की सुविधा मिली। पीएम मोदी ने कहा, "कांग्रेस उन्हें हर दिन गाली देती रहती है... उसने देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति के चुनाव का भी विरोध किया, क्योंकि उसे केवल आदिवासियों के वोट बैंक में दिलचस्पी है, उनके कल्याण में नहीं। बता दें कि पीएम मोदी मंगलवार को मध्य प्रदेश के सीधी जिले में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। यहां 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने हैं। मोदी ने कहा, जब कांग्रेस 10 वर्षों (2004-2014) तक सत्ता में थी, तो उसकी सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त थी, लेकिन भाजपा के सत्ता में आने के बाद उसने उन सभी घोटालों को रोक दिया और बहुत सारा पैसा बचाया और इसका उपयोग 80 करोड़ से अधिक गरीबों को मुफ्त राशन देने के लिए किया।"

उन्होंने कहा, "मुफ्त राशन योजना को अब दिसंबर से आगे अगले पांच साल के लिए बढ़ा दिया गया है।"

**साधा निशाना**

8 केंद्र में भाजपा के सत्ता में आने के बाद उनकी सरकार ने सभी घोटालों को रोक दिया

## गरीबों और जरूरतमंदों का सरकार पर पहला हक: खट्टर

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार गरीब व जरूरतमंदों कल्याणार्थ योजनाएं क्रियान्वित कर रही है। हमने पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का लाभ देने की शुरूआत की है, ताकि वे मुख्यधारा में आकर समाज का हिस्सा बन सकें। सरकार ने गरीब व जरूरतमंदों को समय पर सहायता देकर उनके जीवन को सरलयापन किया है। अब वे गर्व से कह रहे हैं कि वे भी समाज के अभिन्न अंग हैं और उनके अधिकारों को कोई दबंग नहीं



छीन सकता है। मुख्यमंत्री अपने निवास संत कबीर कुटीर पर हिसार, सिरसा और फतेहाबाद जिलों के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ बैठक कर रहे थे। मनोहर लाल ने कहा कि प्रबुद्ध नागरिकों का समाज में एक अहम स्थान होता है। वे सरकार और जनता के बीच एक सेतु की भांति होते हैं, इसलिए उन्हें जनता को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवाना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक पात्र लोग इनका लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने शासन संभालते ही सबसे पहला काम राजकाज में ई-गवर्नेंस लाने का किया, जिससे हर प्रक्रिया को ऑनलाइन किया।

**क्रियान्वित**

8 सरकार का ध्येय पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ देकर प्रदेश के हैप्पीनेस इंडेक्स को बढ़ाना

## नीतीश ने बिहार में 75% आरक्षण का प्रस्ताव रखा



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**बिहार** में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जातिगत सर्वे के आर्थिक आंकड़ों की रिपोर्ट जारी होने के साथ आरक्षण को लेकर बड़ा एलान किया है। सीएम ने राज्य में आरक्षण का दायरा 50 फीसदी से बढ़ाकर 75 फीसदी करने का प्रस्ताव रखा है। विधानसभा में चर्चा के दौरान सीएम नीतीश कुमार ने यह प्रस्ताव रखा। इसमें आरक्षण को 50 से 65 फीसदी करने की बात कही गई है। वहीं, इडब्ल्यूएस के 10 फीसदी को मिलाकर आरक्षण का दायरा 75 फीसदी करने का प्रस्ताव रखा गया है। विधानसभा में जाति आधारित सर्वेक्षण पर बोलते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि इस जाति की जनसंख्या बढ़ गई या घट गई।

### राज्यों को कर हस्तांतरण के रूप में 72,961 करोड़ रुपये किए जारी

**नई दिल्ली** : दिवाली से पहले केंद्र सरकार ने राज्यों को तोहफा दिया है। सरकार ने टैक्स में राज्यों की हिस्सेदारी समय से तीन दिन पहले ही जारी कर दिया है। सरकार ने नवंबर, 2023 के लिए 28 राज्यों को 72,961.21 करोड़ रुपये कर हस्तांतरण पर अपनी मुहर लगा दी है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि 28 राज्यों को नवंबर महीने के लिए कुल 72,961.21 करोड़ रुपये कर हस्तांतरण जारी किया गया है। मंत्रालय के मुताबिक सरकार के इस फैसले के चलते राज्य सरकारें दिवाली से पहले समय पर लाभार्थियों और कर्मचारियों को भुगतान कर सकेंगी।

**रिपोर्ट पेश** इसी आंकड़े में बेरोजगार; 16.73% मिस्त्री-मजदूर, नौकरी में महज 5 फीसदी

## बिहार जातिगत आर्थिक आंकड़े: 67 फीसदी गृहणी-विद्यार्थी...

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**बिहार** सरकार ने जाति आधारित जनगणना के दौरान कराए गए आर्थिक आंकड़ों को जारी किया। यह आंकड़े राज्य के लोगों की आर्थिक हालत दिखा रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महागठबंधन सरकार ने लोगों के 'कार्यकलाप' को दिखाते समय बेरोजगारों का आंकड़ा छिपा लिया है। कुल नौ तरह के कार्यकलाप दिखाते हुए 100 प्रतिशत आबादी की रिपोर्ट जारी की गई है। इसमें भिखारी और कचरा बीनने वालों तक की संख्या बताई गई है, लेकिन बेरोजगारों की संख्या नहीं



दिखाई गई है। राज्य की 67.54 प्रतिशत आबादी, यानी 8 करोड़ 82 लाख 91 हजार 275 लोगों को 'गृहणी, विद्यार्थी आदि' बताया गया है। बाकी कार्यकलपा के आंकड़े स्पष्ट हैं, मतलब बेरोजगारों का आंकड़ा इसी में शामिल कर लिया गया है।

**सामने आए**

8 महागठबंधन सरकार ने लोगों के 'कार्यकलाप' को दिखाते समय बेरोजगारों का आंकड़ा छिपा लिया है

**मिस्त्री-मजदूर का बिहार, सबसे ज्यादा काम यही कर रहे:** सरकार ने 67.54 प्रतिशत आबादी को 'गृहणी, विद्यार्थी आदि' में रखा है, इसलिए अब शेष आबादी में ही कार्मिकों का बंटवारा देखना होगा। इसमें देखें तो यह साबित होता है कि बिहार कृषक आधारित राज्य नहीं है, बल्कि मिस्त्री-मजदूरों का राज्य है। राज्य में खेती करने वालों की आबादी 7.7 प्रतिशत है। यानी, करीब एक करोड़ 70 हजार 827 लोग खेती से जुड़े हैं। जबकि दो करोड़ 18 लाख 65 हजार 634 लोग मिस्त्री-मजदूर जैसा काम करते हैं। यह कुल आबादी का 16.73 प्रतिशत है।

**नौकरियों में 5 प्रतिशत लोग, सरकारी सिर्फ 1.57 फीसदी:** जातीय जनगणना की आर्थिक रिपोर्ट में नौकरियों को तीन भाग में बांटकर लोगों की संख्या और उनका प्रतिशत बताया गया है।

# सांसों पर संकट बरकरार, प्रदूषण से राहत नहीं

## सुबह के वक्त कई इलाकों में धुंध की चादर छाई हुई है, ऐसे में लोगों को मौसम के मेहरबान होने का इंतजार करना होगा

**गैस चैंबर**

**8 सुबह के वक्त कई इलाकों में धुंध की चादर छाई रही, ऐसे में लोगों को मौसम के मेहरबान होने का इंतजार करना पड़ा**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**देश** की राजधानी दिल्ली गैस चैंबर बनी हुई है। ऐसे में दिल्लीवासियों की सांसों पर संकट बरकरार है। दिवाली से पहले राहत मिलती हुई भी नहीं दिख रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड यानी सीपीसीबी के अनुसार, मंगलवार को भी दिल्ली में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में बना रहा। सुबह के वक्त कई इलाकों में धुंध की चादर छाई रही। ऐसे में लोगों को मौसम के मेहरबान होने का इंतजार करना पड़ा। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली को प्रदूषण मुक्त करने के लिए सरकार जमीन पर योजनाएं उतार रही है। ऑड-ईवन को लागू किया जा रहा है। अभी भी दिल्ली एनसीआर के कई इलाकों में वायु प्रदूषण सूचकांक 400 से 500 के बीच बना हुआ है। कई हिस्सों में पीएम2.5 खतरनाक स्तर 500 से भी ऊपर चला गया है। मौसम निगरानी एजेंसियों ने इसे 'गंभीर' माना है।

बीते दिन भी दिल्ली सर्वाधिक प्रदूषित रही। यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 421 दर्ज किया गया। सुबह से ही स्मॉग की चादर छाई रही। ऐसे में यही स्थिति बृहस्पतिवार तक बने रहने का अनुमान है। एनसीआर में दिल्ली के बाद ग्रेटर नोएडा की हवा अधिक प्रदूषित रही। दिल्ली में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) का चौथा चरण लागू है।

दिल्ली में 24 इलाकों में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। जबकि चार इलाकों में गिरावट दर्ज की गई। पांच इलाकों में हवा बेहद खराब रही। इसमें जहांगीरपुरी में 458, वजीरपुर में 455, पटपड़गंज में 453, पंजाबी बाग में 450, आरके पुरम में 447, रोहिणी में 445 एक्यूआई दर्ज किया गया। मुंडका में 439, आनंद विहार में 433 समेत कई इलाकों में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। डीटीयू में 398 व जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 362 समेत छह इलाकों में एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में रहा।

**दिल्ली वालों को बारिश का इंतजार:** दिल्ली में प्रदूषण से राहत के लिए मौसम का इंतजार शहर के लोगों को करना पड़ेगा। मौजूदा मौसमी दशाएं प्रदूषण को बढ़ा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि मौजूदा मौसम में प्रदूषण तत्व छट नहीं पा रहे हैं, ऐसे में यदि मौसम करवट ले तो एक पल में प्रदूषण खत्म हो सकता है। स्थिति सुधरने के लिए मौसम के अनुकूल होने का इंतजार करना होगा। इस बीच आपात स्थिति से निपटने के लिए हर संभव प्रयास करने होंगे।

**बॉक्सदिल्ली में ऑड ईवन निमय:** दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण से लोगों का बुरा हाल है। इसी बीच सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सचिवायल में उच्च स्तरीय बैठक की थी। इस बैठक में मंत्री गोपाल राय भी मौजूद रहे थे।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली में ऑड ईवन लागू होगा। 13 से 20 नवंबर के बीच इसे लागू किया जाएगा। ऑड-ईवन यातायात नियम एक ऐसी प्रणाली है, जिसके तहत ऑड नंबर पर खत्म होने वाले पंजीकरण संख्या वाले वाहनों को सप्ताह के ऑड दिनों पर चलने की अनुमति होती है। ईवन नंबर पर समाप्त होने वाली पंजीकरण संख्या वाले वाहनों को सप्ताह के अन्य वैकल्पिक दिनों में सड़कों पर चलने की अनुमति है।

पूर्व में रविवार को सभी वाहनों की आवाजाही के लिए खुला रखा गया है।

### ऑड-ईवन फॉर्मूला लागू करने के लिए केजरीवाल सरकार ने की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रदूषण कम नहीं हो रहा है। वायु प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली सरकार हर कदम उठा रही है। सोमवार को आप सरकार ने बताया कि राजधानी में दिवाली बाद ऑड-ईवन फॉर्मूला लागू किया जाएगा। अब इसकी तैयारियों को लेकर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय और परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में बैठक की है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को एक आपात बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें 'ऑड-ईवन' नियम को वापस लाने का फैसला किया गया। सीएम केजरीवाल की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक के बाद बोलते हुए गोपाल राय ने 13 से 20 नवंबर के बीच शहर में ऑड-ईवन योजना की घोषणा की। इसके अलावा बिगड़ती वायु गुणवत्ता की पृष्ठभूमि में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पराली जलाने के मुद्दे पर पंजाब सरकार की खिंचाई करते हुए कहा कि यह हर बार 'राजनीतिक लड़ाई' नहीं हो सकती।

### वाहनों की सख्ती से जांच के निर्देश

**एलजी सक्सेना** ने परिवहन विभाग और दिल्ली पुलिस को सख्ती से ग्रैप-4 के तहत प्रतिबंधित वाहनों को सड़कों पर उतरने की अनुमति न दिए जाने को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने अन्य राज्यों से दिल्ली में प्रवेश करने और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की एंट्री प्वाइंट्स पर ही जांच को लेकर सख्ती बरतें। उपराज्यपाल ने लोगों से प्रदूषण कम करने वाले सभी उपाय करने, विशेषकर सार्वजनिक परिवहन का अधिकतम उपयोग करने की भी अपील की।

## जहांगीरपुरी व वजीरपुर समेत 24 इलाकों में हवा रही गंभीर



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**एनसीआर** में दिल्ली सर्वाधिक प्रदूषित रही। यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 421 दर्ज किया गया। हालांकि, मुकाबले 33 अंकों की गिरावट दर्ज की गई, लेकिन लोगों को प्रदूषण से राहत नहीं मिली। जहांगीरपुरी व वजीरपुर समेत 24 इलाकों में हवा गंभीर श्रेणी में रही। सुबह से ही स्मॉग की चादर छाई नजर आई। दिल्ली में समग्र रूप से हवा गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई। कमोबेश यही स्थिति बृहस्पतिवार तक बने रहने का अनुमान है। एनसीआर में दिल्ली के बाद ग्रेटर नोएडा की हवा अधिक प्रदूषित रही। दिल्ली में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) का चौथा चरण लागू है।

**जहांगीरपुरी में सबसे अधिक एक्यूआई:** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, दिल्ली में 24 इलाकों में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। वहीं, रविवार के मुकाबले चार इलाकों में गिरावट दर्ज की गई। पांच इलाकों में हवा बेहद खराब रही। इसमें जहांगीरपुरी में 458, वजीरपुर में 455, पटपड़गंज में 453, पंजाबी बाग में 450, आरके पुरम में 447, रोहिणी में 445 एक्यूआई दर्ज किया गया। मुंडका में 439, आनंद विहार में 433 समेत कई इलाकों में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। डीटीयू में 398 व जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 362 समेत छह इलाकों में एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में रहा।

**बृहस्पतिवार तक खतरनाक श्रेणी में पहुंच सकती है हवा:** भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक, सोमवार को हवाएं पश्चिम-उत्तर पश्चिम व उत्तर-पूर्वी दिशा की ओर से चलीं। इस दौरान हवा की गति 4 से 8 किलोमीटर प्रतिघंटा रही, जोकि बेहद कम गति है। मंगलवार को हवाएं उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। इस दौरान हवा की गति 4 से 10 किलोमीटर प्रतिघंटा रहेगी। ऐसे में हवा खतरनाक श्रेणी में पहुंचने का अनुमान है। वहीं, सुबह स्मॉग छाए रहने की आशंका है। बुधवार को हवाएं उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर से चलेंगी। हवा की चाल 4 से 12 किलोमीटर प्रतिघंटे रहने का अनुमान है। बृहस्पतिवार तक हवा खतरनाक श्रेणी में पहुंच सकती है। सफर इंडिया के मुताबिक, सोमवार को दिल्ली में पीएम 2.5 की मात्रा लगभग 249 दर्ज की गई, जोकि खराब श्रेणी में है। पीएम 10 की मात्रा करीब 389 दर्ज की गई, जोकि बेहद खराब स्तर है।

# दिल्ली में दर्दनाक हादसा: गड्ढे में गिरा युवक, सरिया हुआ शरीर के आर-पार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**शास्त्री** पार्क इलाके में सोमवार रात दिल्ली-सहारनपुर हाईवे निर्माण में पिलर के लिए खोदे गए गड्ढे में एक युवक गिर गया। गड्ढे में रखा सरिया युवक के शरीर के आर-पार हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर कैट्स एंबुलेंस और पुलिसकर्मी पहुंचे। किसी तरह सरिया को काटकर युवक को गड्ढे से बाहर निकाला गया। युवक के शरीर में सरिया घुसा हुआ था। पुलिस ने उसे तुरंत लोकनायक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर युवक के शरीर से सरिया निकाल दिया। डॉक्टरों के मुताबिक युवक की हालत स्थिर बनी हुई है। पुलिस ने लापरवाही का मामला दर्ज कर लिया है और मामले की छानबीन कर रही है। घायल युवक की पहचान सैयद कामेल (32) के रूप में हुई है। मूलतः बिहार का रहने वाले सैयद कामेल धरमपुरा गांधी नगर इलाके में रहता है। सोमवार देर शाम वह खरीदारी करने के बाद दोस्तों के साथ घर जा रहा था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सोमवार शाम 7.21 बजे पुलिस को सूचना मिली कि शास्त्री पार्क के पास सहारनपुर हाईवे निर्माण स्थल के पास पिलर के लिए बने एक गड्ढे में एक युवक गिर गया है।

# पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में एसकेएम करेगी भाजपा का विरोध

**विरोध**

**8 'कॉपोर्रेट भगाओ, भाजपा को सजा दो, देश बचाओ' अभियान शुरू करने का निर्णय किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने कहा कि वह पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का विरोध करेगी। एसकेएम ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा कि पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव में 'कॉपोर्रेट भगाओ, भाजपा को सजा दो, देश बचाओ' अभियान शुरू करने का निर्णय किया गया है। बीते वर्षों में भाजपा सरकार ने किसानों के साथ छल किया है। ऐसे में एसकेएम ने किसानों से अनुरोध किया है कि वह भाजपा के खिलाफ मतदान करें। एसकेएम ने कहा कि केंद्र सरकार ने देश के किसानों पर तीन किसान विरोधी कानून थोपे थे, जिसके विरोध में किसान संगठनों ने 380 दिनों तक लंबा आंदोलन चलाया था। इस आंदोलन के दौरान 725 किसान शहीद हुए थे। इसके लिए केन्द्र सरकार ही जिम्मेदार है। एसकेएम ने अपने बयान में कहा कि किसान आंदोलन शुरू होने के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने किसान नेताओं के साथ तीन दौर की बातचीत की। इस वार्ता में मंत्री की भूमिका किसान विरोधी और बेहद नकारात्मक रही, जिसके कारण वार्ता विफल रही।

# शैक्षणिक संस्थानों को नवाचार और उद्यमिता का केंद्र बनना चाहिए: वेंकैया नायडू



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने मंगलवार को कहा कि शैक्षणिक संस्थानों को नवाचार और उद्यमिता का केंद्र बनना चाहिए। पूर्व उपराष्ट्रपति ने आज इंदिरा गांधी दिल्ली महिला तकनीकी विश्वविद्यालय (आईजीडीटीयूडब्ल्यू) के छठे दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। नायडू ने कहा कि विश्वविद्यालयों को अनुसंधान संस्थानों के सहयोग से समर्पित प्रयोगशाला स्थान बनाने की आवश्यकता है ताकि छात्र विश्वविद्यालय छोड़ने से पहले मूल्यवान अनुभव प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि नवाचार और रचनात्मकता के लिए सहयोग और टीम वर्क महत्वपूर्ण है।

नायडू ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं के शैक्षिक सशक्तिकरण के बिना कोई भी राष्ट्र प्रगति नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा, महिलाएं सभी क्षेत्रों में कांच की छत को तोड़ रही हैं, फिर भी पूर्ण लैंगिक समानता हासिल करने के लिए अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। इसमें संपत्ति की विरासत से संबंधित मामलों में समान अधिकार शामिल हैं। उन्होंने कहा कि एक महिला को शिक्षित करने का मतलब एक परिवार और समाज को शिक्षित करना है। एक उज्ज्वल भविष्य सुरक्षित करना भारत जैसे देश में अधिक महत्व रखता है, जहां महिलाएं आबादी का 50 प्रतिशत हिस्सा हैं।

पूर्व उपराष्ट्रपति ने इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी की पारंपरिक शाखाओं के अलावा ऑटोमेशन इंजीनियरिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग, एप्लाइड साइंस और मानविकी, प्रबंधन, वास्तुकला और योजना जैसे विषयों में पाठ्यक्रम पेश करने के लिए आईजीडीटीयूडब्ल्यू की सराहना की।

# सौम्या की हत्या के दोषियों की सजा पर सुनवाई 24 को

## कोर्ट ने सजा देने के मामले पर फैसला सुरक्षित रखा था



**फैसला टला**

**8 इस मामले में बलजीत के अलावा रवि कपूर और अमित शुक्ला भी आरोपित हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली के साकेत कोर्ट ने टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या के दोषियों को सजा देने के मामले में फैसला टाल दिया है। एडिशनल सेशंस जज रवींद्र कुमार पांडेय ने 24 नवंबर को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया। कोर्ट ने 26 अक्टूबर को सजा देने के मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकार की रिपोर्ट कोर्ट में पेश नहीं होने की वजह से सजा पर बहस नहीं हो सकी। आज दोषियों की ओर से कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया गया। राज्य सरकार की ओर से नियुक्त प्रोबेशन अधिकारी पप्पू लाल मीणा ने अपनी प्री सेंटेंस रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल किया। कोर्ट ने 18 अक्टूबर को सौम्या विश्वनाथन की हत्या और मकोका के मामले में चार आरोपितों को दोषी ठहराया था जबकि एक आरोपित को मकोका के तहत दोषी करार दिया था। कोर्ट ने रवि कपूर, अमित शुक्ला, अजय कुमार और बलजीत मलिक को मकोका की धारा 3(1)(?) का भी दोषी पाया है। कोर्ट ने इस मामले के चौथे आरोपित अजय सेठी को भारतीय दंड संहिता की धारा 411 और मकोका की धारा 3(2) और 3(5) के तहत दोषी पाया है। सौम्या विश्वनाथन की हत्या 30 सितंबर, 2008 की रात में अपने दफ्तर से घर लौटते वक्त कर दी गई थी। बलजीत मलिक पर मकोका के तहत केस चल रहा है, जिसकी वजह से उसे नियमित जमानत नहीं मिल रही है। इस मामले में बलजीत के अलावा रवि कपूर और अमित शुक्ला भी आरोपित हैं।

# एमसीडी अपने कर्मचारियों को दीपावली पर देगी बोनस




**तोहफा**

**8 सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी की सरकार ने अपने कर्मचारियों को दीपावली पर बोनस देने का निर्णय लिया है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के कर्मचारियों के लिए यह दीपावली खुशखबरी लेकर आई है। एमसीडी में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी की सरकार ने अपने कर्मचारियों को दीपावली पर बोनस देने का निर्णय लिया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी दी।

केजरीवाल ने दीपावली की शुभकमनाएं देते हुए कहा कि दीपावली पर निगम के सभी ग्रुप डी, ग्रुप सी और ग्रुप बी नॉन गजेटेड कर्मचारियों को 7-7 हजार रुपये बोनस दिया जाएगा जबकि पिछले तीन साल से काम कर रहे कच्चे कर्मचारियों को 1200 रुपये मिलेगा। उन्होंने कहा कि जबसे एमसीडी में हमारी सरकार बनी है, लगातार अच्छे काम हो रहे हैं। 14 साल बाद अब सभी कर्मचारियों को समय पर तनख्वाह मिलने लगी है। निगम के सभी कर्मचारी हमारे परिवार का हिस्सा हैं। अरविंद केजरीवाल ने बताया कि एमसीडी के 6 हजार से अधिक सफाई कर्मचारियों को अब तक पक्का किया है। अब दिल्ली के हर गली-मोहल्ले में साफ-सफाई होने लगी है। हमारा मानना है कि जब कर्मचारी खुश होंगे तो वो मन लगाकर जनता के लिए काम करेंगे। अंत में अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सफाई कर्मचारी, चौकीदार, माली, बेलदार, वार्ड ब्वॉय, वार्ड आया, कैटल कैचर, रिक्शा कैचर, अर्दली, एलडीसी, यूडीसी के सभी कर्मचारियों का परिवार भी हमारे परिवार का हिस्सा हैं। आपका यह भाई जब तक बैठा है, आपको किसी बात की चिंता करने की जरूरत नहीं है।

# महिला कांस्टेबल ने की खुदकुशी

**मदद मांगी**

**8 पुलिस टीम ने देखा कि प्रीति नाम की 27 साल की युवती ने चुन्नी से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**उत्तरी जिले के शास्त्री नगर में एक महिला** कांस्टेबल ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। डीसीपी मनोज कुमार मीणा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि बीती रात 10:17 पर पीसीआर कॉल मिली थी। मकान मालकिन ने कॉल करके पुलिस से मदद मांगी थी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने देखा कि प्रीति नाम की 27 साल की युवती ने चुन्नी से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली है। वह 2022 बैच की कांस्टेबल थी। मौके पर मकान मालिक कपिल गुप्ता मिले, जो रूम का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे तो देखा कि वह फंदे से लटकी हुई है। फिर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस के सीनियर ऑफिसर पहुंचे और जांच की। वहां से प्रीति का मोबाइल और चुन्नी बरामद हो गई। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रीति अपने एक बैचमेट के साथ किराए के कमरे में रहती थी। घटना के दौरान वह रूम में अकेली थी, कमरा अंदर से बंद था। अभी तक की जांच में कोई भी संदिग्ध नहीं लगा है।

# एल्विश मामला: शिकायतकर्ता गौरव गुप्ता पहुंचे दिल्ली हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

एल्विश यादव को नोएडा पुलिस ने नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए तलब किया है। अब इस मामले में एल्विश यादव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाले गौरव गुप्ता दिल्ली हाई कोर्ट पहुंच गए हैं। गौरव ने अर्जी दाखिल कर सुरक्षा की मांग की है। उन्हें कहा कि मुझे लगातार जान से मारने की धमकी मिल रही है।

**बढ़ी एल्विश की मुसीबत:** रेप पार्टी में सांपों का जहर सप्लाई करने के मामले में घिरे एल्विश यादव की मुसीबत अब बढ़ गई है। नोएडा पुलिस ने एल्विश यादव को नोटिस भेज कर पूछताछ के लिए बुलाया है।

# प्रदूषण पर वार: एक दिन में ट्रैफिक पुलिस ने काटे 22 सौ वाहनों के चालान



**सख्ती**

**8 दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने अक्तूबर महीने में प्रदूषण फैलाने वाले 18 हजार से ज्यादा वाहनों के चालान किए**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** ट्रैफिक पुलिस दिल्ली में प्रदूषण फैलाने वालों वाहनों के खिलाफ जोर-शोर से कार्रवाई कर रही है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने अक्तूबर महीने में प्रदूषण फैलाने वाले 18 हजार से ज्यादा वाहनों के चालान किए हैं। इसके अलावा दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते प्रदूषण और वायु गुणवत्ता के बिगड़ते स्तर को देखते हुए 2200 से अधिक वाहनों के चालान किए हैं। राष्ट्रीय राजधानी में गैर-जरूरी सामग्री ले जाने वाले पुराने डीजल, पेट्रोल वाहनों और ट्रकों को चलाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 20 हजार रुपये का चालान होता है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राजोकरी, कापसहेड़ा, बदरपुर, कालिंदी कुंज, टिकरी, औचंदी, भोपुरा, अप्सरा, चिल्ला और सिंघू समेत दिल्ली की 20 प्रमुख सीमाएं हैं। राष्ट्रीय राजधानी में हमारी 20 प्रमुख सीमाएं हैं, जहाँ हमने अपने कर्मचारियों को तैनात किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि ग्रैप-4 के तहत गैर- निर्धारित वाहनों को दिल्ली बॉर्डर से वापस भेजा जा रहा है। सिर्फ आवश्यक वस्तुओं को ले जाने वाले वाहनों को अनुमति दी जा रही है। एक अन्य ट्रैफिक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में 13 प्रदूषण हॉटस्पॉट हैं। इन जगहों पर ट्रैफिक पुलिस को तैनात किया गया है। अतिक्रमण और अनधिकृत पार्किंग के खिलाफ एमसीडी के साथ संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। हमने यह सुनिश्चित करने के लिए यातायात भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पीक आवर्स के दौरान अपने कर्मचारियों को तैनात किया है, ताकि यातायात की आवाजाही प्रभावित नहीं होगी।

**6757 वाहनों को रोका गया:** दिल्ली पुलिस के विशेष पुलिस आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में 6757 वाहनों को रोका। इनमें से 2216 वाहनों का चालान किया। 1024 वाहनों के पास प्रदूषण नियंत्रण (पीयूसी) प्रमाण पत्र नहीं था। 217 चालान बीएस-तीन के तहत और 975 चालान बीएस-चार के तहत चालान किए गए। ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के चरण-चार के तहत वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के नवीनतम आदेश के अनुसार, आवश्यक सेवाओं में शामिल नहीं होने वाले सभी मध्यम और भारी माल वाहनों पर भी राजधानी में प्रतिबंध लगा दिया गया है।

# 'गन्ने के भाव में मात्र 14 रुपए की बढ़ोतरी करके किसानों के साथ किया मजाक'

## 'गन्ने का भाव 450 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग कर रहे हैं और हमारी सरकार ने गन्ने के रेट में रिकॉर्डतोड़ 193 रुपये की बढ़ोत्तरी कर उसे 117 से बढ़ाकर 310 रुपये तक पहुंचाया था'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

बीजेपी-जेजेपी सरकार ने प्रदेश में गन्ने के प्रति क्विंटल भाव में मात्र 14 की वृद्धि करके किसानों के साथ मजाक किया है। यह कहना है पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का। उन्होंने कहा कि प्रदेश के गन्ना किसान लम्बे समय से गन्ने का भाव 450 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग कर रहे हैं। और हमारी सरकार ने गन्ने के रेट में रिकॉर्डतोड़ 193 रुपये की बढ़ोत्तरी कर उसे 117 से बढ़ाकर 310 रुपये तक पहुंचाया था। यानी 9 साल में 165% की बढ़ोत्तरी की, जो उस समय देश में सबसे ज्यादा भाव था। जबकि, बीजेपी सरकार ने गन्ने का भाव 2014 के बाद 310 से बढ़ाकर 2023-24 में 372 ही किया, यानी 9 साल में मात्र 20% वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान किसानों से गन्ना खरीद के साथ तुरंत भुगतान भी सुनिश्चित किया जाता था। 2014 में सरकार छोड़ते समय गन्ना





मिलों पर किसानों का एक पैसा बकाया नहीं था। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने एलान करते हुए कहा कि अगले साल हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने पर पहली कैबिनेट में ही गन्ने का भाव 450 प्रति क्विंटल हो जाएगा,जो एक बार फिर देश में गन्ने का सर्वाधिक रेट होगा। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार ने वर्ष 2015 में वादा किया था कि 2022 तक किसान की आमदनी दोगुनी कर देंगे। और 2014 में जब हमने सत्ता छोड़ी तब गन्ने का भाव 310 रुपए था, भाजपा सरकार अगर 2022 तक किसान की आमदनी दोगुनी करने का वादा निभाती तो इस हिसाब से गन्ने का दोगुना भाव 620 बनता है। लेकिन 2022 का साल गुजरे भी एक साल से ज्यादा बीत गया है। उन्होंने कहा कि किसानों की आमदनी दोगुनी करने का झूठा वाला करने वाली सरकार में किसान की आमदनी दोगुनी होना तो दूर, किसानों का खर्चा और किसानों पर कर्जा दोगुना हो गया। डीजल-पेट्रोल के दाम दोगुने हो गए, महंगी खाद, कृषि उपकरणों पर टैक्स थोप कर किसानों की कमाई घटाने का काम किया है। जिसके चलते प्रदेश का किसान अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। हुड्डा ने कहा कि मौजूदा सरकार गन्ने का भाव बढ़ाने के नाम पर कभी 5 रुपये, 10 रुपये तो अब चुनावी साल में सिर्फ 14 रुपये बढ़ा कर किसानों के साथ भद्दा मजाक कर रही है। बाजार

**निशाने पर सरकार**

**8 कांग्रेस सरकार के दौरान किसानों से गन्ना खरीद के साथ तुरंत भुगतान भी सुनिश्चित किया जाता था**

में चीनी महंगी बिक रही है जबकि सरकार गन्ना किसान को उसकी मेहनत का वाजिब भाव तक नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि गन्ने का घोषित भाव किसानों के लिए चिंता का विषय है। और इससे शुगर मिलों और चीनी उपभोक्ता का भविष्य भी ठीक नहीं है। आज प्रदेश में वैसे तो किसी भी फसल का लाभकारी मूल्य नहीं मिल रहा है। लेकिन गन्ने की खेती में पिछले कई वर्षों से भंयकर बिमारियां किट-पतंगो के कारण गन्ने की फसल पर किसान की जहां लागत बढ़ी है, वहीं पैदावार पर भी खूब प्रभाव पढ़ रहा है। इसलिए गन्ने के भाव में कम से कम 50 रुपए प्रति क्विंटल बढौतरी जरूरी है। लेकिन सरकार ने 2023-24 के मूल्य में मात्र 14 रुपए की बढौतरी करके किसान को इस बात के लिए मजबूर कर दिया कि वह गन्ने की खेती न करे। क्योंकि लागत मूल्य के अनुरुप गन्ने के घोषित भाव में नुक्सान ही नुक्सान है। हुड्डा ने कहा कि प्रदेश में दर्जन से अधिक शुगर मीलें लगी हुई हैं, जिनमें हजारों आदमी रोजगार पर लगे हुए हैं हजारों करोड़ रुपए का कर्ज सरकार से लेकर मिले लगी हुई हैं, यदि किसान ने गन्ने की बिजाई से मुंह मोड लिया तो शुगर मिलों व सरकार द्वारा लगाए गए एथेनॉल प्लांट का क्या होगा।

किसान हित में सरकार से अपील करते हुए हुड्डा ने कहा कि सरकार को घोषित भाव पर पुनर्विचार करते हुए किसान और शुगर मिलों के हित में 450 रुपए प्रति क्विंटल कर गन्ने का भाव घोषित करना चाहिए।

# फरीदाबादः वायु प्रदूषण पर प्रशासन का एक्शन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

**निगमायुक्त** के आदेश अनुशार शहर के प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए नगर निगम के अधिकारियों की टीमें सख्त कदम उठाते हुऐ रात को भी निगरानी करेगी। वायु प्रदुषण रोकथाम से सम्बन्धित वायु गुणवंता प्रवंधक आयेग द्वारा जारी किये गये दिशानिर्देशों के अनुरूप एक समर्पित अभियान मोड में गतिविधियों को शुरू किया गया है। वायु प्रदुषण को नियंत्रित करने के लिए नगर निगम फरीदाबाद ने 16 पानी के टैंकर (छिडकाव के लिए), 2 ट्रको पर लगे एंटी-स्मॉग गन, 5 विभिन्न स्थानों पर स्थापित एंटी-स्मॉग गन, 2 जेड स्प्रिंकलर द्वारा विभन्न क्षेत्रो में सुवह 06 बजे से शाम को 05 बजे तक लगातार छिडकाव किया जा रहा है। आज निगमायुक्त के आदेश अनुसार सयुक्त आयुक्त द्वारा एंटी स्मॉक गन का निरिक्षण किया गया और सभी को दूरूस्त और कार्यरत पाया। इसके अतिरिक्त कूड़ाकरकट आदि को जलाने से रोकने, निर्माण गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कदम उठाये जा रहे है और जहां तक संभव हो सडकों पर यांत्रिक मशीनो से सफाई सुनिश्चित की जा रही है। अगर किसी ने कहीं कचरा आदि जलाया या निमार्ण समग्री को खुला रखा या निमार्ण कार्य किया तो ऐसे व्यक्तियो पर भारी भरकम जुमार्ना लगाया जायेगा। इसके लिए नगर निगम



**जुर्माना**

**8 112 किए चालान, किया 11 का लाख जुर्माना, 16 टैंकरों से सडकों पर पानी का छिडकाव**

द्वारा 40 टीमो का गठन किया गया है और इन टीमो द्वारा प्रतिदिन दोषियों के चालान किये जा रहे हैं। मंगलवार को 112 चलान किये गये, जिन पर लगभग 11 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया गया। निगमायुक्त ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा करना और वायु गुणवत्ता को बढ़ाना साझी जिम्मेदारी हैं तथा प्रत्येक नागरिक से अनुरोध किया है कि वे कर्तव्यनिष्ठ प्रयास करें और फरीदाबाद को वायु प्रदूषण से मुक्त करने में सहयोग करे।

# गुरुग्राम-फरीदाबाद में बीएस-3 पेट्रोल व बीएस-4 डीजल वाहनों पर रोक

**गुरुग्रामः** प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए गुरुग्राम व फरीदाबाद जिला में बीएस-3 पेट्रोल व बीएस-4 डीजल वाहनों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है। परिवहन आयुक्त हरियाणा ने यह आदेश जारी किए हैं। आदेशों में कहा गया है कि बीएस-3 (पेट्रोल) व बीएस-6 (डीजल) चारपहिया वाहनों पर आगामी 30 नवंबर या ग्रैप की स्टेज-3 हटने तक यह रोक जारी रहेगी।

डीसी निशांत कुमार यादव ने जानकारी देते हुए कहा कि इन आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। गुरुग्राम जिला में सख्ती से आदेशों का पालन किया जाएगा।

# बाढड़ा हल्का में जलापूर्ति करने वाली 3 माइनरों का होगा नवनिर्माण

**टीम एक्शन इंडिया/चरखी दादरी**

**विधायक** नैना सिंह चौटाला के प्रयासों से बाढड़ा हल्के में जलापूर्ति करने वाली 3 महत्वपूर्ण माइनरों के पुनर्निर्माण को प्रदेश सरकार ने मंजूरी प्रदान कर दी हैं। विधायक नैना सिंह चौटाला ने बताया की प्रदेश सरकार ने कादमा माइनर, गोपालवास माइनर और बडराई माइनर के नवनिर्माण के लिए 2 करोड़ 45 लख रुपए की धनराशि भी जारी कर दी है। सिंचाई विभाग द्वारा पुनर्निर्माण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। जल्द ही आवश्यक कार्रवाई पूरी होने पर माइनरों के नवनिर्माण कार्य धरातल पर भी शुरू हो जाएगा। विधायक नैना सिंह चौटाला ने



बताया की रेतीला क्षेत्र होने के कारण बाढड़ा हल्का वासियों की सबसे बड़ी परेशानी पीने व सिंचाई के लिए पानी की कमी हैं। क्योंकि बाढड़ा विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश हिस्सें में भूजल स्तर बहुत गहरा है। ग्रामीणों की समस्या को समझतें हुए सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध करवाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाए। सिंचाई विभाग ने माइनरों के टेल तक पानी पहुंचने के लिए खस्ताहाल मइनरों के पुनर्निर्माण करने की योजना बनाई। विभाग द्वारा तैयार प्रपोजल अनुसार माइनरों के नवनिर्माण के बाद पानी

**विकास कार्य**

**8 गोपालवास माइनर और बडराई माइनर के नवनिर्माण के लिए 2 करोड़ 45 लख रुपए की धनराशि भी जारी कर दी**

का रिसाव बंद हो जाएगा। जिससे रिसाव के कारण होने वाली पानी की बबादी बंद हो जाएगी और किसानों को प्रयाप्त पानी मिलेगा। विधायक नैना सिंह चौटाला ने बताया कि सिंचाई विभाग ने तीनों माइनरों के पुनर्निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिए हैं। जल्दी टेंडर प्रक्रिया पूरी होने पर के बाद धरातल पर माइनरों के नये निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा।

# छोटे भाई ने की भाई की हत्या, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**

**कलानौर थाना के** अंतर्गत गांव सुंडाना में छोटे भाई ने अपने बडे भाई की परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर लाठी डंडों से पीट पीटकर हत्या कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि पानी की सप्लाई को लेकर दोनों भाईयों में विवाद हुआ था। इसी के चलते छोटे भाई ने बडे भाई की हत्या की है। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गांव सुढ़ाना निवासी रामफल गली में



पानी की लाइन जोड रहा था, इसी दौरान उसका भाई सत्यवान वहां आया और रामफल को लाइन जोडने से मना कर दिया, जिस पर रामफल व सत्यवान के बीच विवाद शुरू हो गया। झगडे का शोर सुनकर सत्यवान का दीपक, उसकी पत्नी रेखा लाठी डंडा लेकर आए और रामफल पर हमला बोल दिया। तीनों ने पीट पीटकर रामफल को अधमरा कर दिया और मौके से फरार हो गए। झगडे का पता चलने पर सत्यवान का बेटा कर्मबीर व परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे और सत्यवान को तुंरत अस्पताल

**जांच जारी**

**8 पानी सप्लाई को लेकर चल रहा था विवाद, लाठी-डंडों से पीट कर दिया वारदात को अंजाम**

पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी बीच सूचना मिलने पर पुलिस पीजीआई पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया है। बाद में डीएसपी व एफएसएल की टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और इस बारे में परिजनों से पता किया।

# गुरुग्रामः निर्माणाधीन अंडरपास में ब्लास्ट, दीवारों में आई दरारें



**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

**धनवापुर** गांव के पास बन रहे अंडरपास में सोमवार देर रात ब्लॉस्ट हो गया। धमका इतना जबरदस्त था कि आस पास के मकानों की दीवारों में दरारें आ गई और मकानों के शीशे टूट गए। देर रात हुए धमाका की आवाज सो रहे लोगों में दहशत फैल गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही राजेंद्र पार्क थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। मंगलवार को भी छानबीन की जाती रही। जानकारी के अनुसार धनवापुर रेलवे लाइन के पास बन रहे अंडरपास पास का निर्माण कार्य चल रहा है। बताया जा रहा है कि सोमवार देर रात अंडरपास में ब्लॉस्ट हुआ है। ब्लॉस्ट की भयानकता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अंडरपास में लग रहे सरिये दूर-दूर तक बिखर गए, बिजली के मीटर टूट कर गिर गए दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें आ गई। ब्लॉस्ट की यह घटना देर रात लगभग ढाई बजे

**जांच जारी**

**8 फिलहाल पुलिस जांच कर रही है, जांच के बाद ही ब्लॉस्ट के कारणों का खुलासा हो सकता है**

की है। यहां लगे सीसीटीवी में पूरी घटना कैद हो गई। राजेंद्र पार्क थाना पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। एसएचओ के मुताबिक सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी और जांच शुरू कर दी है। गनीमत यह रही कि इस ब्लास्ट की चपेट में आने से कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ और ना ही किसी के जान-मान की हानि हुई। आस पास के लोगों का कहना है कि धमाका होने से एक बार तो ऐसा लगा कि कोई बड़ा भूकंप आया है, जिससे लोगों में दहशत फैल गई। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है, जांच के बाद ही ब्लॉस्ट के कारणों का खुलासा हो सकता है।

# जींद: पुलिस में सब इंसपेक्टर लगवाने की बात कहकर साढ़े 17 लाख ठगे

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने पुलिस में सब इंस्पेक्टर लगवाने को झांसा दे 17.67 लाख रुपये हडप लिए। पुलिस ने मंगलवार को एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव हाडवा निवासी सतबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका संर्पक वर्ष 2022 में गांव टैटाना निवासी रविंद्र से हुआ। जिसने बताया कि उसकी बड़े लोगों से अच्छी जान पहचान है। जिसके झांसे में आकर उसके बेटे ने पुलिस मे सब इंस्पेक्टर लगवाने की बात कही। जिसकी एवज में रविंद्र ने 35 लाख रुपये की डिमांड की गई।

# बढ़ते प्रदूषण को लेकर प्राइमरी तक की कक्षाओं में पढने वाले बच्चों की छुट्टी

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए जिला प्रशासन ने प्राइमरी स्कूलों की आगामी आदेशों तक छुट्टियां कर दी हैं। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने अपने आदेशों में स्पष्ट किया है कि पहले से पांचवी कक्षा तक की छुट्टी आगामी आदेशों तक जारी रहेंगी। इससे पहले झज्जर, गुरूग्राम, बहादुरगढ़ आदि में प्रदूषण की वजह से प्राइमरी स्कूलों के बच्चों की छुट्टियां कर दी गई थी।

इस समय जींद का प्रदूषण स्तर (एक्यूआई) 443 रहा। जोकि बेहद गंभीर स्थिति में माना जाता है और स्वस्थ लोगों को भी प्रभावित करता है। इसके अलावा सांस की बीमारियों वाले लोगों को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। इससे हर व्यक्ति को बीमार पड? का डर सता रहा है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण




के अध्यक्ष एवं डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने प्रदूषण से बच्चों के बचाव के लिए इस संदर्भ में आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशों में प्री स्कूल, प्री प्राइमरी व प्राइमरी कक्षाओं में पढ? वाले विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित न हो इसके लिए स्कूल प्रबंधकों को ऑनलाइन पढ़ाई जारी रखने के आदेश दिए गए हैं। डीसी ने बताया कि एयर क्वालिटी इंडेक्स में लगातार बढ़ोत्तरी होने से ग्रैप के स्टेज 4 की स्थिति आ गई है। अत्यंत गंभीर श्रेणी की स्थिति बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव का अंदेशा बना हुआ है। ऐसे में प्राइमरी स्कूलों में पढ़ाई ऑफलाइन की बजाए अब ऑनलाइन करने का निर्णय लिया गया हैं।

**बैठक**

**8 सबसे बड़ा खतरा छोटे-छोटे बच्चों को बढ़ गया जो जल्द बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। मंगलवार को जिले का औसत एक्यूआई 443 रहा**

यह आदेश जिला के सभी निजी व सरकारी शिक्षण संस्थाओं में सात नवंबर से लागू होंगे, जोकि आगामी आदेशों तक प्रभावी रहेंगे। इस समय सबसे बड़ा खतरा छोटे-छोटे बच्चों को बढ़ गया जो जल्द बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। मंगलवार को जिले का औसत एक्यूआई 443 रहा और पूरा दिन लोगों को जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर होना पड़ा।

# सहायता प्राप्त होगीः हरियाणा में सभी हेल्पलाइन मर्ज, अब सिर्फ 112 पर मिलेगी सुविधाः ए के चावला

**टीम एक्शन इंडिया/पंचकूला**

हरियाणा के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ए के चावला ने कहा कि प्रदेश के लोगों को अब हरियाणा एक, आपातकालीन नम्बर एक पर सभी प्रकार की सहायता प्राप्त होगी। इसके लिए हरियाणा पुलिस ने एक दर्जन से अधिक सुविधाओं को एक ही डायल 112 पर संकलित किया है। इससे राज्य का कोई भी व्यक्ति इन सेवाओं का लाभ एकमात्र 112 पर डायल करके प्राप्त कर सकता है। श्री चावला ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल और गृहमंत्री अनिल विज के निर्देश और पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के मार्गदर्शन में हरियाणा पुलिस ने यह अभूतपूर्व कार्य किया है। इसके तहत सभी प्रकार की हेल्पलाइन को 112 से जोड दिया गया है ताकि किसी भी व्यक्ति को भिन्न-भिन्न शिकायतों के लिए अलग-अलग नम्बरों पर शिकायत न करना पडे। इसके साथ ही डायल 112 पर प्राप्त होने वाली शिकायतों से मात्र 8 मिनट 8 सेकंड में ही शिकायतकर्ता को सहायता पहुंचाने का कीर्तिमान स्थापित किया है। इसमें डायल 112 गाडियां की 628 गाड़ियां तथा 33 महिला पुलिस के वाहनों को शामिल किया गया है।

**डायल 112 से जोडी गई सेवाएंः** चावला ने बताया कि इन सेवाओं में पुलिस सहायता नम्बर 112 व 100, महिला सुरक्षा के लिए प्रयोग किया जाने वाला नम्बर 1091, यातायात की 1073, मूक व बधिर की हेल्पलाइन, साइबर अपराध का 1930, दुर्गा शक्ति ऐप, डी एस आर ए एफ एवं थानों से संबंधित सीसीटीएनएस के नम्बर, फायर ब्रिगेड का 101, एनएचएआई का 1033, आपदा संबंधित 1070 एवं 1077, उपचार हेतू एम्बुलेंस तथा महिला एवं बाल सुरक्षा के लिए प्रयोग किए जाने वाली हेल्पलाइन 181 और 1098 को अब डायल 112 से जोड दिया गया है। राज्य का कोई भी व्यक्ति अब 112 पर डायल कर उक्त सभी प्रकार की सहायता प्राप्त कर सकता है।



**सुरक्षित महिला यात्राः** चावला ने बताया कि हरियाणा पुलिस दिवाली के अवसर पर 12 नवम्बर से सुरक्षित महिला यात्रा को राज्यभर में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू कर रही है। इसकी सफलता के पश्चात इसे एक दिसम्बर से नियमित तौर पर प्रदेशभर में आरम्भ कर दिया जाएगा। इसके तहत यदि कोई भी महिला दिन या रात्रि में अपनी यात्रा के दौरान पुलिस सुरक्षा चाहती है तो उन्हें 112 पर स्वयं को पंजीकृत करवाकर औपचारिकता पूरी करनी होगी। इसके पश्चात पुलिस उसके गन्तव्य पर पहुंचने तक प्रत्येक 15 मिनट से 30 मिनट की अवधि में लडकी की कुशलता का पता लगाएगी। इस अवधि में पुलिस द्वारा महिला को किसी भी प्रकार की आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। अभी यह सुविधा हरियाणा, दिल्ली तथा चंडीगढ़ के लिए आरम्भ की जाएगी।

**महिला सुरक्षा हेतु व्हाट्सएप नम्बर जारीः** स्थानीय स्तर पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए हरियाणा पुलिस ने दो व्हाट्सएप नम्बर जारी किए हैं। यदि महिला को किसी मार्केट, बस अड्डा, भीड वाले क्षेत्रों, चौराहों, स्कूल, कॉलेजों सहित किसी भी स्थान पर चलते हुए असुरक्षित समझती तो वह उस स्थान की फोटो और वीडियो बनाकर 7988901091 तथा 8264591192 पर लोड कर सकती है। इससे पुलिस नियंत्रण कक्ष सक्रिय हो जाएगा और बदमाशों की लोकेशन पर निगरानी आरम्भ कर देगी। इन नम्बरों पर महिला अपना कोई मैसेज भी भेजकर स्थिति से अवगत करवा सकेगी।

**फायर सुरक्षा एवं एम्बुलेंस सुविधाः** फायर की सुविधा के लिए 333 गाड़ियों तथा एम्बुलेंस की 139 गाड़ियों को जोडा गया है। इन गाड़ियों को सड़कों पर चलने वालों की सहायता के लिए खड़ा किया जाएगा। इसके साथ ही दिवाली के त्यौहार की सुरक्षा के लिए प्रदेशभर में संदिग्ध स्थानों पर 200 फायर गाड़ियों को लगाया जाएगा ताकि किसी स्थिति में आग पर तुरन्त काबू पाया जा सके। एसपी राजेश कालिया ने बताया कि इसके लिए हॉट स्पॉट एरिया चिह्नित किए हैं। दिवाली के दौरान मेला, अधिक आवागमन तथा पटाखों वाले स्थानों पर सायं 4 बजे से 9 बजे तक इन गाड़ियों को खड़ा रखा जाएगा।

**साइबर अपराध पर पुलिस की कडी नजरः** एसपी अमित दहिया ने बताया कि उनके पास डायल 112 पर लगभग एक हजार साइबर अपराध से संबधित शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने बताया कि जनवरी 2023 से अक्तूबर तक पुलिस ने विभिन्न बैंकों की सहायता से 30.84 करोड़ रूपए की राशि की सुरक्षा की है।

## न्यूज फ्लैश

### आरोपी के कब्जे से 2 किलो 640 ग्राम गांजा पत्ती सहित आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**एंटी** नारकोटिक सेल के नेतृत्व में टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी राहुल पुत्र रोहतास वासी चिडाव करनाल को पिंगली मोड करनाल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 2 किलो 640 ग्राम गांजा पत्ती बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना रामनगर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह गंजा पत्ती बिहार से अनजान व्यक्ति से कम मूल्य में खरीद कर लेकर आया था, जिसको इसे ऊंची कीमत पर बेच कर पैसे कमाने थे। आरोपी राहुल को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसका तीन दिन का रिमांड हासिल किया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी और जिस व्यक्ति से आरोपी यह गांजा पत्ती खरीदकर लेकर आया था उसकी भी गिरफ्तारी की जाएगी।

### तंबाकू के कारण प्रत्येक 4 सेकंड में होती है एक मृत्यु : डॉ. अशोक वर्मा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**राष्ट्रीय** कैंसर जागरूकता दिवस के अवसर पर आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घीड़ में एक दिवसीय 154वां और जनता सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 155वां नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम के लिए नियुक्त ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल पर गाँव-गाँव तक लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक कर रहे हैं।
वे आज उपरोक्त दोनों विद्यालयों में पहुंचे और विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करते हुए कहा कि कैंसर की बीमारी भारत में बहुत अधिक गंभीर है। आंकड़ों के अनुसार 2018 में भारत में 0.8 मिलियन मृत्यु केवल कैंसर से हुई है। वर्ष 2020 में कोविड के समय यह आंकड़ा लगभग 1.2 मिलियन के पार चला गया था। उन्होंने बताया कि प्रत्येक 4 सेकंड में एक मृत्यु केवल तंबाकू के कारण होती है।
विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि भारत के संविधान के प्रति निष्ठा रखते हुए उसमें बताये गए कर्तव्यों का भी आभास होना चाहिए। कार्यक्रम में संवाद के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया और प्रश्नोत्तरी में सफल होने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 585 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया।
उन्होंने ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर गुप्त सूचनाएं देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों से शपथ ग्रहण करवाई गई। इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य सुरजीत कौर और जनता स्कूल की प्राचार्य मोनिका उपस्थित थे।

### 9 नवंबर तक नई वोट बनवाने का कार्य निरंतर रहेगा जारी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला** के सभी विधानसभा क्षेत्रों में वोटों के पुनरीक्षण का कार्य 9 नवंबर तक जारी रहेगा। इस कार्य के लिए निर्वाचन विभाग द्वारा सभी गांव में बूथ स्तर पर बीएलओ की ड्यूटी लगाई गई है। वोटों के पुनरीक्षण का कार्य 1 जनवरी 2024 को क्वालीफाईंग तिथि मानकर किया जाएगा। इस संबंध में डीसी अनीश यादव ने जिला के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि जिन युवाओं की अभी तक वोट नहीं बनी है वे 9 नवंबर तक अपनी नई वोट बनवा सकते है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र ने हमारा अपनी वोट का विशेषाधिकार है, इसलिए हम सब ने अपनी वोट अवश्य बनवानी चाहिए।
डीसी ने कहा कि नई वोट बनवाने के साथ-साथ निर्वाचन विभाग द्वारा वोटों के पुनरीक्षण का कार्य भी किया जाएगा। जिसमें हम अपनी पहले से बनी वोट में नाम-पत्ता, आयु, लिंग व फोन नम्बर, आदि को भी ठीक करवा सकते है। उन्होंने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत यह कार्य 27 अक्तूबर 2023 से आरंभ हुआ था तथा 9 नवंबर 2023 तक यह विशेष अभियान चलेगा।
**वोटर हेल्पलाइन एप्प के माध्यम से भी सीधे ऑनलाईन बनवा सकते हैं वोटः** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनीश यादव ने बताया कि युवा अपनी वोट सीधे हेल्पलाइन एप्प के माध्यम से भी बनवा सकते हैं। जिसके लिए युवा भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल वोटरर्सडॉटईएसआईडॉटजीओवीडॉटइन पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त वोटर हेल्पलाइन एप्प के माध्यम से भी सीधा ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है।

### जिला युवा महोत्सव के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर की गई 11 नवंबर-उपायुक्त

**सोनीपतः उपायुक्त** डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग के तत्वावधान में 20-21 नवंबर को दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल में आयोजित युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए किए जा रहे आवेदन की तिथि बढाकर 11 नवंबर की गई है। उन्होंने प्रतिभाशाली युवाओं का आह्वान किया कि वे बढ़-चढकर महोत्सव में हिस्सा लें, जिसके लिए सभी 11 नवम्बर तक अपना आवेदन अवश्य करवाएं। उपायुक्त ने बताया कि 20 व 21 नवंबर को आयोजित होने वाले जिला युवा महोत्सव में युवा समूह नृत्य व लोक गीत, एकल लोक नृत्य एवं गीत, कहानी लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण, फोटोग्राफी, तत्कालीन व्याख्यान आदि विषय पर प्रतियोगिताएं होंगी।
सदस्य सचिव एवं आईटीआई सोनीपत के प्रिंसीपल विक्रम सिंह ने बताया कि जिला युवा महोत्सव 2023 का आयोजन 20 व 21 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। आवेदक की आयु एक जनवरी 2024 को 15 से 29 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

# एक सोने की चेन और एक डायमंड कड़ा बरामद

## नौकर बनकर लाखों की ज्वैलरी चुराने वाली महिला और उसके साथी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सीआईए टू** की टीम ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। टीम ने घर में नौकर बनकर लाखों रुपए की ज्वैलरी चोरी करने वाली महिला और उसके साथियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक सोने की चेन और एक डायमंड का कड़ा बरामद किया गया है।
मुकदमे के संबंध में शिकायतकर्ता रॉयल लथुरा वासी हाउस नंबर 5 सेक्टर 7 करनाल ने शिकायत में बताया कि घर पर नौकरानी की आवश्यकता पडने पर उसने वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन करवाया। फिर वेबसाइट के एजेंट संजीव उर्फ भरत पुत्र साहब रावत निवासी गांव कछुआ जिला मधुबनी बिहार हाल नजदीक श्रीराम चौक मोहन गार्डन उत्तम नगर पश्चिमी दिल्ली की कॉल आई और उसने बताया कि वह एजेंसी से बात कर रहा है। शिकायतकर्ता ने आरोपी संजीव से बात करके डील फाइनल कर ली और अनीता पुत्री श्याम बिहारी निवासी गांव गढ़पुर थाना जवाहर नगर जिला बांदा यूपी हाल गली नंबर 9 रामा पार्क मोहन गार्डन उत्तम नगर पश्चिमी दिल्ली शिकायतकर्ता रॉयल लथुरा के घर पर नौकरानी पद के लिए सभी औपचारिकताएं पूरी करके 16 अक्टूबर को आ गई। नौकरानी अनीता ने काम करना शुरू कर दिया था और 20 अक्टूबर को सुबह के समय नौकरानी अनीता ने मौके का फायदा उठाकर कमरे में रखी अलमारी से डेढ़ लाख रुपये नगदी, चार डायमंड के कड़े, चार सोने के कड़े, दो सोने की चेन, एक मंगलसूत्र व अन्य कीमती सामान चोरी करके फरार हो गई।



अन्य आरोपी विशाल ने अनीता की दिल्ली में उसके आवास तक पहुंचाने में सहायता की। इसके बाद शिकायतकर्ता रॉयल लथुरा वासी मकान नंबर 5 सेक्टर 7, करनाल की शिकायत पर नौकरानी

**बरामद**

**8 रिमांड के दौरान आरोपी अनीता से गहनता से पूछताछ की जाएगी और चोरी की गई अन्य ज्वैलरी और नगदी की बरामदगी की जाएगी**

अनीता के खिलाफ थाना सेक्टर 32-33 में 20 अक्टूबर को मामला दर्ज किया गया था।
पुलिस टीम ने 30 अक्टूबर को आरोपी इभरत उर्फ.संजीव कुमार पुत्र साहब रावत निवासी गांव कछुआ थाना लखनौर जिला मधुबनी बिहार हाल नजदीक श्री राम चौक मोहन गार्डन उत्तम नगर पश्चिमी दिल्लीइ को सेक्टर 28 रोहिणी से गिरफ्तार किया गया था। जिसके कब्जे से एक गोल्ड चैन और एक डायमंड कड़ा बरामद किया गया था। आरोपी को 31 अक्टूबर को न्यायालय में पेश करके 5 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया था। जिसकी निशानदेही पर 6 नवंबर को आरोपी इअनीता पुत्री श्याम बिहारी निवासी गांव गढ़पुर थाना जवाहर नगर जिला बांदा उत्तर प्रदेश हाल गली नंबर 9 रामा पार्क मोहन गार्डन उत्तम नगर पश्चिमी दिल्ली व आरोपी विशाल कोंडपान पुत्र जैरसन निवासी गांव धुनसेरी टी स्टेट मजबट थाना मजबट जिला उदलगुरी असम हाल गली नंबर 9 रामा पार्क मोहन गार्डन उत्तम नगर पश्चिमी दिल्लीइ को उत्तम नगर दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। आरोपी भरत उर्फ.संजीव कुमार और विशाल कोंडपान को पेश न्यायालय करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि आरोपी अनीता को पेश न्यायालय करके तीन दिन का रिमांड हासिल किया गया है।
रिमांड के दौरान आरोपी अनीता से गहनता से पूछताछ की जाएगी और चोरी की गई अन्य ज्वैलरी और नगदी की बरामदगी की जाएगी।

## कार्तिक मास में व्रत रखना अति फलदायी: चेतन देव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**उत्तम** औषधालय के माता रामप्यारी मंदिर प्रांगण में चल रही कार्तिक मास कथा के तीसरे दिन सर्वप्रथम प्रातः 5 बजे हवन यज्ञ किया गया। इस यज्ञ में वैद्य देवेन्द्र बतरा तथा उनकी धर्मपत्नी दर्शना बत्तरा तथा सैंकड़ों श्रद्धालुओं हवन यज्ञ किया व आहुति डाली। इस दौरान हवन कुंड की परिक्रमा की गई और ओम नमो भगवते वासुदेवाय का जाप किया गया। पंडित चेतन देव ने अपने मुखारविंद से कार्तिक कथा का वर्णन कर श्रद्धालुओं को निहाल किया।
उन्होंने कहा कि मनुष्य का जीवन तभी सफल हो सकता है, जब वह दूसरों के काम आता है। दूसरों की सेवा करना उसके सुख दुख में काम आनाए जरूरतमंद की मदद करना सबसे बड़ा धर्म है। जो मनुष्य इस तरह के कर्म करता है। उसके सभी पाप मिट जाते है और भगवान की असीम कृपा होती है। इसके बाद पंडित चेतन देव ने कथा में नारदमुनि ब्रह्मा जी का संवाद सुनाया। उन्होंने बताया कि कार्तिक मास में व्रत रखना अति फलदाय होता है। सुबह उठकर स्नान करना और नित्य नेम से भगवान के समक्ष दीपक जलाने से सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है।

## सीजेएम ने किया माता प्रकाश कौर विकलांग कल्याण केंद्र का दौरा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्य** न्यायिक दंडाधिकारी और जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर कौर ने मंगलवार को जीटी रोड स्थित माता प्रकाश कौर श्रवण विकलांग कल्याण केंद्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विकालंग बच्चों के बीच जल पान एवं खान पान की चीजें वितरित कर दीपावली मिलन कार्यक्रम में खुशियां बांटी। इस उपरांत उन्होंने सभी विकलांग बच्चों से उनके जीवन में असुविधाओं के बारे में भी पुछा, जिस पर सभी बच्चों ने कहा कि यहां हम सब का अच्छे से पालन पोषण हो रहा है।
इस अवसर पर सुश्री जसबीर कौर ने सभी बच्चों को



जागरूक करते हुए कहा कि वे दीपावली के दिन पटाखे ना जलाएं, ताकि बढ़ते हुए प्रदूषण के कारण होने वाली बीमारियों से बचा जा सके। उन्होंने विकालांग बच्चों के साथ-साथ अन्य सभी बच्चों से भी आह्वान करते हुए कहा कि वे दीपावली के त्योहार पर अधिक से अधिक मात्रा में दीप प्रज्वलित कर ही दीपावली मनाएं, ताकि उनके जीवन में प्रकाश की तरह चमत्कार हो और उनके भविष्य में खुशहाली ही खुशहाली रहे। उन्होंने अंत में भी सभी विकलांग बच्चों सहित मौके पर उपस्थित लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं दी।
कार्यक्रम के अंत में गुरजनंत ने अपने धन्यवादी संबोधन में कहा कि भविष्य में भी हर वर्ष विकलांग बच्चों के लिए कोई एक फन शो आयोजित करेंगे, जिससे इन बच्चों के जीवन में जागरूकता की नई उमंग लाई जा सके।

## दीपावली पर सड़क यातायात में नागरिकों को मिलेगी राहत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**दीपावली** के बड़े त्यौहार के चलते शहरवासियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने अभियांत्रिकी शाखा को बीते दिनों निर्देश जारी किए हैं। निर्देश में कहा गया है कि निगम के सभी कनिष्ठद्द अभियंता, सम्बंधित वार्डों में गढ्ढ़ों की मरम्मत, फुटपाथ व कर्ब स्टोन की मरम्मत, सडकों का लेवल दुरूस्त तथा सौंदर्यकरण को बढ़ावा देने के लिए पेंटिंग इत्यादि कार्य करवाएंगे।
निगमायुक्त ने कहा है



कि अभियंता अपने-अपने क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त, टूटे या छूटे हुए बरसाती नालों के कवर व गंदे पानी की निकासी नालों को सकारात्मक रूप से ढकना या बदलना सुनिश्चित करेंगे। इस संबंध में सभी कार्यकारी अभियंता अपने अधिनस्थ वार्डों की रिपोर्ट आगामी शनिवार तक आयुक्त कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करेंगे।

## पांच राज्यों के चुनाव में जीत दर्ज करेगी कांग्रेस: बलराम

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी के विचार विभाग के राष्ट्रीय संयोजक डा. बलराम ने कहा कि देश के पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में जीत दर्ज कर इन सभी राज्यों में सरकार बनाएगी। कांग्रेस पार्टी तेलंगाना, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और मिजोरम में जीत हासिल करने जा रही है।
उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के लिए काम करती है। राजस्थान में बेहतरीन स्वास्थ्य सेवा नीति है। कर्नाटक एक अतुलनीय सामाजिक सुरक्षा जाल प्रदान करता है।

## गंदगी फैलाने वाले 11 दुकानदारों को सफाई टीम ने दी चॉकलेट



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**निगमायुक्त** अभिषेक मीणा के निर्देश पर शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए नगर निगम लगातार काम कर रहा है। इसके लिए निगम की टीम शहरवासियों, विशेषकर वाणिज्यिक क्षेत्रों में दुकानदारों को जागरूक करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। इसी कड़ी में सोमवार को शहर के जोन नम्बर 4 के कुंजपुरा रोड मार्किट के 11 दुकानदारों को, अपने परिसर के आगे कूड़ा फैलाने के चलते गांधीगिरी के तहत उन्हें चॉकलेट देकर जागरूक किया गया। यह जानकारी उप निगमायुक्त अरूण भार्गव ने दी। उप निगमायुक्त ने बताया कि जोन 4 में मार्किट एरिया का पिछले कुछ दिनो से निरंतर सर्वे किया जा रहा था, जिसके तहत दुकानदारों द्वारा अपने परिसर के आगे साफ-सफाई रखी जा रही है या नहीं, को देखा गया। सर्वे में 11 दुकानें चिन्हित की गई, जिन्हें त्यौहारी सीजन के चलते चॉकलेट देते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि त्यौहारी सीजन के चलते नगर निगम शहर को स्वच्छ व साफ-सुंदर बनाए रखने के लिए कृत संकल्प है। इसके लिए सफाई कर्मियों को मार्किट क्षेत्रों की विशेष तौर पर साफ-सफाई करने को कहा गया है। उन्होंने सभी दुकानदारों से पुनः अपील की है कि वह दुकानों से निकलने वाला कूड़ा-कर्कट अपने डस्टबिन में रखें और उसे कूड़ा एकत्रित करने वाले वाहनों में ही डालें। उन्हें इस बारे भी जागरूक किया गया कि मार्किट क्षेत्र में जो लिटर बिन रखे गए हैं, वह केवल ग्राहकों व राहगिरों के लिए हैं, ताकि वह अपना कूड़ा इधर-उधर गिराने के बजाए इनमें डाल सकें।
सिंगल यूज प्लास्टिक के किए 4 चालान- उप निगमायुक्त ने बताया कि सफाई निरीक्षक मनदीप सिंह के नेतृत्व में गई टीम ने बाजारों में सिंगल यूज प्लास्टिक को भी चैक किया।

## राजकीय महाविद्यालय में महिला एवं यौन उत्पीड़न पर हुई संगोष्ठी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**पंडित चिरंजीलाल** शर्मा राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ एवं यौन उत्पीड? रोधक कमेटी द्वारा एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता शांता रंगा ने मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित छात्राओं को संबोधित किया।
उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति विस्तार रूप से जानकारी रखते हुए हमेशा जागरूक रहना चाहिए। इसके साथ-साथ उनका प्रयोग भी उचित तरीके से करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए ये अधिकार पुरूषों के अधिकारों के हनन के लिए बल्कि स्वयं के




अधिकारों की रक्षा हेतू बनाए गए है। इस दौरान उन्होंने यौन उत्पीड?, घरेलु हिंसा आदि विषयों पर भी मुख्य रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं से अपील करते कहा कि वे अपने अधिकारों के बारे में अपने आस-पास की महिलाओं को भी अवश्य जागरूक करने का काम करें।
इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग में मास कॉम की प्रथम वर्ष की छात्रा जन्नत ने प्रथम, एम.कॉम प्रथम वर्ष की छात्रा चाँद कौर ने द्वितीय और बीकॉम द्वितीय वर्ष के सुमित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
नारा लेखन प्रतियोगिता में एम.कॉम फाइनल की छात्रा काजल ने प्रथम, एमकॉम प्रथम वर्ष की तान्या ने दूसरा एवं बीकॉम द्वितीय वर्ष की लाक्षी ने तृतीय स्थान हासिल किया।
इस संगोष्ठी कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ.सुनीता चोपड़ा, प्राचार्या डॉ.रेखा त्यागी, यौन उत्पीडन कमेटी की प्रभारी कमलेश रानी सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने मुख्य रूप से भाग लिया।

## स्वस्थ रहने के लिए योग को अपने दिनचर्या में शामिल करें: शमशेर नैन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**अर्जुन** गेट स्थित सेवा समिति आश्रम में पतंजलि योग समिति करनाल एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट करनाल के अध्यक्ष सोम अरोड़ा के दिशा निर्देश में चलाई जा रही दिव्य योग कक्षा में साधकों को विभिन्न आसनों का अभ्यास करवाया।
शमशेर सिंह नैन ने कहा कि योग से स्वास्थ्य में प्रभावकारी लाभ प्राप्त होता है। सभी नागरिकों को अपने जीवन में योग को आत्मसात करना चाहिए। हर व्यक्ति को सुबह सूर्य उदय होने के पहले या शाम को सूर्यास्त होने



के बाद समय निकाल कर योग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए योग को अपने दिनचर्या में शामिल करते हुए नियमित रूप से योगाभ्यास करना चाहिए।
उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से योग का विशेष महत्व रहा है। पशु-पक्षी में अपने योग क्रियाओं से स्वस्थ्य रहते है। हम सभी को स्वस्थ्य तन और मन के लिए नियमित रूप से योग करना चाहिए। अनू शर्मा ने बताया कि उन्होंने पिछले 15 दिन में करीब 6 किलो वजन कम किया है। यह केवल योग से ही संभव हो पाया है। यही नहीं काफी समय से उन्हें शर्टिंगा का दर्द भी रहता था जिससे अब छुटकारा मिल चुका है। वहीं भानु प्रिया ने भी दो महीने के भीतर 15 किलो वजन कम किया है। उन्होंने सभी को अपने दिनचर्या में योग को शामिल करने का संदेश दिया।

## आयुक्त ने सफाई शाखा व पालिका सचिवों के साथ की मीटिंग

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**नगर निगम** आयुक्त अभिषेक मीणा ने मंगलवार को सफाई शाखा के साथ मीटिंग कर डोर टू डोर कूड़ा उठान, परिवहन और उसका निस्तारण, ठोस अपशिष्टद्द प्रबंधन संयंत्र, शहर की साफ-सफाई तथा चालान इत्यादि विषयों को लेकर उनकी समीक्षा की और सम्बंधित अधिकारियों से रिपोर्ट ली। मीटिंग में उप निगमायुक्त अरूण भार्गव, नगर पालिका सचिव, सफाई शाखा के अधिकारी, स्वतंत्र विशेषज्ञ टीम तथा सुगम स्वच्छता एजेंसी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।
मीटिंग में सही से डाटा पेश न करने पर निगमायुक्त, सुगम



स्वच्छता एजेंसी व स्वतंत्र विशेषज्ञ टीम पर सख्त हुए और निर्देश दिए कि आगामी मीटिंग में पूर्ण डाटा के साथ आए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र विशेषज्ञ टीम, एजेंसी द्वारा किए जा रहे कार्यों का गहन विशख्ेाण करे, ताकि कोई कमी पाए जाने पर उसमें सुधार लाया जा सके। सम्बंधित कार्य में किस प्रकार सुधार लाया जा सकता है, उससे जुड़े बिन्दू भी रिपोर्ट में लिखें। उन्होंने कहा कि उचित रिकॉर्ड के साथ रिपोर्ट आनी चाहिए। उन्होंने सुगम स्वच्छता एजेंसी को भी निर्देश दिए कि विशेषज्ञ टीम द्वारा जो भी डाटा मांगा जाए, उसे समय पर पेश करें।
बता दें कि कूड़े-कचरे के उचित निस्तारण की क्षमता निर्माण के लिए नगर निगम ने एक निजी एजेंसी के माध्यम से स्वतंत्र विशेषज्ञों की नियुक्ति की है। निगमायुक्त ने इंडीपेंडेंट एक्सपर्ट को निर्देश दिए कि वे प्रतिदिन शहर से निकलने वाले कूड़े-कचरे की कॉलैक्शन और प्रोसेसिंग के कार्य की निगरानी करें। प्लांट पर कचरे की प्रोसेसिंग को लेकर क्षमता निर्माण के कार्य को ओर अधिक कैसे बढ़ाया जा सकता है, इसके लिए काम करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्लांट में प्रतिदिन कितना कचरा आ रहा है, कितने की प्रोसेसिंग हो रही है, उसकी जानकारी एकत्र की जाए। इसकी विस्तृत मासिक रिपोर्ट बनाकर प्रस्तुत करें।
निगमायुक्त ने सुगम स्वच्छता एजेंसी के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि शेखपुरा स्थित ठोस अपशिष्टद्द प्रबंधन संयंत्र में कूड़े का निस्तारण कार्य ओर तेजी से करवाया जाए। उन्होंने कहा कि वाहन, मशीनरी या कर्मी बढ़ाए जाने की आवश्यकता है, तो उसे भी बढ़ाएं। घरों से रोजाना कूड़ा उठान सुनिश्चित होना चाहिए। नगर पालिका क्षेत्रों से निरंतर कूड़ा ट्रांसफर होता रहे, इसमें कोताही नहीं होनी चाहिएं। एजेंसी प्रतिनिधि ने बताया कि डोर टू डोर कूड़ा उठान कार्य को सुचारू बनाए रखने के लिए 10 नए टिप्पर वाहन ऑर्डर किए जा चुके हैं, जो जल्द आ जाएंगे। निगम अधिकारियों व नगर पालिका सचिवों को भी निर्देश दिए कि वह एजेंसी द्वारा किए जा रहे कार्यों की स्वयं भी निगरानी करें।

## संपादकीय

# महादेव एप के मुद्दे पर सियासी घमासान

**वैश्विक** स्तरपर लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले देशों को चूंकि ग्राम सेवक से लेकर पंचायत समिति और विधान सभा से लेकर संसद तक सीधे जनता चुनती है इसलिए इस सार्वजनिक जीवन वाले पदों के लिए प्रत्याशी को साफ सुथरा होना अति आवश्यक है, इसलिए ही पक्ष विपक्ष दोनों स्तरपर अपने प्रतियोगी के भूतपूर्व, वर्तमान जीवन के हर पहलू को गहराई से जांचते परखते हैं या किसी भी अवैध विवादापस्थ मामले में उसकी थोड़ी सी भी सलंग्नता नजर आई तो तिल का लाल और राय का पहाड़ बनाने में जरा सा भी नहीं चूकते और मुद्दे को लपक लेते हैं ऐसा अमेरिका भारतसहित अनेकों देशों में देखने को मिलता है। अमेरिकी राष्ट्रपति उसके बेटों पूर्व राष्ट्रपति उसके परिवार सहित अनेक मुद्दे अंतरराष्ट्रीय स्तरपर गूंजे हैं। वर्तमान समय में ऐसा ही एक मामला एक राज्य के तथाकथित महादेव अप के मुद्दे पर चुनावी समर के बीच महादेव ऐप के मुद्दे पर सियासी घमासान मचा हुआ है। जहां विपक्षी पार्टी इसे चुनावी मुद्दा बताते हुए राज्य के सीएम को घेर रही है, तो वहीं, सीएम अपने ऊपर लगे आरोपों को बेबुनियाद बता रहे हैं। यहां तक कि पीएम जब शनिवार को चुनाव प्रचार करने पहुंचे तो उन्होंने घेरते हुए कहा कि सरकार ने जनता का भरोसा तोड़ा है। इन्होंने तो महादेव के नाम को भी नहीं छोड़ा। दरअसल, महादेव बुक ऐप ईडी की रडार पर है। ऐप सट्टेबाजी के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराता है। इसके प्रमोटर रायपुर के रहने वाले हैं, और दोनों के दुबई में होने की आशंका है। दोनों वहीं, से ऐप को चलाते हैं,इसे भारत में बैन कर दिया गया है। ईडी एजेंसी ने कुछ महीनों पहले एक असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया था। असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर के कथित तौर पर सीएम के राजनीतिक सलाहकार के साथ संबंध की आशंका है कि अपनी अवैध गतिविधियों को नजर अंदाज करने के लिए कानून प्रवर्तन अधिकारियों, राजनेताओं और अन्य लोगों को रिश्वत में सैकड़ों करोड़ हरे गुलाबी के भ्रष्टाचार की बहू आ रही है ऐसा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और टीवी चैनलों पर बताया जा रहा है। मामले को ईडी ने हाथ में ले लिया है और इसके तार दुबई तक पहुंच गए हैं जिसे रेखांकित करना जरूरी है। मेरा मानना है कि अभी हाल ही में जीएसटी काउंसिल की 51वी बैठक में ऑनलाइन गेमिंग घुड़दौड़, क्लबों में दम पर 28 प्रतिशत जीएसटी और फिर उसको भारत सरकार की कैबिनेट ने मंजूरी दी है इसलिए हालांकि अवैध धंधों को जीएसटी वैध नहीं बनता फिर भी बैकडोर से तो आखिर समर्थन मिल ही जाता है, इसलिए जनहित और इसकी सहलग्नता से युवाओं के बढ़ते आत्महत्या मामलों को देखते हुए अब इस तरह की गेमिंग और एप्स को पूरी तरह से बैन किया जाना समय की मांग है। चूंकि अभी सिर्फ 22 एपो पर बैन लगाई गई है जबकि इसके पहले भी 100 से अधिक पर बैन लगा है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कि भारत में युवाओं को विभिन्न अवैध सट्टेबाजी कारोबार, गेमिंग, जुआ से बचाने जीएसटी रूपी स्पीड ब्रेकर से कहीं अधिक इनको अवैध घोषित करना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम एक राज्य में ठीक चुनावी समर में एप पर बवंडर की करें तो, चुनाव से ठीक पहले सियासी बंवडर खड़ा हो गया है।

# कल्याणकारी योजना की फ्रीबीज से तुलना ठीक नहीं

राजेश माहेश्वरी

"इस हिसाब से देखा जाए तो योजना के विस्तार के लिए सरकार को 10 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ेगा। पिछले साल अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ की एक स्टडी रिपोर्ट में कहा गया था कि कोरोना वायरस महामारी के दौरान भारत सरकार की प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना काफी हद तक गरीबी को रोकने में कामयाब रही। रिपोर्ट के अनुसार इस योजना के कारण महामारी के दौरान भी देश में अत्यंत गरीबों की संख्या में वृद्धि नहीं हुई। इससे पहले हुए कुछ अध्ययनों में महामारी के कारण भारत में अत्यंत गरीबी बढ़ने की आशंका व्यक्त की गई थी। इस मायने में योजना को पूरी तरह सफल कहा जा सकता है कि कोरोना महामारी की पहली, दूसरी और तीसरी लहरों के दौरान भी देश के किसी हिस्से में भुखमरी के हालात बनने की खबरें नहीं आईं"



**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने पिछले दिनों छत्तीसगढ़ की एक जनसभा से गरीब कल्याण अन्न योजना को 5 साल और बढ़ाने की घोषणा की। इस घोषणा के साथ ही केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आलोचकों तथा विपक्ष के निशाने पर आ गए। विपक्ष के साथ सरकार के आलोचकों ने यह कहना शुरू कर दिया कि पीएम मोदी ने यह फैसला विधानसभा चुनाव को देखते हुए लिया है। वहीं विपक्ष की तरफ से यह भी कहा जाने लगा कि जब विपक्ष लोगों के हित में फ्री की बात करती है तो बीजेपी के साथ पीएम मोदी भी इसकी आलोचना करते हैं, जबकि इसी फ्री की बात जब पीएम करते हैं तो इसे कल्याणकारी योजना का नाम दिया जाता है। असल में बात यह है कि विपक्ष और आलोचक फ्रीबीज और कल्याणकारी योजना का फर्क समझने की बचाए दोनों को एक ही पलड़े में तोल रहे हैं। भारत समेत दुनिया के तमाम देशों में जब कोरोनावायरस महामारी चरम पर थी। तो लोगों की जान बचाने के लिए केंद्र सरकार को मजबूरी में देशभर में लॉकडाउन लगाना पड़ा। इस कारण लोगों की नौकरियां जाने लगी, लोगों के सामने दो वक्त की रोटी का संकट आन पड़ा। गरीबों के सामने खाने-पीने का संकट खड़ा हो गया था। देश संकट के हालत में था। उस वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों के दर्द को समझा। पीएम मोदी ने इस विकट परिस्थिति में भी ठाना कि लोगों को भूखे पेट ना सोना पड़े। उसके बाद पीएम मोदी की पहल पर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की शुरूआत की गई। इस योजना के तहत केंद्र सरकार गरीबों को हर महीने 5 किलो मुफ्त अनाज देती है। ये जन वितरण के तहत आने वाले परिवारों को राष्ट्रीय सुरक्षा खाद्य नियम के तहत दिए जाने वाले सस्ते राशन के अतिरिक्त है। इस योजना की शुरूआत 30 जून 2020 को की गई थी. गरीबों को लगातार राहत मिले इसको देखते हुए इस योजना को लगातार बढ़ाया गया है। केंद्र सरकार के मुताबिक, गरीब कल्याण योजना का लाभ देश के 80 करोड़ बीपीएल कार्ड धारक परिवारों को मिलता है। इस योजना को अब सरकार ने 5 साल आगे बढ़ाने का ऐलान किया है। सरकार एक साल तक सभी लाभार्थी परिवारों को मुफ्त राशन मुहैया कराने के लिए 2 लाख करोड़ रुपये का खर्च उठाती है। इस हिसाब से देखा जाए तो योजना के विस्तार के लिए सरकार को 10 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ेगा। पिछले साल अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ की एक स्टडी रिपोर्ट में कहा गया था कि कोरोना वायरस महामारी के दौरान भारत सरकार की प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना काफी हद तक गरीबी को रोकने में कामयाब रही। रिपोर्ट के अनुसार इस योजना के कारण महामारी के दौरान भी देश में अत्यंत गरीबों की संख्या में वृद्धि नहीं हुई। इससे पहले हुए कुछ अध्ययनों में महामारी के कारण भारत में अत्यंत गरीबी बढ़ने की आशंका व्यक्त की गई थी। इस मायने में योजना को पूरी तरह सफल कहा जा सकता है कि कोरोना महामारी की पहली, दूसरी और तीसरी लहरों के दौरान भी देश के किसी हिस्से में भुखमरी के हालात बनने की खबरें नहीं आईं। संयोग है अथवा राजनीति है कि जब भी मुफ्त अनाज बांटने की अवधि बढ़ाई गई, तब कोई न कोई चुनाव सामने होता था। दरअसल इसी साल जनवरी, 2023 में मुफ्त अनाज की अवधि बढ़ाई गई, क्योंकि मई में कर्नाटक विधानसभा चुनाव थे। दिसंबर, 2021 में अवधि बढ़ाई गई, क्योंकि फरवरी, 2022 से पंजाब, उप्र, उत्तराखंड, गोवा, मणिपुर में विधानसभा चुनाव होने थे। पंजाब छोड़ कर भाजपा शेष सभी राज्यों में विजयी हुई और सरकारें बनाईं। नवम्बर, 2020 में मुफ्त अनाज बांटने की अवधि जून, 2021 तक की गई थी, क्योंकि मार्च-अप्रैल, 2021 में बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु, पुड्डुचेरी में चुनाव थे। भाजपा बंगाल, केरल, तमिलनाडु सरीखे बड़े राज्यों में पराजित हुई। हर चुनाव से पहले इस योजना की घोषणा करना क्या ह्यआचार संहिता का उल्लंघनह्ण नहीं है? चूंकि योजना 2020 से निरंतर जारी है, लिहाजा प्रधानमंत्री किसी भी मौके पर समय-सीमा में बढ़ोतरी की घोषणा करने को स्वतंत्र हैं? दरअसल राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून में अनाज मुहैया कराने के कई प्रावधान हैं। मकसद है कि कोई भी नागरिक भूखा न सोने पाए। इसका भी एक ईमानदार सर्वेक्षण किया जाना चाहिए। गरीबी-रेखा के नीचे वाले वर्ग को हर महीने 5 किलो अनाज प्रति पारिवारिक सदस्य सबसिडी दरों पर आवंटित किया जाता है। उसके अतिरिक्त यह 5 किलो मुफ्त अनाज माहवार मुहैया कराया जाता है। इसमें गेहूं, चावल, एक किलो दाल या चना, नमक आदि होता है। सरकार के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारी प्रधानमंत्री मोदी को अर्थव्यवस्था के प्रति आगाह कर चुके हैं। उसके बावजूद इस बार पूरे 5 साल के लिए मुफ्त अनाज की अवधि बढ़ा दी गई है। इससे प्रति वर्ष 2 लाख करोड़ रुपए की अतिरिक्त सबसिडी का बोझ बढ़ेगा। प्रधानमंत्री गरीबों के कल्याण और हर पेट को खाने की तुलना में सबसिडी को क्षुद्र मानते हैं। यह खर्च आगामी वित्त वर्ष के बजट में जोड़ा जाएगा। भारत में मुफ्त की रेवड़ी यानी फ्रीबीज की शुरूआत तमिलनाडु से मानी जाती है। 2006 में तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव होने थे. तब डीएमके ने सरकार बनने पर सभी परिवारों को फ्री कलर टीवी देने का वादा कर दिया। पार्टी ने तर्क दिया कि हर घर में टीवी होने से महिलाएं साक्षर होंगी। डीएमके के इस चुनावी वादे को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। हालांकि, डीएमके जीत गई। वादा पूरा करने के लिए 750 करोड़ रुपये का बजट लगाया गया। मामला सुप्रीम कोर्ट में चल ही रहा था कि 2011 के विधानसभा चुनाव आए. विपक्षी अन्नाद्रमुक ने टीवी के जवाब में मिक्सर ग्राइंडर, इलेक्ट्रिक फैन, लैपटॉप, कम्प्यूटर, सोने की थाली आदि बांटने का वादा भी कर दिया। शादी होने पर महिलाओं को 50 हजार रुपये और राशन कार्ड धारकों को 20 किलो मुफ्त चावल देने का वादा भी किया। नतीजे आए तो अन्नाद्रमुक की सरकार बन गई। 2006 के चुनावी वादे पर जुलाई 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया. सुप्रीम कोर्ट ने कहा, ह्यफ्रीबीज सभी लोगों को प्रभावित करती है, जो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की जड़ को काफी हद तक हिला देती हैं।ह्ण सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को भी आदेश दिया कि वो सभी राजनीतिक पार्टियों से सलाह-मशविरा कर एक आचार संहिता बनाए. इसके बाद 2015 में चुनाव आयोग ने राजनीतिक पार्टियों और उम्मीदवारों के लिए आचार संहिता जारी भी की, लेकिन उसके बावजूद चुनावों में फ्रीबीज का ऐलान होता ही रहा है। यह ऐसा मुद्दा है, जिस पर विपक्ष और बौद्धिक वर्ग सवाल तो करते हैं, लेकिन जमकर विरोध नहीं कर पाते, क्योंकि यह 80 करोड़ से अधिक नागरिकों की भूख और खाद्यान्न से जुड़ा मुद्दा है। हां एक बात जरूर है कि इससे गरीबी-उन्मूलन के दावों के विरोधाभास भी उभर कर सामने आते हैं। दरअसल जो महिलाएं और पुरुष मुफ्त अनाज लेने जाते हैं, वे सभी बहुत गरीब हैं, ऐसा नहीं है।

इसलिए मोदी सरकार को प्राथमिकता के आधार पर गरीबी पर व्यापक सर्वेक्षण कराना चाहिए। विपक्ष को सरकार की आलोचना करनी चाहिए। विपक्ष का आलोचना करना लोकतंत्र की सेहत के लिए लाभकारी होता है, लेकिन विपक्ष और आलोचकों को फ्रीबीज और कल्याणकारी योजनाओं में फर्क समझना चाहिए। और किसी भी कल्याणकारी योजना की आलोचना करने से बचना चाहिए।

## कविता

जैसे तू है कहीं आसपास मेरे।

नाजुक से एहसास है मेरे,
ऐसे कुछ पल खास है मेरे'

नजरों की खुशबू,नम एहसास,
जैसे तू हो कहीं आसपास मेरे।

पुरनम सांसें जब आई मुझ तक,
नम ओंठों की नमी लाई पास मेरे।

जान कर भी जान ना पाया तुझको,
अधरों की खामोशी ना आई रास मेरे।

जुल्फों में छुपकर सूरज शर्मा गया,
तेरी आंखों के जुगनू हैं खास मेरे।

तेरी बेरुखी ही गजब आस हमारी,
इसे झुठलाने सही,आओ पास मेरे।

संजीव ठाकुर

## श्रम का कोई विकल्प नहीं'

**संजीव**

**मन ही मन यदि** आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है' जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है' बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं' सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं' मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए ' यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है' जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है' यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है' मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं' सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए'इसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है' और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है' भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है'ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है।

## विचार

## दीपोत्सव: भारतीय संस्कार, संस्कृति को पोषित करने का पर्व

**मनमोहन प्रकाश**

**भारतीयों** द्वारा दीपोत्सव को पांच दिनों तक मनाया जाता है। भारत के अधिकांश राज्यों में यह त्यौहार धन तेरस से आरंभ होकर भाई दूज तक मनाया जाता।यह त्यौहार संस्कार, संस्कृति और परम्पराओं के साथ कहीं न कहीं सामाजिकता, स्वास्थ्य, पर्यावरण, व्यापार तथा अर्थ से संबंध रखता है। शायद इसीलिए इस त्यौहार का भारतीय सनातन संस्कृति में विशेष महत्व है। भारतीय संस्कृति में इस त्यौहार को हर्ष उल्लास के साथ मनाए जाने की गौरवशाली परंपरा है। ये त्यौहार मानव जीवन में ताजगी, उत्साह और उमंग भरते हैं और आपसी भाई-चारा, प्रेम, सहयोग,सामञ्जस्य को नयी ऊष्मा प्रदान करते हैं। दीपोत्सव पर परिवारजनों, ईष्ट-मित्रों,सहकर्मियों और पड़ोसियों की पारस्परिक सहभागिता बढ़-चढ़ के दिखाई देती है।समाजिक और धार्मिक आदि संगठन , रहवासी सोसाइटी, छोटे छोटे क्लब भी इस त्यौहार को सामुहिक रूप से दीपावली मिलन समारोह के रूप में मनाते और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं।इस त्यौहार की खुबसूरती भी यही है कि ये सामुहिक रूप से मनायें जाने पर ही आनंद की अनुभूति कराते हुए रिश्तों को मजबूती प्रदान करते हैं और हमारी राग संवेदनाओं को प्रबल बनाते हैं। स्वास्थ्य की दृष्टि से यदि इस त्यौहार का अध्ययन किया जाय तो इस त्यौहार को साफ-सफाई से जोड़ा जा सकता है।नगरी निकाय जहां अपने क्षेत्र को साफ-सुथरा और आकर्षक बनाने का प्रयास करते हैं वहीं व्यक्ति स्वयं भी अपने घर, दुकान और प्रतिष्ठानों को साफ-सुथरा कर आकर्षक बनाते हैं।हम सब इस तथ्य से भलीभांति परिचित हैं कि साफ-सुथरा घर, वातावरण और शरीर निरोगी काया तथा दीघार्यु के लिए आवश्यक है। पिछले कुछ दशकों में इस अवसर पर फाटकों और अतिशबाजी का चलन बढ़ा है, जिसने पर्यावरण प्रदूषण की चिंता को बढ़ावा है।इस विषय पर विचार कर पर्यावरण स्वास्थ्य के हित में जनमानस को उचित निर्णय लेना होगा कि उन्हें कितनी अतिशबाजी करना चाहिए?कम से कम उन शहरवासियों को तो इस पर गहन चिंतन करना ही चाहिए जो पहले से ही गंभीर पर्यावरण प्रदूषण की चपेट में हैं। शरीर विज्ञान की दृष्टि से दीपोत्सव जैसे त्यौहार जो सामुहिक रूप से परिवार- जनों , ईष्ट- मित्रों और पड़ोसियों के साथ मिलकर मनाए जाते हैं तथा अच्छे पहनावे तथा खान- पान के लिए जाने जाते हैं शरीर में फीलगुड हार्मोन को बढ़ाकर , अकेलेपन से मुक्ति दिलाते हैं,तनाव को दूर रखते हैं तथा आपसी प्रेम, विश्वास और सहयोग को बढ़ाते हैं तथा खुशी और आनंद का अनुभव कराते हैं। जीवन में छोटी छोटी खुशियां भी स्वयं एवं पारिवारिक स्वास्थ्य की दृष्टि से बहुत अधिक महत्व रखती है। व्यापारिक दृष्टि से भी इस त्यौहार का आपना ही महत्व है।इस पर्व के आगमन की सूचना दशहरे से मिलती है। तभी से ही हर भारतीय की इस अवसर पर अपनी आर्थिक क्षमता के अनुसार रंग-रोगन,साज-सज्जा, आकर्षक रोशनी की सामग्री क्रय करने के साथ ही पुरानी वस्तुओं को नयी वस्तुओं से बदलने, नयी वस्तुओं की खरीददारी करने (सोने-चांदी, हीरे-जवाहरात, वाहन, मकान, फर्नीचर , घरेलू इलेक्ट्रॉनिक तथा अन्य उत्पाद , सभी के लिए नये कपड़े, फुटवियर, बच्चों के लिए खिलौने आदि) की विशेष परंपरा सी बन गई है। इस त्यौहार पर माता- पिता से दूर रह रहे बच्चे अपने परिवार जनों के लिए विविध उपहारों के साथ दीपोत्सव मनाने घर लौटते हैं। अपने इष्ट मित्रों में भी मिठाई,सूखे मेवे और उपहार देने की परंपरा है।व्यापारी वर्ग इस अवसर पर पूर्व के नफा-नुकसान को भूलाकर नये बही-खातों के शुरू करने के साथ ही शुभ-लाभ की कामना के साथ इस त्यौहार को मनाते हैं । ऐसा देखा गया है कि दीपोत्सव पर हर व्यक्ति अपनी क्रय क्षमता से अधिक खरीदने का प्रयास करता है। इसीलिए शायद लगभग सभी व्यापारिक संस्थान ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए कोई न कोई लोक-लुभावन योजनाओं की घोषणा भी करते हैं।कुल मिलाकर दीपोत्सव को अर्थ व्यवस्था को बढ़ाने वाला त्यौहार कहा जा सकता है।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

## घर-आधारित स्कूली शिक्षा के लिए पहलकदमी

**विजय गर्ग**

**विशेष आ**वश्यकता वाले बच्चों की सहायता के लिए स्कूलों को जल्द ही विशेष समावेशी उपाय अपनाने की आवश्यकता होगी। समतामूलक और समावेशी शिक्षा पर राष्ट्रीय दिशानिर्देश और कार्यान्वयन ढांचे के तहत एनसीईआरटी द्वारा हाल ही में जारी मानदंडों के अनुसार, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग गंभीर विकलांग छात्रों के लिए घर-आधारित स्कूली शिक्षा शुरू करने की योजना बना रहा है। यह प्रावधान सीडब्ल्यूएसएन को आवश्यक सीखने के स्तर प्राप्त करने में सहायता करने के लिए प्रारंभिक स्कूली शिक्षा के वर्षों में पेश किया जाएगा। नया मानदंड छात्रों की सभी तीन श्रेणियों पर केंद्रित है, जिनमें सीडब्ल्यूएसएम, शारीरिक रूप से विकलांग छात्र और सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित समूहों के छात्र शामिल हैं।

होम-स्कूलिंग पहल के हिस्से के रूप में, एक भ्रमणशील संसाधन शिक्षक गंभीर रूप से विकलांग छात्रों को उनके स्कूल के काम में मार्गदर्शन करने के लिए उनके घरों पर जाएंगे। सरकारी विभाग के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, "इस होमस्कूलिंग के हिस्से के रूप में, एक भ्रमणशील संसाधन शिक्षक छात्रों को पढ़ाने के लिए उनके घरों पर जाएंगे। पढ़ाते समय, ये संसाधन शिक्षक छात्रों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।" उनकी पढ़ाई में मदद करने के लिए। एक बार जब छात्र वांछित सीखने का स्तर हासिल कर लेते हैं, तो वे धीरे-धीरे नियमित स्कूली शिक्षा की ओर बढ़ सकते हैं। एक भ्रमणशील संसाधन शिक्षक पढ़ाने के लिए छात्र के घर कितने दिनों तक जाएगा, यह माता-पिता के विवेक पर निर्भर करेगा। होमस्कूलिंग गिरती है शिक्षा के कानूनी ढांचे के भीतर, और 2009 का शिक्षा का अधिकार अधिनियम होमस्कूलिंग पर प्रतिबंध नहीं लगाता है।"

डीएसईएल घर-आधारित स्कूली शिक्षा की सुविधा के लिए विशेष शिक्षकों को नियुक्त करने की भी योजना बना रहा है। इस पहल के हिस्से के रूप में, स्कूल के शिक्षकों को क्रॉस-विकलांगता प्रशिक्षण प्राप्त होगा, जिससे वे सीडब्ल्यूएसएन और

## जिंदा खिलौना

**डॉ. सुरेश कुमार**

**कल** एक बंदा गाड़ी से गिर गया। वह बुरी तरह से कराह रहा था। बीस-तीस की भीड़ जुट गई। उसमें आधे उसके गिरने का मजाक उड़ा रहे थे। बाकी आधे केवल ओह...ऊह...हाय...अरे...अरे...जैसे शब्दों का मंत्रोच्चार करते हुए बड़ी तल्लीनता से अपने इंसानी जन्म का दायित्व निभा रहे थे। उनमें एक था जो सहायता करने के लिए गिरे हुए को उठाने के चक्कर में खुद इतना झुक गया कि बाकी उसे बेवकूफ समझकर हँसने लगे। उस समय हँसना बहुमत में था। झुककर सहायता करना अल्पमत में। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हर जगह बोलबाला बहुमत का चलता है। न कि अल्पमत का। अल्पमत हमेशा मजाक का खिलौना बनता है। कल ऐसा ही एक खिलौना बहुमत के हाथों खेलने के लिए लग गया। खिलौना निर्जीव हो तो मजा नहीं आता, वही सजीव हो तो कहने ही क्या। पहले तो किसी को विश्वास नहीं हुआ कि इतनी आसानी से खेलने के लिए जिन्दा खिलौना मिल जाएगा। मिलेगा भी क्यों नहीं? बेरोजगार बिना किसी यूनिवर्सिटी गए मक्खी मारने में डॉक्टरेट की डिग्री हासिल कर लेते हैं। ऐसे मक्खी मारने वालों के हाथ जिंदा खिलौना लग गया अब कहना ही क्या। उनके मजे ही मजे हैं। अब इस खिलौने को लेकर पहले बंदर-मदारी का खेला और बाद में कठपुतली का प्रोग्राम खेला गया। इसकी खास बात यह थी कि बन्दर मदारी को नचा रहा था जैसे आजकल मीडिया अदालत की भूमिका निभाती है। मक्खी-मारों ने सोशल मीडिया में खबर फैलाई कि आज शाम को सब लोग फलाना जगह आ जाएँ और जिंदा खिलौने का अच्छा मौका पाएँ। लोग चौंक गए। खबर के जवाब में कई संदेह पनपे। लोग पूछ रहे थे जिंदा खिलौना क्या होता है? 'दीखता कैसा है?'

भी जानना चाहते थे कि कहीं इससे एलर्जी-वलर्जी तो नहीं होता? बाजार में असली से लगने वाली नकली दवाइयाँ अक्सर बड़ी बीमारियाँ दे जाती हैं। क्योंकि नकली खिलौने बोलते तो नहीं हैं लेकिन असली जिंदगी के साथ खेल जाते हैं। इसीलिए बहुमत की दुनिया अल्पमत वाले जिंदा खिलौनों से खेलकर अपने झूठे अहम् को मात देने की कोशिश करने को अपनी जिंदगी का फलसफा समझते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### शारदा हॉस्पिटल के रेडियोलॉजी विभाग ने "शारदा रेडियोलॉजी ब्रेस्ट कैंसर सीएमई 2023" का आयोजन किया



**ग्रेटर नोएडा:** रेडियोलॉजी विभाग, स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च, शारदा हॉस्पिटल और शारदा विश्वविद्यालय द्वारा वैश्विक स्तन कैंसर जागरूकता अक्टूबर माह के मौके पर "पिंक अक्टूबर" पहल की तर्ज पर शारदा रेडियोलॉजी ब्रेस्ट कैंसर सी.एम.ई 2023 का सफल आयोजन डॉ शबनम भंडारी ग्रोवर, प्रोफेसर रेडियोलॉजी और डॉ विशाल गुप्ता प्रोफेसर रेडियोलॉजी की अगुआई में 31 अक्टूबर को हॉस्पिटल के परिसर में ब्रेस्ट इमेजिंग सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित किया गया। रेडियोलोजी लीड अर्ली डायग्नोसिस एंड प्रेसीजन थेरेपी की थीम पर हुए इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ गीतिका खन्ना, प्रोफेसर प्रिंसिपल वीएमएमसी एवं सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली द्वारा धन्वंतरि ऑडिटोरियम, मेडिकल कॉलेज बिल्डिंग, शारदा यूनिवर्सिटी में भव्यता से किया गया। इस कार्यक्रम में रेडियोलॉजी, सर्जरी, पैथोलॉजी और मेडिकल ऑन्कोलॉजी जैसे विभिन्न चिकित्सा क्षेत्रों के अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध प्रभावशाली फैकल्टी सदस्य मौजूद रहें। प्रशिक्षकों में डॉ. शबनम बी ग्रोवर, डॉ. प्रोफेसर चिंतामणि, डॉ. प्रोफेसर गीतिका खन्ना, डॉ. प्रोफेसर चरणजीत कौर अहलूवालिया, डॉ. बग्याम राघवन, डॉ. वनिता कपूर, डॉ. शिबानी मेहरा, डॉ. सीमा सूद और डॉ. अनिल ढाकवानी जैसे प्रसिद्ध डॉक्टर शामिल थे। इस आयोजन की शुरूआत डॉ. प्रोफेसर शबनम भंडारी ग्रोवर के स्तन कैंसर की जांच और शीघ्र निदान पाने के लिए "बुनियादी से उन्नत रेडियोलॉजिकल तकनीकों" पर संबंधित जानकारीपूर्ण लेक्चर के साथ हुई। उन्होंने इस बारे में बताया कि कैसे ये तकनीकें सटीक निदान में मदद करती हैं और बार-बार स्तन बायोप्सी की आवश्यकता को कम करती हैं। वीएमएमसी और सफदरजंग अस्पताल के डॉ. प्रोफेसर चिंतामणि ने भी कुछ दिलचस्प जानकारियां साझा कीं, जिसमें इस बात को बताया कि भारत में स्तन कैंसर कम उम्र में होता है और अधिक आक्रामक होता है। सी.एम.ई कार्यक्रम का उद्देश्य मेडिकल क्षेत्र से जुड़े जिनमें डॉक्टर्स, छात्र, मेडिकल ट्रेनी, कंसलटेंट सहित सभी मौजूद सहभागियों को विशेष चिकित्सा तकनीकों का उपयोग करके स्तन कैंसर।

### एयर इंडिया और किडजानिया ने हाथ मिलाया

**गुरुग्राम।** शैक्षिक मनोरंजन के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित नाम किडजानिया और भारत की अग्रणी वैश्विक हवाई सेवा एयर इंडिया ने कई परतों वाली भागीदारी के लिए आपस में हाथ मिलाया है। इसके तहत दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में किडजानिया थीम पार्कों की एविएशन अकेडमी को बल मिलेगा। यह किडजानिया के इतिहास में सबसे खास भागीदारियों में से एक है। एयर इंडिया और किडजानिया के बीच सहभागिता से किडजानिया की एविएशन अकेडमी का विकास होगा जहां एयर इंडिया ऐसे गहन अनुभवों की रचना करेगी जो बच्चों को उड्डयन की आकर्षक दुनिया के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराएंगे, इस प्रकार वे इस क्षेत्र में करियर के संभावित अवसरों का जायजा लेने को प्रेरित होंगे। इस साझेदारी के अंतर्गत एयर इंडिया के फ्रीक्वेंट फ्लायर प्रोग्राम के सदस्यों को टिकटों पर खर्च किए गए प्रत्येक 100 रुपए पर 7 फ्लाइंग रिर्टन पॉइंट मिलेंगे। किडजानिया इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर राहुल धमधेरे ने कहा, किडजानिया में हमारा मूल ध्येय यह है कि बच्चों को आनंददायक व गहन अनुभव के परिवेश में व्यावहारिक कौशल प्रदान किए जाएं। एयर इंडिया के साथ यह साझेदारी इस ध्येय से मेल खाती है, बच्चों को एविएशन की आकर्षक दुनिया का जायजा लेने में मदद करती है और उनमें जिज्ञासा व कल्पना जगाती है। उड्डयन उद्योग की अग्रदूत एयर इंडिया के साथ सहभागिता से हम रोमांचित हैं और हमारा दृढ़ विश्वास है कि यह सहभागिता हमारे नन्हे आगंतुकों हेतु सीखने व मनोरंजन के नए माध्यम प्रस्तुत करेगी।

### छात्रों की सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अटूट : आकाश बायजूस

**पानीपत। आकाश बायजू'स में हम, पानीपत में घटित दयविदारक** घटना पर अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त करना चाहते हैं। यह हमारे लिए बहुत दु:ख का विषय है कि हमें उस प्रिय छात्र के परिवार और मित्रों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएँ और विचार प्रेषित करने पड़ रहे हैं, जिनका जीवन इतनी त्रासदी से समाप्त हो गया। हमारे छात्रों की सुरक्षा और कल्याण हमारे संस्थान का मूल सिद्धांत है, और इस अनपेक्षित घटना के बाद, हमारी टीम ने अत्यंत तत्परता और देखभाल के साथ कार्य किया। हमने तुरंत प्रतिक्रिया दी, सुनिश्चित किया कि छात्र को तुरंत मेडिकल ध्यान मिले और उन्हें निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में स्थानांतरित किया गया।

# ग्रैप-4 के तहत सभी प्रतिबंधों व निर्देशों की अनुपालना करें

## निर्माण व ध्वस्त करने की हर प्रकार की सभी गतिविधियां पूर्ण रूप से प्रतिबंधित

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**

**उपायुक्त** डा. मनोज कुमार ने कड़े निर्देश दिए कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए ग्रैप-4 के तहत सभी प्रतिबंधों व निर्देशों की पूर्ण अनुपालना सुनिश्चित की जाए। यदि कोई भी निर्देशों की अवहेलना करता मिले तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। ग्रैप-4 के अंतर्गत प्रतिबंधों व निर्देशों की अनुपालना की समीक्षा के लिए मंगलवार की सायंकाल हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरमैन पी. राघवेंद्र राव ने विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से उपायुक्तों की बैठक लेते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने प्राप्त निर्देशों की पूर्ण अनुपालना का भरोसा देते हुए कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए सभी संभव कदम उठाये जा रहे हैं, जिसके सकारात्मक परिणामों की शुरूआत हो रही है। विडियो कान्फ्रेंस के उपरांत उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने संबंधित अधिकारियों की मौके पर ही बैठक लेते हुए पुनः



जिले की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सोनीपत जिला में संवेदनशीलता के साथ एकजुट प्रयासों की आवश्यकता है, जिसमें लोगों का सहयोग भी अपेक्षित है। ग्रैप-4 शुरू हो चुका है। ऐसे में प्रतिबंध भी बढ़ गए हैं, जिनकी अनुपालना जरूरी है। इसके लिए एन्फोर्समेंट टीम गठित की जा चुकी है, जो नियमित रूप से निगरानी करें। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने कहा इस वक्त हर प्रकार की निर्माण और ध्वस्त गतिविधियां प्रतिबंधित है, जिसकी अनुपालना सुनिश्चित की जाए। औद्योगिक इकाइयां तथा अन्य क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का कूड़ा-कबाड़ खुले में न जलाया जाए। ऐसा करने पर पैनल्टी लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्देशों की उल्लंघना पर कई औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। औद्योगिक इकाइयों को अब अधिकृत फ्यूल का प्रयोग ही करना होगा। उन्हें डीजल जैनरेटर सैट का प्रयोग भी नहीं करना। उन्होंने यूएचबीवीएन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे औद्योगिक इकाइयों को निर्बाद्ध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें।

### मात्र 14 रुपये बढ़ोतरी गन्ना किसानों के साथ क्रूर मजाकः दीपेन्द्र हुड्डा

टीम एक्शन इंडिया/ **पानीपत/कमाल हुसैन**

**सांसद** दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि हर किसी को धोखा दे रही प्रदेश की इखढ-खखढ सरकार ने गन्ना किसानों के साथ एक बार फिर बड़ा धोखा किया है। हरियाणा में गन्ने के प्रति क्विंटल भाव में मात्र ?14 की वृद्धि किसानों के साथ क्रूर मजाक है। प्रदेश के गन्ना किसान लम्बे समय से गन्ने का भाव 450 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की पूर्ववर्ती हुड्डा सरकार ने गन्ने के रेट में रिकॉर्डतोड़ 193 रुपये की बढ़ोत्तरी कर उसे 117 से बढ़ाकर 310 रुपये तक पहुंचाया था। यानी 9 साल में 165% की बढ़ोत्तरी की, जो उस समय देश में सबसे ज्यादा भाव था। जबकि, इखढ सरकार ने गन्ने का भाव 2014 के बाद ?310 से बढ़ाकर 2023-24 में ?372 ही किया, यानी 9 साल में मात्र 20% वृद्धि हुई। उन्होंने यह भी कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के दौरान किसानों से गन्ना खरीद के साथ तुरंत भुगतान सुनिश्चित किया जाता था। 2014 में सरकार छोड़ते समय गन्ना मिलों पर किसानों का एक पैसा बकाया नहीं था। दीपेन्द्र हुड्डा ने एलान किया कि अगले साल हरियाणा में बनने जा रही कांग्रेस सरकार पहली कैबिनेट में ही गन्ने का भाव बढ़ाकर ?450 प्रति क्विंटल कर देगी, जो एक बार फिर देश में गन्ने का सर्वाधिक रेट होगा। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने पानीपत में आयोजित कई सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान वे पानीपत जिला न्यायालय में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

### हरियाणा में 2024 में बनेगी आम आदमी पार्टी की सरकारः केजरीवाल



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**

**सुखबीर** सिंह मलिक हल्का ग्रामीण पानीपत सभी वार्ड ग्राम अध्यक्ष सचिव वह अन्य पदाधिकारी का दिल से धन्यवाद करता हूं जिन्होंने कल के शपथ ग्रहण समारोह में बढ़ चढ़कर भाग लिया और इस संगठन समारोह को कामयाब बनाया। मेरी आप सब लोगों से प्रार्थना है कि आप दिल लगा कर कम करें और अपने बच्चों के भविष्य को सार्थक बनाएं। आम आदमी पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो आपके बच्चों के भविष्य में आने वाली शिक्षा पर पर पूरा जोर दे रही है।

अरविंद केजरीवाल कहते हैं कोई अनपढ़ नहीं रहना चाहिए इसलिए हमारे लिए शिक्षा प्राथमिक है।

बढ़ती हुई महंगाई और मिलने वाली मूलभूत सुविधाएं दोनों एक दूसरे के पूरक हैं अगर हमें महंगाई का सामना करना है तो हमें मूलभूत सुविधाएं मिलनी चाहिए जो कि हमारा मौलिक अधिकार है।

### एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**ब्रेकथ्रू संस्था** द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से जिले में जेंडर सेंसिटाइजेशन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। ट्रेनिंग में ब्रेकथ्रू संस्था के बारे में बताने के लिए मन के मंजीरे वीडियो दिखाई गई। कुलदीप ने बताया की यह संस्था पिछले 24 वर्षों से भारत के अलग अलग राज्यों में कार्य कर रही है व एक ऐसा समाज बनाने की कोशिश कर रही है जहां पर लडके व लडकियों में कोई भेदभाव ना हो। गांव ददलाना में ट्रैनिंग में 12 गांवों की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सुपरवाइजर व ब्रेकथ्रूसे प्रदीप, निशा, प्रवीन व कुलदीप उपस्थिति रहे।

### बेसबॉल कप पूरे भारत में से 138 टीमों ने भाग लिया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**



**बेसबॉल** कप पूरे भारत में से 138 टीमों ने भाग लिया अलग अलग राज्य में खेल हो रहे थे। पूरे भारत मे से 16 टीमें जीत कर आगे आई उन 16 टीमों का खेल लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा पंजाब में हुवे खेलते हुए और संघर्ष करते हुए एस्पायर स्पोर्ट्स एकेडमी पानीपत की टीम ने जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल तक पहुंच गए एस्पायर स्पोर्ट्स एकेडमी की टीम का नाम पानीपत मार्लिंस रखा हुआ था सेमी फाइनल मैच मुंबई से जीते और फाइनल मैच पुणे से जीता स्कोर 11 ,7 पानीपत मार्लिन्स 11ओर पुणे यांकीस 7 लास्ट समय पर हरियाणा की टीम यानी पानीपत मार्लिंस की टीम ने पर्थम स्थान प्राप्त किया है। बच्चो का हौसला अफजाई के लिए सनोली ब्लॉक चैयरमैन, सरकारी स्कूल के प्रधानाचार्य पवन अत्री जी, स्नावर दिल्ली पुलिस, कोसर नंबरदार, जनाब और शशिकांत कौशिक के चाचा सुशील कौशिक जी का एस्पायर स्पोर्ट्स एकेडमी के डायरेक्टर खुर्शीद नदवी जी और शरीफ कोच की तरफ से हमारे बीच बच्चो का हौसला अफजाई के लिए पहुंचे सभी कातह दिल से धन्यवाद करते है।

## विज ने 19.38 करोड़ की लागत से मल्टी लेवल पार्किंग का किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**गृहमंत्री अनिल** विज ने रेलवे रोड पर 19.38 करोड़ रुपए की लागत से गुडगुडिया नाले के ऊपर मल्टी लेवल पार्किंग का उदघाटन कर लोगों को दिपावली से पहले बड़ी सौगात प्रदान की। रेलवे रोड पर आयोजित समारोह में गृहमंत्री अनिल विज ने नगरवासियों को बधाई देते हुए कहा कि अम्बाला छावनी को विकास के पंख लग रहे हैं और नित रोज कोई न कोई प्रोजेक्ट की यहां पर शुरूआत की जा रही है। आज अम्बाला छावनी का नाम सारे देश में तेजी से विकसित हो रहे शहर के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि मल्टी लेवल पार्किंग की सख्त



जरूरत थी, मगर किसी भी सरकार ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया। आज यहां पर तीन मंजिला कार पार्किंग बनाई गई है जिसमें 350 कारों को तथा 300 दोपहिया वाहनों को खड़े करने की व्यवस्था होगी। उन्होंने कहा कि यहां पर लिफ्ट लगाने के लिए टेंडर किए जा रहे हैं और लिफ्ट लगने से कार पार्किंग करने वाले को नीचे से ही पता चल जाएगा कि कौन से फ्लोर पर गाड़ी खड़ी करने की जगह उपलब्ध है। गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि मल्टी लेवल कार पार्किंग की बेहद जरूरत थी, मगर पार्किंग के लिए कहीं जगह नहीं थी, मगर उन्होंने नाले के उपर ही बहुमंजिला कार पार्किंग बनवाई ताकि बाजार में आने वाले लोगों को सुगमता हो और वह आसानी से अपने वाहन यहां खड़े कर बाजार से खरीदारी कर सकें। वहीं, उद्घाटन समारोह के दौरान रेलवे रोड रंधावा मार्केट, राय मार्केट, ऑटो एसोसिएशन, गांधी मार्केट एसोसिएशन, सदर बाजार, चौड़ा बाजार, हनुमान मार्केट, बजाजा बाजार सहित विभिन्न बाजार एसोसिएशनों ने मल्टी लेवल कार पार्किंग की सुविधा देने के लिए गृहमंत्री को पुष्पगुच्छे देकर यह सुविधा प्रदान करने के लिए उनका धन्यवाद जताया।

**शहरवासी मल्टी लेवल पार्किंग का उपयोग करें : गृह मंत्री अनिल विज** गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि हम अपने शहर में लोगों को बेहतर सुविधा देने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। अम्बाला छावनी का विकास करने में आपका सहयोग, प्यार, भरपुर मिलता है, वहीं उनकी शक्ति का केन्द्र है, उससे ही उन्हें ऊर्जा मिलती है और वह इन कार्यों को कर पाते हैं। उन्होंने कहा कि अभी और भी काम होने है जिसकी सफलता मिलने पर जल्द ही लोगों को खुशखबरी दी जाएगी।

**तीन गुणा ज्यादा विकास कार्य करवाए : मंत्री अनिल विज**

गृहमंत्री अनिल विज ने मंच से विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि 70 साल में विकास के नाम पर एक ईंट भी अम्बाला छावनी में नहीं लगाई गई थी, अम्बाला का जो हक था उसे नहीं मिला।

### राजीव परुथी को डिप्टी निदेशक नियुक्त किया



**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**

पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में डिप्टी डायरेक्टर डिपार्टमेंट ऑफ पार्लियामेंट अफेयर रिपब्लिक ऑफ इंडिया के पद पर नियुक्ति की गई है। यह नियुक्ति राजीव परुथी के अच्छे कार्यों को देखते हुए की गई है। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पूरे विश्व का सबसे बड़ा संगठन है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-अलग देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने का काम एवं विदेश में भारतीय नागरिकों को किसी भी तरह की कोई आपत्ति आती है या किसी भी भारतीय के साथ कोई गलत व्यवहार किया जाता है तो यह संगठन बहुत सक्रिय है। राजीव परुथी की यह नियुक्ति डॉ.बी.के. बंगारी अध्यक्ष साउथ एशिया जॉन की देखरेख में हुई। उन्होंने कहा राजीव परुथी जैसे युवा यदि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारे साथ काम करते हैं तो हमें बहुत खुशी होती है।

हमें विश्वास है राजीव परुथी ईमानदारी के साथ अपनी जिम्मेदारी को निभाएंगे। इस मौके पर एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ.अशोक त्रिपाठी भी मौजूद रहे। डॉ.अशोक त्रिपाठी ने कहा राजीव परुथी बहुत ही काबिल इंसान है एवं ईमानदारी के साथ काफी सालों से पानीपत में समाज सेवा कर रहे हैं। आने वाले समय में राजीव परुथी को इससे भी बड़े पद से नवाजा जाएगा।

### स्कार्पियो ने साइकिल सवार को कुचला, मौके पर हुई मौत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**निसिंग-कैथल** हाईवे पर एक तेज रफ्तार ब्लैक स्कॉर्पियो गाड़ी ने साइकिल सवार को कुचल दिया। गाड़ी की स्पीड इतनी थी कि वह करीब 50 मीटर तक व्यक्ति को घसीटते हुए ले गई। बाद में आरोपी गाड़ी छोडकर मौके से फरार से गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में ले लिया। मृतक की पहचान बिहार के रहने वाले 35 वर्षीय मनोज के रूप में हुई है। उसके दोस्त बबलू ने बताया कि वह निसिंग में ही एक राइस मिल में काम करता था। उसका परिवार भी निसिंग में ही एक किराए के मकान पर रहता है। आज सुबह करीब 10 बजे वह राइस मिल में साइकिल पर सवार होकर काम पर जा रहा था। करनाल की तरफ से एक ब्लैक स्कॉर्पियो तेज रफ्तार से आई और साइकिल पर जा रहे मनोज को कुचल दिया।

## द बेस्ट न्यूज एंकर' प्रतियोगिता का आयोजन करवाया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**जी.टी. रोड** स्थित आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीबीए द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए 'द बेस्ट न्यूज एंकर' प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें 16 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि आज के प्रतियोगिता वाले युग में पब्लिक स्पीकिंग स्किल का विद्यार्थियों में होना अनिवार्य है क्योंकि इससे विद्यार्थी अपने विचारों को बिना किसी झिझक के दूसरों के आगे



रख पाते हैं। इसी उद्देश्य से यह प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने न्यूज शो को होस्ट करके अपनी प्रतिभा दिखाई। इस अवसर पर वाणिज्य एवं प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा ने कहा कि बीबीए एक प्रोफेशनल कोर्स है और बीबीए के विद्यार्थियों में अलग-अलग स्किल्स विकसित करने के लिए हम ऐसी प्रतियोगिता समय-समय पर करवाते रहते हैं। इस प्रतियोगिता का संचालन प्रो. निशा गुप्ता ने किया और उन्होंने विद्यार्थियों को ऐसी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान-हिमांशी और स्नेहा (बीबीए-तृतीय वर्ष), दूसरा स्थान- निशु और राजन (बीबीए - तृतीय वर्ष), तृतीय स्थान- मोहित और अंजली (बीबीए-तृतीय वर्ष) एवं सांत्वना पुरस्कार- अक्षय और जागृति- (बीबीए- द्वितीय वर्ष) ने ग्रहण किया। विजेताओं एवं प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया गया।

## डॉ शुचिन बजाज जस्टिस वी आर कृष्णा अय्यर अवार्ड से किए गए विभूषित

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**दिल्ली** की प्रतिष्ठित कैपिटल फाउंडेशन संगठन रफी मार्ग स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब में वार्षिक भाषण और पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया! प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता प्रोफेसर विनोद सेठी ने बताया कि जस्टिस वीआर कृष्णा अय्यर की 109वी बर्थ एनिवर्सरी के अवसर पर इस सभा का आयोजन किया गया इसकी अध्यक्षता फाउंडेशन के अध्यक्ष न्यायमूर्ति एके पटनायक द्वारा की गई! उजाला सिग्नस ग्रुप के निदेशक डॉ शुचिन बजाज बजाज को इस अवार्ड से विभूषित किया गया उन्हें यह अवार्ड उत्तर भारत में उपलब्ध कराई गई चिकित्सा सुविधा के तहत एन एबी एच हॉस्पिटलों की श्रृंखला में कम दाम पर बेहतर इलाज की सुविधा प्रदान करने के लिए दिया गया! उजाला सिग्नस हॉस्पिटल्स के संस्थापक निदेशक डॉ शुचिन बजाज उजाला सिग्नस हॉस्पिटल्स के संस्थापक निदेशक। उजाला सिग्नस वर्तमान में दिल्ली, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश जम्मू और कश्मीर और हरियाणा में 2000 बिस्तरों की संयुक्त क्षमता और 2500 से अधिक कर्मचारियों के साथ उन्नीस अस्पतालों का संचालन कर रहा है, जिसका लक्ष्य भारत के राज्यों के जिला कस्बों में सुपरस्पेशलिटी और आपातकालीन स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करना है। जहां फिलहाल ऐसी कोई सुविधा



मौजूद नहीं है. इसका लक्ष्य 2025 के अंत तक 2500 बिस्तरों की क्षमता वाले 25 अस्पतालों तक विस्तार करना है। शुचिन एक उच्च योग्य चिकित्सा विद्वान हैं। पीजीआईएमएस, रोहतक से एमबीबीएस पूरा करने के बाद, उन्होंने 2004 में डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज, जोधपुर से इंटरनल मेडिसिन (एमडी) में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। उपरोक्त के अलावा, उन्होंने अमेरिकन एकेडमी ऑफ डायबिटीज मैनेजमेंट और टोटल कंट्रोल पर प्रमाणित व्यावसायिक पाठ्यक्रम भी किया। 2008 में सतत चिकित्सा शिक्षा, यूएसए, एलएलएम से रणनीतिक प्रबंधन में उन्नत कार्यक्रम।

2013 में कलकत्ता और 2014 में बोस्टन विश्वविद्यालय से कार्डिएक इमर्जेंसी में एडवांस्ड प्रोग्राम वह एस्पेन न्यू वॉयस के वर्तमान फेलो हैं, जो दुनिया भर के पंद्रह नेताओं के चयनित समूह में एकमात्र भारतीय हैं। डॉ. बजाज किंग्स कॉलेज लंदन में नेतृत्व और उत्कृष्टता पुरस्कार के लिए ब्रिटिश सरकार के 2015 शेवनिंग गुरुकुल फेलोशिप पुरस्कार के प्राप्तकर्ता थे, जहाँ उन्होंने नेतृत्व के विभिन्न पहलुओं, इसकी विभिन्न चुनौतियों और भारत के लिए इसकी सीख का अध्ययन करने में काफी समय बिताया। उन्हें 2017 में क्ठरएअऊ फ्रांस में 'इनोवेटिंग हेल्थ फॉर टुमॉरो' फेलोशिप के लिए फ्रीशिप के लिए भी चुना गया था और एम्बुलेंस सेवाओं के लिए उनका प्रोजेक्ट दुनिया भर के 40 उच्च रैंक वाले पेशेवरों की श्रेणी में शीर्ष पर था। वह एक एस्पायर फेलो भी हैं।

## कामरेड लेनिन के नेतृत्व में रुस में महान समाजवादी क्रांति सम्पन्न हुई

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**

**भारतीय कम्युनिस्ट** पार्टी की पानीपत जिला काउंसिल की ओर से स्थानीय भगत सिंह स्मारक के प्रांगण में अक्टूबर समाजवादी क्रांति के पावन दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता सीपीआई नेता शीश राम तोमर ने की और संचालन सीपीआई के जिला सचिव पवन कुमार सैनी एडवोकेट ने किया। सीपीआई के राज्य सचिव दरियाव सिंह कश्यप ने सीपीआई का झंडारोहण करके गोष्ठी का शुभारंभ किया और अक्तुबर समाजवादी क्रांति के महानायक कामरेड व्लादिमिर इल्यिच लेनिन के चित्र पर माल्यार्पण किया। विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए दरियाव सिंह कश्यप ने कहा कि 7 नवम्बर 1917 ( रुसी कलेंडर के अनुसार 25 अक्तुबर) को कामरेड लेनिन के नेतृत्व में रुस में महान समाजवादी क्रांति सम्पन्न हुई। इस क्रांति के बाद रुस में पूंजीवादी व्यवस्था खत्म करके मजदूरों - किसानों का राज कायम हुआ।

उन्होंने कहा कि रुस में महंगाई, बेरोजगारी, अशिक्षा जैसी बुराईयों को पूरी तरह समाप्त करके देश के नागरिकों को रोजगार, रोटी, कपड़ा, मकान ,शिक्षा और चिकित्सा जैसी मूलभूत जरूरतों को पूरा किया गया।

**गोष्ठी**

**8 राम तोमर ने की और संचालन सीपीआई के जिला सचिव पवन कुमार सैनी एडवोकेट ने किया**

## न्यूज फ्लैश

### केयू में विद्यार्थियों को मिलेंगे सिविल सेवाओं में सफल होने के टिप्स

**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को सिविल सेवाओं में सफल होने के लिए सफलता के टिप्स मिलेंगे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुवि के महात्मा गांधी एआइएस कोचिंग इंस्टीट्यूट की ओर से विद्यार्थियों के लिए ह्यसिविल सेवाओं में सफल होने के लिए सफलता के टिप्सह्ण को लेकर एक अभिप्रेरणात्मक व्याख्यान कार्यक्रम 08 नवम्बर को केयू सीनेट हॉल में सुबह 10 बजे आयोजित होगा। केन्द्र की निदेशिका प्रो. निर्मला चौधरी ने बताया कि इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केयू डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. अनिल वशिष्ठ होंगे तथा सेवानिवृत्त आईएएस राजरूप फुलिया बतौर विशिष्ट अतिथि अपना व्याख्यान देंगे। उन्होंने बताया कि हरियाणा सिविल सर्विसिज टॉपर 2023 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अनिल कुमार बतौर मुख्य वक्ता विद्यार्थियों को सिविल सेवाओं में सफलता से संबंधित अहम टिप्स साझा करेंगे। कार्यक्रम में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर रेवाड़ी की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रितु बजाज विशेष रूप से मौजूद होंगी। उपनिदेशक डॉ. ज्ञान चहल ने बताया कि केन्द्र द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षणिक मार्गदर्शन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम से संबंधित सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं।

### बी आर स्कूल के प्रतिभागी छात्रों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
खेड़ी रोड स्थित बी आर ग्लोबल विद्यालय ने गत दिनों भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य पूजा पहल ने बताया कि विद्यालय की ओर कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्ग से कुल बारह छात्राओं ने भाग लिया। भावना और अवनी ने नृत्य प्रतियोगिता में, हिना ने मेहंदी प्रतियोगिता में,समूहगान प्रतियोगिता में दीक्षा शिवानी खुशी रिद्धम हर्षिता और दीपिका ने भारत को जानो प्रतियोगिता में तनिष्का और तुष्टि तथा ललित परिधान प्रतियोगिता में जीविका ने पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यार्थियों की सफलता में विद्यालय की शिक्षिका सुनीता और रचना ने अपना भरपूर सहयोग दिया। इस अवसर पर विद्यालय को भी स्मृति चिह्न से सम्मानित किया गया। विद्यालय के निदेशक राकेश यादव, प्रधानाचार्या पूजा पहल और अन्य शिक्षिक प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

### मुख्यमंत्री उड़दस्ते व खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिठाईयों की दुकान से लिए सैंपल

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
सीएम फ्लाइंग व खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिष्ठान भंडारों पर 5 मिठाइयों की दुकानों पर छापेमारी की। टीम ने कार्रवाई के दौरान मौके से सैंपल भरकर जांच के लिए भेज दिए। सूचना मिलने के बाद मिष्ठान भंडार संचालकों में हड़कंप मच गया। जैन गली के पास स्थित सभी मिष्ठान भंडार संचालक सैंपल के डर से अपनी दुकानों को बंद कर भाग गए। गुमड़ रोड पर भी मिठाई बेचने वाले दुकानदारों भी अपनी दुकानों को बंद करके भी चले गए। त्योहारी सीजन को देखते हुए विभागीय कार्रवाई की गई है। मिष्ठान भंडार बंद करके भागने पर मुख्यमंत्री उड़नदस्ते व खाद्य सुरक्षा विभाग ने चेताया कि आगे भी इस तरह की छापेमारी जारी रहेगी। मुख्यमंत्री उड़दस्ते में सब इंस्पैक्टर सुनील के अलावा एसआई महाबीर, सतेन्द्र, अरूण आदि शामिल थे।

**टीम ने इन मिष्ठान भंडारों से लिए सैम्पल**
- विभाग की टीम ने कार्रवाई के दौरान सबसे पहले जी टी रोड स्थित मिष्ठान भंडार पर कार्रवाई करते दो मिठाईयों के सैंपल लिए। इसके बाद पुलिस स्टेशन के पास मिष्ठान भंडार, जी टी रोड पर मोवा भंडार से सैम्पल लिए। विभाग की टीम ने शहर के 4 प्रमुख मिष्ठान भंडार से मिठाईयों के सैंपल लिए।
खाद्य विभाग द्वारा आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी : सिंह
खाद्य सुरक्षा अधिकारी जोगेन्द्र सिंह ने बताया कि त्यौहार के नजदीक आते ही विभाग ने कार्रवाई की है। शहर में मिष्ठान भंडारों से मिठाई के सैंपल लिए है। त्यौहार के पास सैंम्पल लिए जाते है कि कोई भी मिष्ठान भंडार संचालक मिठाई का स्टाक न कर सके और घटिया सामग्री पर रोक लगाई जा सके। अधिकारी ने बताया कि टीम द्वारा आगे भी लगातार अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अगर किसी को घटिया मिठाई बनाए जाने की सूचना मिलती है तो वे विभाग को अवगत करवाएं।

# 26 को समालखा में आयोजित भाजपा की जन आशीर्वाद रैली तोडेगी रिकॉर्ड: संजय छौक्कर

**रैली**

**8 संजय छौक्कर ने कहा सरकार ने प्रदेश से खर्ची-पर्ची का सिस्टम खत्म कर दिया है।**



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत , कमाल हुसैन** आगामी 26 नवंबर को समालखा में आयोजित भाजपा की जन आशीर्वाद रैली को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजय छौक्कर ने हल्के के गांव गोयला खेड़ा, लमाना,मिजार्पुर,गोयला कलां, शिमला गुजरान आदि विभिन्न गांवों का दौरा किया और कहा कि समालखा में आयोजित जन आशीर्वाद रैली में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर बतौर मुख्यातिथि शिरक्त करेंगे और भाजपा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराएगें। इस दौरान संजय छौक्कर ने कहा कि समालखा में आयोजित अब तक ही सभी रैलीयों के रिकॉर्ड जन आशीर्वाद रैली तोडेगी और हजारों की संख्या में समालखा कर जनता रैली में भाग लेगी। इस दौरान संजय छौक्कर ने ग्रामीणों को भाजपा की नीतियों से अवगत कराते हुए कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में मौजूद प्रदेश सरकार ने संकल्प से सफलता के 9 वर्ष पूरे करते हुए जनहितकारी नीतियों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इस व्यवस्था परिवर्तन में सरकार ने मुश्किलों को दूर करते हुए आम आदमी तक योजनाओं को पहुंचाने का काम किया है। यही कारण है कि आज सभी योजनाओं का फायदा आमजन को सीधे तौर पर मिल रहा है। संजय छौक्कर ने कहा प्रदेश सरकार ने प्रदेश से खर्ची-पर्ची का सिस्टम खत्म कर दिया है। प्रदेश सरकार ने योग्य युवाओं को बिना खर्ची-पर्ची के पारदर्शी तरीके से नौकरियां दी हैं, जिसकी बदौलत प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को उनकी योग्यता और मेरिट के आधार पर नौकरी मिली है। युवाओं ने अपने बलबूते पर नौकरी पाई है। यह सब सरकार की पारदर्शिता के कारण ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि आज विश्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का डंका बजा है जिससे भारत देश की साख पूरे विश्व में बढ़ी है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत देश की अर्थव्यवस्था को संभाला है जोकि हम सबके लिए गर्व की बात है, क्योंकि कोरोना काल में बड़े से बड़े देशों की अर्थव्यवस्था हिल गई लेकिन प्रधानमंत्री की सूझबूझ और देश के लोगों के धैर्य के कारण ही यह सब सम्भव हो पाया है।

## एनएचएआई की ड्रेन व रेलिंग तोड़ कर अवैध रास्ता बनाने पर दो ढाबा संचालक के खिलाफ मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
जीटी रोड पर एनएचएआई की ड्रेन व रेलिंग तोड़ कर अवैध रास्ता बनाने पर दो ढाबा संचालकों के खिलाफ थाना बड़ी में मामला दर्ज हुए हैं।
एनएचएआई के लिए काम कर रही एजेंसी के अधिकारी ने ढाबा संचालकों के खिलाफ थाना बड़ी में शिकायत दी थी। शिकायत में साउथ एशियन टोल्वेस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के इंसिडेंट मैनेज के पद पर कार्यरत विनोद कुमार ने बताया कि उनकी कंपनी ने नेशनल हाइवे पर सड़क के दोनों तरफ रेलिंग लगाई हुई है।
जीटी रोड पर स्थित नीलकंठ ढाबा के संचालक ने हाइवे पर उनकी 6 मीटर रेलिंग व 8 मीटर ड्रेन तोड़ कर अवैध रास्ता बना लिया है।
वहीं हंस ढाबा के संचालक ने भी हाइवे पर 10 मीटर फुटपाथ तोड़ कर अवैध रास्ता बनाया हुआ है। जिस वजह से दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है इससे पहले भी कई बार अवैध रास्ते को बंद करवाया जा चुका है, लेकिन नीलकंठ ढाबे संचालक ने फिर से सरकारी संपत्ति को तोड़ कर अवैध रास्ता बना लिया। जिस कारण सरकारी संपत्ती को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।
शिकायत पर पुलिस ने नीलकंठ ढाबा संचालक व हंस ढाबा संचालक के खिलाफ अलग-अलग मामले दर्ज कर लिए हैं।
बड़ी थाना प्रभारी मनीष कुमार का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बीपीएस में हुआ अध्यापकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यशाला का शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में मंगलवार को अध्यापकों के लिए तीन दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। नई शिक्षा नीति 2020 - दृष्टिकोण को कार्य में बदलना विषय पर आधारित कार्यशाला का आयोजन विवि के डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो संकेत विज के द्वारा किया जा रहा है। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता विवि की कुलपति प्रो० सुदेश ने की। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के बायोकेमेस्ट्री विभाग की अध्यक्षा प्रो अनीता दुआ ने बतौर मुख्य वक्ता प्रतिभागी अध्यापकों को संबोधित किया।
अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में कुलपति प्रो सुदेश के कहा कि नई शिक्षा नीति देश में एक बड़ा शैक्षणिक बदलाव लाने वाली है। नई शिक्षा नीति पूर्ण रूप से लागु हो जाने के बाद शोध कार्यों को बल मिलेगा। क्षेत्रीय भाषा में पढाई का होना समाज में शिक्षा के सत्र को एक नई बुलंदी तक लेकर जाएगा। उन्होंने कहा कि आज अंग्रेजी भाषा में अच्छी पकड़ न होने के कारण गाँव देहात का बच्चा पढाई में पिछड़ जाता है।

## जिला उपाध्यक्ष ने भाजपा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
भाजपा जिला उपाध्यक्ष निशांत छौक्कर ने कार्यकताओं के साथ भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी। प्रदेशाध्यक्ष सैनी ने कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए दिन-रात मिलकर काम करें। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अभी से चुनाव की तैयारी में जुट कर सरकार द्वारा लागू की गई कल्याणकारी नीतियों को घर-घर पहुंचाने का काम करें। निशांत छौक्कर ने कहा कि पूर्व प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने पार्टी को मजबूती दी और अब प्रदेश अध्यक्ष के रूप में सांसद नायाब सैनी संगठन को और धार देंगे। नायब सैनी 36 बिरादरी के नेता हैं।

## सरल केंद्र के दो आपरेटरों ने टोल पार करने के लिए गलत तरीके से बनाए पहचान पत्र

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
मुरथल टोल प्लाजा को बिना टोल चुकाए पार करने के लिए गन्नौर सरल केंद्र में तैनात दो कंप्यूटर आपरेटरों ने गलत तरीके से एसडीएम कार्यालय के पहचान पत्र बना लिए। इसकी सूचना जब एसडीएम डा. निर्मल नागर को मिली तो उन्होंने दोनों कंप्यूटर आपरेटरों को पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया। हालांकि कंप्यूटर आपरेटरों द्वारा लिखित में माफीनामा दे कर फिर से गलती न दोहराने का आश्वासन देने के बाद एसडीएम ने दोनों आपरेटरों को चेतावनी दे कर छोड़ दिया। उन्होंने चेताया कि यदि कोई भी आपरेटर इस तरह की गलती करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ मुकदमा



दर्ज करवाने के साथ ही विभागीय कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।
- बदसलूकी कर रहे दो आपरेटरों को भी किया तलब
सरल केंद्र में तैनात दो कंप्यूटर आपरेटरों पर बुजुर्ग से बदसलूकी करने का आरोप लगा है। मंगलवार को शेखपुरा गांव के बुजुर्ग साहब सिंह गन्नौर सरल केंद्र पर जमीन से संबंधित कागज निकलवाने आए थे। आरोप है कि जब उन्होंने जब कंप्यूटर आपरेटरों से दस्तावेजों से संबध में जानकारी मांगी तो दोनों आपरेटरों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। जिसके बाद उन्होंने एसडीएम डा. निर्मल नागर को दोनों आपरेटरों के खिलाफ शिकायत दी। शिकायत मिलने पर एसडीएम डा. नागर ने दोनों आपरेटरों को अपने कार्यालय में तलब किया और उन्हें फटकार लगाई।
जिसके बाद आपरेटरों ने एसडीएम के साथ-साथ बुजुर्ग से भी माफी मांगी। जिसके बाद एसडीएम ने उन्हें चेतावनी दे कर छोड़ दिया।

# उपायुक्त ने विकास परियोजनाओं के लिए भूमि संबंधी मामलों में दिए निर्देश

**तालमेल**

**8 -भूमि संबंधित तबादला मामलों में तालमेल के साथ बढायें कदम: उपायुक्त डा. मनोज कुमार**



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने निर्देश दिए कि विकास परियोजनाओं के लिए ग्राम पंचायती भूमि संबंधित तबादला केसों के निपटारे के लिए संबंधित अधिकारी-कर्मचानी व्यक्तिगत रूप से रूचि लेकर आगे कदम बढ़ायें। बेहतरीन आपसी तालमेल के साथ ऐसे मामलों को गति प्रदान करें ताकि विकास परियोजनाएं समयबद्धता के साथ पूर्ण करवाई जा सके।
लघु सचिवालय में मंगलवार को ग्राम पंचायत भूमि संबंधित तबादला केसों व स्वामित्व योजना की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त डा. मनोज कुमार कर रहे थे। उन्होंने पहले पंचायती भूमि तबादला केसों पर विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विशेष रूप से बरोदा मोर, भैंसवाल कलां, जाखोली, मोहाना व गन्नौर में राजकीय महाविद्यालय के निर्माण के लिए भूमि की उपलब्धता के लिए तकनीकी आवश्यकतों को पूरा करने के निर्देश दिए।उपायुक्त ने तिहाड़ मलिक में रास्ते का तबादला करने की स्वीकृति व एनसीएमसी कंपनी द्वारा शपथ पत्र देने की ावश्यकता, न्यात में खाद व बीज बिक्री केंद्र के लिए पंचायती भूमि 33 वर्ष के लिए लीज पर देने, अटेरना में रिजनल सेंटर पं. लख्मीचंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफोर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स का निर्माण, जाजी में निरीक्षण गृह व बाल गृह का निर्माण, जुआं व खरखौदा में आईटीआई का निर्माण, कमासपुर में पशु डिस्पेंसरी को पशु अस्पताल में अपग्रेड करने की योजना, सनपेड़ा में 33 केवी के पावर हाऊस के लिए पंचायती भूमि की खरीद, गुमड़ में पशु अस्पताल के निर्माण के लिए पंचायती भूमि 33 वर्ष के लिए पट्टे पर देने तथा ठसका में प्रस्तावित पुलिस थाना व पुलिस लाइन गोहाना के निर्माण के लिए जमीन की आवश्यकता के मामलों की विस्तार से समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने स्वामित्व योजना की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मैपिंग का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए।

## राष्ट्रीय बेसबॉल कप को अली पब्लिक स्कूल की एस्पायर स्पोर्ट्स एकेडमी गढी बेसिक जीतकर नाम किया रोशन

**पानीपत, कमाल हुसैन**
गढी बेसिक गांव के अली पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने पानीपत हरियाणा की और से खेलते हुए एस्पायर स्पोर्ट्स एकेडमी ने पंजाब के फगवाड़ा स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में आयोजित राष्ट्रीय बेसबॉल कप को जीतकर गोल्ड मैडल प्राप्त कर प्रथम स्थान प्रापत किया और राष्ट्रीय चैम्पियन बनी। जिसको लेकर स्कूल में पहुंचने पर सभी खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। और सभी खिलाड़ियों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान ब्लांक समिति की चेयरपर्सन दीपा फौर व शशिकांत कौशिक के चाचा सुशील कौशिक ने बतौर मुख्यातिथि शिरक्त की और कहा कि आज प्रदेश का खिलाडी राष्ट्रीय ही नही बलिक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना रहा है। इस दौरान एस्पायर स्पोर्ट्स एकेडमी के डायरेक्टर खुर्शीद नदवी ने बताया कि पंजाब के फगवाड़ा स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में आयोजित राष्ट्रीय बेसबॉल कप में देश के विभिन्न राज्यों से 132 टीमों ने भाग लिया था। इस दौरान एस्पायर स्पोर्ट्स एकेडमी की टीम का नाम पानीपत मार्लिंस रखा हुआ था। सेमीफाइनल मैच मुंबई को हराकर फाइनल में जगह बनाई। इसके उपरांत पुणे की टीम को 7-11 के अंतर से हराकर प्रथम स्थान हासिल कर राष्ट्रीय चैम्पियन बन कप को अपने नाम किया। इस मौके पर सरकारी स्कूल के प्रधानाचार्य पवन अत्री,स्नावर,कोसर नंबरदार, कोच शरीफ आदि अनेक मौजूद रहें।

## प्री नर्सरी से पांचवी तक स्कूलों में नहीं लगेगी कक्षाएं: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
बढ़ते प्रदूषण के चलते वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग व प्रदूषण नियंत्रण आयोग की अनुशंसा के आधार पर डीसी वीरेंद्र कुमार दहिया ने बुधवार 8 नवम्बर से प्री नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक स्कूलों में कक्षाएं ना लगाए जाने के आदेश जारी किए हें।
जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने ये निर्देश मंगलवार को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष पी राघवेंद्र राव से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बातचीत करने के बाद दिए।
उन्होंने बताया कि एयर क्वालिटी इंडेक्स में लगातार बढ़ोतरी होने से ग्रैप के स्टेज 4 की स्थिति आ गई है। अत्यंत गंभीर श्रेणी की स्थिति बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव का अंदेशा बना हुआ हैं।

## संस्था लहर समाज को दिशा देने में निभा रही अहम भूमिका

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
एकता कॉलोनी रोहतक में आज संस्था लहर द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता एवम हेलमेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रोहतक नगर निगम के डिप्टी मेयर अनिल कुमार, वार्ड 20 पार्षद सूरजमल किलोई व शिवाजी कॉलोनी थाना प्रभारी प्रकाश राज थे। संस्था लहर के अध्यक्ष सितेंद्र पावडिया व राहुल शर्मा रोहतकी द्वारा मुख्य अतिथियो का स्वागत किया गया। इसके पश्चात एकता कॉलोनी की मैन प्याऊ वाली गली में कैंप लगाकर
बिना हेलमेट मोटरसाइकिल



चालक को रोककर गुलाब का फूल और निशुल्क हेलमेट देकर यातायात के नियमो का पालन करने के लिए जागरूक किया। डिप्टी मेयर और पार्षद सूरजमल किलोई ने सभी चालकों को हरियाणा पुलिस को सड़क सुरक्षा सहयोग देने के लिए कहा ताकि एक सभ्य समाज का निर्माण हो सके और दीपावली पर घरों के चिराग सलामत रहे।
डिप्टी मेयर ने अपने भाषण में आने - जाने वाले यात्रियों को बताया कि सुरक्षित सफर के लिए मोटरसाइकिल पर हेलमेट जरुरी है। सूरजमल किलोई ने कहा कि घर पर परिवार आपका इंतजार कर रहा होता है। इस बात को ध्यान में रखकर वाहन चलाए। सभी ने इस मुहिम का स्वागत किया और संस्था लहर द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। राहुल शर्मा रोहतकी ने कहा कि लहर संस्था के नेतृत्व में आगे भी इस तरह के कार्यक्रम करते रहेंगे। इस अवसर पर डिप्टी मेयर अनिल कुमार, नगर निगम पार्षद सुरजमल किलोई, पुलिस प्रशासन, संस्था के पदाधिकारी , स्थानीय नागरिक अशोक किलोई, देबी, रमेश चंद्र, जगबीर सिंह अहलावत, सुनील शुक्ला, रवि दुबे उपस्थित रहे।

# ट्विटर के माध्यम से संज्ञान में आए मामले की जांच करने के लिए रेनू भाटिया पहुंची ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी

**-विद्यार्थियों की व्यक्तिगत गोपनियता को लीक करने का नहीं है किसी को कोई अधिकार-चेयरपर्सन रेनू भाटिया**
**-मामले को लेकर जिंदल यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों से हुई बातचीत के संदर्भ में संबंधित प्रोफेसर को आयोग के समक्ष पेश होने के लिए भेजा जाएगा नोटिस**
**-यूनिवर्सिटी में हमास व फिलिस्तीन के बारे में हुए कैंडल मार्च तथा देश के विरूद्ध हुई बातों की जांच के लिए पुलिस डीजीपी को लिखा जाएगा पत्र**

**टीम एक्शन इंडिया/ राई**
हरियाणा राज्य महिला आयोग के संज्ञान में आए मामले की जांच करने के लिए आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए।
राई । ट्विटर के माध्यम से हरियाणा राज्य महिला आयोग के संज्ञान में आए मामले की जांच करने के लिए आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया मंगलवार को ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी पहुंची। वहां पर उन्होंने मामले की जांच करते हुए यूनिवर्सिटी में पढ? वाले विद्यार्थियों से बातचीत की तो पता चला कि यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर ने कक्षा के अंदर बच्चों को डेटिंग एप को डाउनलोड करके इस्तेमाल करने के बोला, जिससे विद्यार्थियों की व्यक्तिगत गोपनियता लीक हुई है। जब कुछ छात्राओं ने इसका विरोध किया तो प्रोफेसर ने उनको फैक नाम से अकाउंट बनाने के लिए कहा गया।
चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि एक



प्रोफसर कक्षा में शिक्षा के अलावा ऐसे कार्य करवाएं वो बिल्कुल गलत है और गैरकानूनी है। क्योंकि किसी की व्यक्तिगत गोपनियता को लीक करना राइट टू प्राइवेसी एक्ट के खिलाफ है और विद्यार्थियों की व्यक्तिगत गोपनियता को लीक करने का किसी को भी अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर यूनिवर्सिटी की संबंधित प्रोफ्रेसर को हरियाणा महिला आयोग के समक्ष पेश होने के लिए नोटिस भेजा जाएगा और मामले की गहनता से जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ किसी प्रकार के शोषण को सहन नहीं किया जाएगा। इसके लिए हरियाणा महिला आयोग उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों महिला आयोग के समक्ष उचाना से स्कूली बच्चियों के साथ हुए गलत व्यवहार का मामला सामने आया था, जिसपर आयोग ने तुरंत कार्यवाही करते हुए स्कूल प्रिंसिपल को गिरफ्तार करवाया है।
इसके अलावा चेयरपर्सन ने कहा कि यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों से हुई बातचीत के दौरान पता चला कि कुछ दिन पहले दिल्ली विश्वविद्यालय से मुख्य वक्ता के रूप में आए प्रोफसर ने विद्यार्थियों को अपने विषय से हटकर अपने लेक्चर के दौरान फिलिस्तीन और हमास के बारे में बाते शुरू की और भारतीय सेना को गलत ठहराने के साथ-साथ बच्चों को मानव बम कैसे बना जाता है और इसे कब और कैसे प्रयोग किया जाता है के अलावा लव जिहाद मामलों के बारे में गलत शिक्षा प्रदान की, जिससे बच्चों के दिमाग पर गलत प्रभाव पड़ा। बच्चों ने बताया कि उन्होंने इस बारे में यूनिवर्सिटी के अधिकारियों को बताया लेकिन उन्होंने इस पर कोई कार्यवाही नहीं की।
चेयरपर्सन ने बताया कि इस बारे में जब यूनिवर्सिटी के वीसी से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।
चेयरपर्सन ने बताया कि इसके अलावा उनके समक्ष एक और मामला सामने आया कि गत दिनों यूनिवर्सिटी के अंदर हमास और फिलिस्तीन के बारे में कैंडल मार्च निकाला गया, जिसके अंदर एक लडकी बच्चों को देश के विरूद्ध बाते बता रही थी। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी के 11 हजार बच्चों को विषय से हटकर किताबे बांटी गई, जिसके बारे में वीसी को पता ही नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर वे स्वयं मुख्यमंत्री से बातचीत करेंगी और पुलिस डीजीपी को भी इस मामले की जांच करने और संबंधित के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए पत्र लिखेंगी। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर जिंदल यूनिवर्सिटी के चेयरमैन, वीसी व अन्य अधिकारियों को भी संज्ञान लेना चाहिए क्योंकि इससे यूनिवर्सिटी का नाम खराब हो रहा है। इस मौके पर एसडीएम अमित कुमार, एसीपी मुकेश कुमार, नायब तहसीलदार अंकित, महिला एवं बाल विकास विभाग की पीओ प्रवीण कुमारी, डब्ल्यूसीडीपीओ गीता गहलावत, एडवोकेट पूजा व रितु कपूर मौजूद रही।

# विज ने अपने निवास पर सुनी लोगों की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**हरियाणा के** गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने अंबाला में अपने आवास पर पहुंचे लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए। एयरफोर्स से रिटायर्ड विंग कमांडर ने गृह मंत्री को दी शिकायत में कहा कि उसने अम्बाला छावनी डिफेंस कालोनी में लगभग 500 गज का एक प्लाट स्थानीय प्रापर्टी डीलर से खरीदा था। उनका आरोप था कि प्रापर्टी डीलर ने धोखे से यह प्लाट किसी अन्य को बेच दिया। मामले में गृह मंत्री अनिल विज ने अम्बाला एसपी को केस की जांच कर मामला दर्ज करने के निर्देश दिए। सोनीपत में जगह के मालिक ने गृह मंत्री अनिल विज को शिकायत देते हुए बताया कि उसने अपनी जगह किसी अन्य को



फैक्टरी लगाने के लिए किराए पर देने के लिए बातचीत की थी। मगर आरोपी ने जबरन अपना सामान अंदर रख दिया। उसका आरोप था कि पुलिस को शिकायत करने के बावजूद भी मामले में कार्रवाई नहीं हुई है। इस पर गृह मंत्री अनिल विज ने सोनीपत पुलिस कमिश्नर को एसआईटी गठित करने मामले में जांच के निर्देश दिए।

इस मौके पर नगर परिषद के प्रशासक एवं एडीएम सतिंद्र सिवाच, डीएसपी कैंट आशीष चौधरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**अन्य मामलों में भी कार्रवाई के निर्देश दिए:** इसी तरह, दयालबाग निवासी व्यक्ति ने गृह मंत्री अनिल विज को बताया कि अमेरिका भेजने के नाम पर एजेंट ने उसके बेटे के साथ लगभग साढ़े 4 लाख रुपए की धोखाधड़ी की। गृह मंत्री विज ने कबूतरबाजी मामलों के लिए गठित एसआईटी को केस दर्ज करने के निर्देश दिए। सोनीपत से आई महिला ने शिकायत देते हुए आरोप लगाया कि उसके पति की हत्या मामले में अब तक पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। गृह मंत्री अनिल विज ने पुलिस कमिश्नर सोनीपत को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जम्मू में तैनात एवं फरीदाबाद निवासी सेना में क्लर्क ने गृह मंत्री अनिल विज को शिकायत देते हुए बताया कि उसकी पत्नी ने उससे तलाक लिए बिना किसी अन्य से शादी कर ली। उसका आरोप था कि पुलिस को शिकायत देने के बावजूद भी कार्रवाई नहीं हुई है। गृह मंत्री अनिल विज ने फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर को जांच के निर्देश दिए। गांव बीहटा निवासी महिला ने पति एवं ससुराल पक्ष के लोगों पर उसे प्रताड़ित करने के आरोप लगाए जिसपर मंत्री विज ने अम्बाला एसपी को कार्रवाई के निर्देश दिए इसी तरह, करनाल निवासी महिला ने पति की मौत के मामले में आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करने के आरोप लगाए। महिला ने बताया कि उसके पति के जेब से सुसाइड नोट बरामद हुआ था जिस पर आरोपियों के नाम भी दर्ज थे। गृह मंत्री अनिल विज ने एसपी करनाल को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी तरह, अन्य मामलों में भी गृह मंत्री अनिल विज ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।

# अटल कैंसर अस्पताल चलाएगा कम्युनिटी अवेयरनेस प्रोग्राम



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**अटल कैंसर** केयर सेंटर द्वारा नागरिकों में कैंसर के प्रति जागरूकता के लिए इसी माह से कम्युनिटी अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा।

अटल कैंसर केयर सेंटर के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. यशपाल वर्मा ने बताया कि कैंसर की चिकित्सा सेवा को अधिकतम जनमानस तक सफलतापूर्वक पहुंच बनाने के लिए अटल कैंसर केयर सेंटर के चिकित्सक अब ह्लप्रिवेंटिव ऑनकोलॉजीह्व मुहिम चलाने जा रहे हैं। इस कम्युनिटी अवेयरनेस प्रोग्राम के तहत पहले चरण में हर पखवाड़े में अटल कैंसर केयर सेंटर से एक कैंसर विशेषज्ञ किसी सेकेंडरी या प्राइमरी स्वास्थ्य केन्द्र पर मेडिकल और पैरामेडिकल स्टाफ को कैंसर बारे जानकारी देंगे। कैंसर से बचाव और निदान के लिए सुगम तरीका और सेवा कैसे व कहां से ली जाएं। पहले चरण में अम्बाला जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में यह कार्यक्रम होंगे जबकि अगले चरण में प्रदेश के अलग-अलग जिलों में कार्यक्रम आयोजित होंगे ताकि जमीनी स्तर तक लोगों को जानकारियां मिलें। गौरतलब है कि मंत्री अनिल विज के प्रयासों से स्थापित अटल कैंसर केयर सेंटर में हजारों मरीजों को ईलाज की सुविधा मिल रही है। यहां हरियाणा ही नहीं अन्य राज्यों से मरीज बेहतर ईलाज सुविधा उपलब्ध होने के कारण उमड़ रहे हैं।

**कैंसर सेंटर में डॉक्टरों के लिए एजुकेशनल प्रोग्राम:** कैंसर सेंटर में आगामी दिनों में डॉक्टरों के लिए एजुकेशनल प्रोग्राम के अलावा सीएमई (कंन्टीन्यू मेडिकल एजुकेशनल) सेशन भी होंगे। इसके लिए सोमवार को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कैंसर सेंटर का निरीक्षण किया और चर्चा की। इस संबंध में अधिकारियों से विचार-विमर्श किया गया है और जल्द ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

**आधुनिक सुविधाओं से लैस कैंसर सेंटर, हजारों मरीजों को मिल रहा लाभ:** मंत्री अनिल विज के प्रयासों से मई 2022 में स्थापित अटल कैंसर केयर सेंटर प्रदेश ही नहीं अन्य प्रदेशों के मरीजों के लिए ईलाज का बेहतर जरिए बन गया है। यहां प्रतिमाह 2100 से अधिक ओपीडी है और लगभग डेढ़ सौ मरीज दाखिल रहते हैं जबकि 350 के आसपास डे-केयर से सेवाओं का लाभ मिल रहा है। प्रत्येक माह औसतन 50 मरीज लीनियर एक्सीलरेटर पर और 20 से 25 ब्रेकीथैरेपी ईलाज ले रहे हैं। अटल कैंसर केयर सेंटर उत्तर भारत में बिना रुकावट ब्रेकी थैरेपी करने वाले चुनिंदा केंद्रों में से एक है। हर माह करीब 350 मरीज मुफ्त कीमोथेरेपी का लाभ ले रहे हैं, जिनमें आयुष्मान भारत के लाभार्थी भी शामिल हैं। सेंटर में 100 से अधिक केंसर सर्जरी और आधुनिक तकनीक से एंडोस्कोपी की सुविधा है जबकि 10 बिस्तर का आईसीयू भी कार्यरत है। कैंसर सेंटर में हॉस्पिटल बेस्ड कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम रियल टाइम में अनवरत जारी है।

## न्यूज फ्लैश

### नारनौल में जुआ खेलते हुए चार लोगों को पकड़ा 30460 बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/संतोष कुमारी**

**नारनौल। सीआईए** पुलिस ने जुआ खेलते हुए शहर के चार लोगों को गिरफ्तार किया है। चारों लोगों के पास से पुलिस ने 30460 रुपए बरामद किए हैं। पुलिस ने चारों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। सीआईए पुलिस को सूचना मिली थी कि नहर के पंप हाउस के पास कुछ लोग बैठकर ताशों से जुआ खेल रहे हैं। जिसके आधार पर पुलिस ने बताए गए स्थान पर रेड की। इस दौरान पुलिस को वहां पर मोहल्ला नई सराय का सोमवीर, खोडमा गांव का मिथुन, पुरानी सराय का देवराज व मीरा जी मोहल्ले का रजत ताशों के पत्तों पर पैसे दाव पर लगाकर सरेआम जुआ खेलते हुए पकड़े गए। इस पर पुलिस ने सोमवीर से 18000 मिथुन थे 2660 देवराज से 3200 और 5100 तथा एक अखबार पर रखे हुए 1500 रुपए मिले। इस प्रकार पुलिस को कल 30460 रुपए बरामद हुए। इसके बाद पुलिस ने चारों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ जुआ अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज कर उनको गिरफ्तार कर लिया।

### अग्रवाल धर्मशाला सोनीपत में नेत्र चिकित्सा कैंप मे 220 मरीजों की हुई जांच

**सोनीपत: अग्रवाल धर्मशाला** गुड़ मंडी में दी महाराजा अग्रसेन समिति के सौजन्य से नेत्र चिकित्सा कैंप लगाया गया जिसमें की गुरुग्राम इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय से डॉक्टरों की टीम अग्रसेन समिति के सौजन्य से बुलाई गई थी जिसमें की आम जनता अपनी आंखों का चेकअप बिना किसी शुल्क के करवाया और



इसमें से 44 मरीजों को मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई जिनमे से 29 को आज टीम के साथ ऑपरेशन के लिए भेजा गया तथा अन्य 15 मरीजों को दिनांक 09 नवंबर को ऑपरेशन के लिए भेजा जायेगा तथा जिनको कोई अन्य बीमारी थी तो उनको फ्री मे दवाइयां दी गई, इस कैंप मे पूर्णता फ्री इलाज किया जाता है और जिन वृद्धों को दवाइयों और अन्य किसी चीज की आवश्यकता होती है उनको बिना किसी शुल्क के प्रदान किया जाता है। जरूरतमंद मरीजों के लिए मुफ्त मे चश्मे का प्रबंध संजय मक्कड़ द्वारा किया गया है,इस कैम्प मे मरीजों की शुगर व ब्लड प्रेशर की जाँच मुफ्त मे की गई,प्रधान टीकाराम मित्तल ने बताया की हर महीने के पहले मंगलवार को यह कैम्प लगाया जायेगा,संजय सिंगला ने बताया की आज इस कैम्प मे 220 मरीजों ने जाँच करवाई,जिसमें महाराजा अग्रसेन समिति के सदस्य सभी एकजुट होकर आम जनता की सेवा करते हैं और महीने के पहले मंगलवार को नेत्र चिकित्सा कैंप लगाया जाता है जिससे कि गरीबों और वृद्धों का इलाज फ्री में किया जा सके।इस मौके पर समिति के महासचिव ओ डी गर्ग,कैम्प इंचार्ज प्रदीप गोयल, दयाराम जैन,डॉक्टर राजेश गुप्ता,राजीव गर्ग,लक्ष्य गोयल व डॉक्टर टीम के इंचार्ज सुभाष यादव, डॉक्टर विवेक कुमार, ऑप्टिरमीट्रिस्ट रक्षा पाण्डेय , अंजली, तान्या, आर्य, तारीफ आदि मौजूद रहे

### श्री ओम साईंराम स्कूल के छात्र सागर ने जीते 1लाख रू नगद एवं सिल्वर मेडल

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। गत दिवस** 4- 5 नवंबर को "इंडियन शोटोकन कराटे- डू फेडरेशन" द्वारा आनंद इंजीनियरिंग कॉलेज कीथम ,आगरा( उत्तर प्रदेश ) में "6ईआईएसकेएफ नेशनल कराटे सीयूपी -2023 का आयोजन करवाया गया जिसमें महेंद्रगढ़ के श्री ओम साईंराम इंटरनेशनल स्कूल से पांचवी कक्षा के छात्र "सागर सुपुत्र श्री श्रीनिवास बेरी" ने 37 किलो भारवर्ग कराटे प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करके 100000रू नगद और एक सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय चेयरमैन रमेश सैनी एवं चेयरपर्सन निशा सैनी ने विजेता छात्र सागर को बधाई देते हुए कहा कि इस छात्र ने अपने विद्यालय का ही नाम रोशन नहीं किया है अपितु अपनी "गौतम बुध स्पोर्ट्स एकेडमी,अपने कोच लोकेश सैनी,अपने माता-पिता तथा अपने गांव बेरी के साथ साथ महेन्द्रगढ़ जिले का भी नाम रोशन किया है। अत: विद्यालय परिवार की ओर से मैं इसे हार्दिक बधाइयां देता हूं।

# पटाखा फैक्ट्री में जांच करने पहुंची सीएम फ्लाइंग, सभी मानदंड मिले पूरे

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**सीएम** फ्लाइंग की टीम सोमवार को पिपलीखेड़ी रोड पर एक पटाखा फैक्ट्री में जांच करने पहुंची। जांच के दौरान सीएम फ्लाइंग की टीम ने फैक्ट्री में सभी मानदंडो की जांच की। जांच के दौरान फैक्ट्री सभी मानदंड पूरे करते हुए पाई गई। जिसके बाद टीम वापिस लौट गई। दीपावली के त्यौहार के मद्देनजर सीएम फ्लाइंग की टीम एक सूचना पर ड्यूटी मेजिस्ट्रेट तहसीलदार मनोज कुमार के साथ पिपलीखेड़ा रोड स्थित



एक पटाखा फैक्ट्री में पहुंचे। सीएम फ्लाइंग टीम के उप निरीक्षक सुनील कुमार व उप निरीक्षक राजेश ने फैक्ट्री में पहुंचते ही उन्होंने फैक्ट्री के गोदामों की जांच की। गोदामों की जांच के बाद उन्होंने फैक्ट्री चलाने के लिए विभिन्न विभागों से मिलने वाली परमीशन की भी जांच की। टीम ने फायर एनओसी की भी जांच की।

इस दौरान फायर सेफ्टी उपकरण का भी परीक्षण लिया। इस दौरान कुछ फायर सिलेंडरों भरे हुए तो मिले, लेकिन पर तिथि अंकित नहीं मिली, जिस पर फैक्ट्री संचालक ने उन्हें तिथि अंकित करवाने का आश्वासन दिया। सीएम फ्लाइंग की टीम फैक्ट्री की गहनता से जांच के बाद वापिस लौट गई।

# जी.एम.एन कॉलेज में निशुल्क वसा विश्लेषण शिविर आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अंबाला कैंट में महिला सेल द्वारा आईक्युएसी के सहयोग से निःशुल्क वसा विश्लेषण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन हेल्प वेलनेस प्वाइंट द्वारा किया गया जो हर्बल लाइफ न्यूट्रिशन कंपनी के तहत काम करता है। स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम सुबह करीब 12 बजे सेमिनार हॉल में शुरू हुआ। हेल्प वेलनेस प्वाइंट के प्रतिनिधियों ने बीएमआई, वसा , आंत वसा, आराम चयापचय और शरीर में वसा से संबंधित अन्य मापदंडों का विश्लेषण किया। इसके लिए सभी शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की जांच की गई।

# डीसी ने सुनीं 78 नागरिकों की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने आज यहां महेंद्रगढ़ के प्रशासनिक भवन में लगे कैंप कार्यालय में 78 लोगों की समस्या सुनी। इनमें से ज्यादातर का मौके पर ही समाधान किया तथा शेष को अधिकारियों को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां पर मिलने वाली हर शिकायत को अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर दूर करें। शिकायतों के बारे में अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से जानकारी लेते रहे ताकि अविलंब समस्या का समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायत का मौका



मुआयना करने के बाद उसकी रिपोर्ट मुझे भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सामूहिक रूप से कार्य के लिए आने वाले नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। अगर अधिकारी लोगों के साथ कनेक्ट रहेंगे तो उनकी समस्याओं को जल्द से जल्द दूर कर पाएंगे। अगर हम उनके कार्य जल्द से जल्द करेंगे तो कार्यालयों में भी अनावश्यक भीड़ नहीं आएगी। इस मौके पर जमीनी विवाद से संबंधित समस्याएं, रास्तों व नालियों की समस्याएं, बीपीएल राशन कार्डो से संबंधित व कब्जे संबंधित,पेंशन बनवाने संबंधित समस्याएं सुनी। इन सभी को जल्द से जल्द दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

# रविंद्र यादव एडवोकेट बार एसोसिएश के आरओ नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल।** बार काउंसिल पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट की हिदायत के अनुसार जिला बार एसोसिएशन नारनौल के चुनाव 15 दिसंबर को होने निश्चित किए गए हैं।

इस चुनाव के बारे में मंगलवार को जिला बार एसोसिएशन का आरओ नियुक्त करने के लिए अधिवक्ताओ की एक सामूहिक मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता बार प्रधान राजकुमार रामबास एडवोकेट ने की। इस मीटिंग में सर्वसम्मति से रविंद्र कुमार यादव एडवोकेट को रिटर्निंग ऑफिसर चुन लिया गया।

# रजिस्ट्रियों पर लगाई गई रोक हटाने की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**मुख्यमंत्री के** पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने जिला उपायुक्त को पत्र भेजकर 50 वर्ष पूर्व बसी हुई कॉलोनियों में खसरा नंबर, किला नंबर ना होने की चलते रजिस्ट्रियों पर लगाई गई रोक हटाने की मांग की है। जनता की परेशानी को देखते हुए राजीव जैन ने फोन पर भी उपायुक्त से बात की और जल्द से जल्द समस्या का समाधान करवाने का आग्रह किया।

राजीव जैन ने लिखा है कि शहर कि पुराने इलाकों इंद्रा कॉलोनी, मोहनपुरा, अशोक नगर, तारा नगर, नंदवानी नगर समेत दर्जनों ऐसी कॉलोनियां हैं जिन्हें बसे हुए 50-50 वर्ष से भी ज्यादा



समय हो गया है। उन्होंने लिखा है कि ये सभी कॉलोनियां निगम कि रिकॉर्ड में वैध कॉलोनियों की श्रेणी में दर्ज हैं परन्तु खसरा नंबर, किला नंबर ना होने कि चलते रजिस्ट्रियां नहीं हो पा रही हैं,

**आग्रह**

**8 राजीव जैन ने फोन पर भी उपायुक्त से बात की और जल्द से जल्द समस्या का समाधान करवाने का आग्रह किया**

इससे मकान, दूकान खरीदने बेचने वाले नागरिकों को परेशानी आ रही है। इसके अतिरिक्त उन्होंने उपायुक्त का ध्यान इस तरफ भी आकर्षित किया कि जिस अधिकारी के नाम रजिस्ट्री का टोकन कटता है, यदि वह उपलब्ध नहीं है या छुट्टी पर है तो दोपहर तक उसका नाम उस अधिकारी की साइट से नहीं हटता और रजिस्ट्री करवाने वाला सारा दिन इंतजार करता रहता है। अगले दिन वह टोकन काम ना आने के कारण दूसरा टोकन लेना पड़ता है। राजीव जैन ने आगे लिखा है कि पूरी बसी कॉलोनियों कि बीच में किसी जमीन के टुकड़े पर 7-ए लगने, छोटा प्लाट टुकड़ों में ना बेच पाने, प्रॉपर्टी आई० डी० के कारण नो ड्यूज लेने में आ रही परेशानी से पहले ही नागरिक जूझ रहे हैं, अब इस फरमान से परेशानी और बढ़ गई है। वरिष्ठ भाजपा नेता ने नगर निगम के अधिकारियों से भी पुरानी बसी कॉलोनियों की सूची भी जिला उपायुक्त कार्यालय में भेजने का आग्रह किया है ताकि इनकी रजिस्ट्रियां शुरू हो सकें।

# 'गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए मशरूम को जीवनशैली का हिस्सा बनाएं'



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**महाराणा** प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के क्षेत्रीय मशरूम अनुसंधान केंद्र में मशरूम उत्पादन प्रसंस्करण व विपणन विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन हो गया। कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे ललित बत्तरा का केंद्र निदेश डॉ. अजय सिंह ने स्वागत किया। मंच संचालन डॉ. हरजोत सिंह ने किया। मुख्य अतिथि ललित बत्तरा ने कहा कि पिछले करीब 15 सालों से किसानों की समस्याएं सुन रहा हूं, मशरूम का उत्पादन करने वाले किसानों से लगातार गहनता के साथ बातचीत होती है। किसानों की सबसे बड़ी समस्या है, बिजली ओर लेबर की होती है। मशरूम का उत्पादन करने के लिए बिजली व लेबर बहुत महंगी पड़ती हैं, इस समस्या के बारे में सरकार से मिलकर सुलझाने का प्रयास किए जाएगें ताकि किसानों को बिजली पर सब्सिडी व लोन आदि की सुविधा उपलब्ध हो सकें। जिससे उनके समक्ष आने वाले बड़ी समस्या से राहत मिल सकें ओर वे कम खर्च पर ज्यादा उत्पादन ले सके। उन्होंने कहा कि आजकल मेडिसनल मशरूम की बहुत मांग है, क्योंकि मशरूम को लगातार खाने में प्रयोग करने से कई बड़ी बीमारियों से छूटकारा पाया जा सकता है। उन्होंने सभी से अपील कि मशरूम को जीवनशैली का अनिवार्य तौर पर हिस्सा बनाएं। केंद्र निदेशक डॉ. अजय सिंह ने प्रतिभागियों को बताया कि प्रदेश में मशरूम की खेती लगातार बढ़ रही है, लेकिन इसके साथ-साथ किसानों को प्रोसेसिंग व मार्केटिंग को भी बढ़ावा देना है, मशरूम के विभिन्न प्रकार के उत्पाद बनाकर बाजार में बेचने हैं। जिससे किसानों को भारी मुनाफा हो सके।

उन्होंने कहा कि केंद्र द्वारा मशरूम की खेती ओर मार्केटिंग, प्रोसेसिंग के बारे में लगातार ट्रेनिंग उपलब्ध करवाई जाती हैं, जो सभी के लिए निःशुल्क होती है। कार्यशाला में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

# सड़क निर्माण पर उठे सवाल, लोगों को मिला विनोद शर्मा का साथ, मौके पर पहुंचे अधिकारी

## एसडीओ ने कहा कि निर्माण में कोई गलती नहीं, लेकिन माना कि मैटिरियल लूज है, जैसे लोग चाहेंगे वैसे किया जाएगा काम

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**अंबाला** शहर रमदास नगर मोड़ से लहारसा की तरफ जाने वाली मुख्य सड़क के निर्माण पर सवाल खड़े करते हुए लोगों ने हंगामा कर दिया। लोगों ने आरोप लगाया कि निर्माण करने वाला ठेकेदार नियमों को ताक पर रखकर सड़क का निर्माण कर रहा है। अभी सड़क बनी भी नहीं है और वह उखड़ी शुरू हो गई है। इस दौरान गुस्साएं लोगों निर्माण कार्य को रुकवा दिया। लोगों के आग्रह के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा भी मौके पर पहुंचे और लोगों से बातचीत की। जैसे ही अधिकारियों को पता चला कि विनोद शर्मा मौके पर पहुंचकर लोगों से बातचीत कर रहे हैं तो तुरंत एसडीओ मौके पर आए और निर्माण को रुकवा दिया। एसडीओ ने कहा कि निर्माण में कोई गलती नहीं, लेकिन वह मानते हैं मैटिरियल लूज है और उसे ठीक करवा दिया जाएगा।

अंबाला शहर रमदास नगर से लहारसा की तरफ जाने वाली मुख्य सड़क की हालत काफी खस्ता है और लगातार सड़क निर्माण की मांग उठ रही थी। इस सड़क निर्माण का कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग को सौंपा गया। जिसके बाद करीब 25



करोड़ रुपए की लागत से सड़क का निर्माण भी शुरू कर दिया गया। लोगों ने निर्माण कार्य को देखा तो बेहतर घटिया तरीके से निर्माण किया जा रहा था। तारकोल के नाम पर कुछ भी नहीं था, लेकिन बजरी को काला करके बिछाया जा रहा था। लोगों ने विरोध शुरू कर दिया और निर्माण कार्य को रुकवा दिया। सूचना मिलने के बाद वार्ड की पार्षद राजेंद्र कौर भी मौके पर पहुंची और लोगों का साथ दिया। इस दौरान घटिया निर्माण का विरोध कर रहे लोगों के आग्रह के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा मौके पर पहुंचे। इस दौरान लोगों ने कहा कि जब आप विधायक थे तब इस सड़क का निर्माण किया गया था। अब सड़क के निर्माण के नाम पर केवल खानापूर्ति हो रही है। लोगों ने दिखाया कि कैसे केवल पैर मारने से सड़क की बजरी उखड़ रही है। विनोद शर्मा ने लोगों को विश्वास दिलाया कि वह उनके साथ है और घटिया निर्माण को सहन नहीं किया जाएगा।

जैसे ही विनोद शर्मा निकलते तो वहां पर पीडब्ल्यूडी के एसडीओ पहुंच गए। जिन्हें लोगों ने घेल लिया। लोगों ने कहा कि सड़क के ऊपर ही सड़क बनाई जा रही है, जबकि हमारी मांग है कि सड़क को दोबारा खुर्च कर बनाया जाए। वहीं निर्माण भी तारकोल केवल नाम के लिए लगाया गया है। जिसके बाद एसडीओ ने आश्वासन दिया कि जैसे लोग चाहेंगे वैसे ही निर्माण किया जाएगा। अभी खुर्च कर निर्माण करने का टैंडर नहीं दिया गया है यदि लोग खुर्च कर निर्माण चाहते है तो दोबारा टैंडर किया जाएगा। वहीं घटिया निर्माण होने के सवाल पर एसडीओ ने कहा कि निर्माण में कोई गलती नहीं, लेकिन मैटिरियल लूज है, उसे ठीक करवा दिया जाएगा।

# आजादपुर मंडी का उपराज्यपाल ने किया दौरा





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**एशिया की** सबसे बड़ी सब्जी व फल मंडी आजादपुर में मंगलवार को दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दौरा किया।
इस मौके पर मंडी के आढ़तियों ने उपराज्यपाल का स्वागत किया। इस दौरान उप-राज्यपाल ने कई शैड़ों का दौरा किया और मंडी की समस्याओं से रूबरू हुए।
इस अवसर पर जानकारी देते हुए चैम्बर ऑफ यूथ एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीन कोहली (राजू कोहली) ने बताया कि हम चाहते है कि जिस प्रकार से आज मंडी के अंदर साफ-सफाई और अच्छी व्यवस्था थी वह हर दिन बनी रहे। उन्होंने आगे बताया कि चैम्बर ऑफ यूथ एसोसिएशन ने एलजी साहब को मंडी का दौरा करने को लेकर पहली बार पत्र लिखा और आज एलजी साहब आये है, हम उनका स्वागत करते है। हमने उनको मंडी की समस्याएं भी बताई है।
इस मौके पर एपीएमसी के अधिकारी व व्यापारी, चैम्बर ऑफ यूथ एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीन कोहली(राजू कोहली), चीफ सीनियर एडवाईजर अशोक कौशिक, उपप्रधान विजय मलिक, जनरल सैकेट्री अनिल गोयल, खजाची रिंकू सचदेवा, आढ़ती संदीप खंडेलवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# टीना आहूजा बनी भाजपा जिला केशवपुरम की जिला उपाध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**समाजसेविका** टीना आहूजा के कार्यों को देखते हुए भाजपा आलाकमान व भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष और जिला केशवपुरम अध्यक्ष विरेन्द्र गोयल ने टीना आहूजा को जिला केशवपुरम भाजपा में जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी है। जिला उपाध्यक्ष बनने पर टीना आहूजा को उनके समर्थको व कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।
आपको बतादें कि टीना आहूजा भाजपा के कई पदों पर रह चुकी है और पार्टी को मजबूत करने का कार्य किया है। टीना आहूजा ने बताया कि आज जो जिला



उपाध्यक्ष की जिम्मेवारी मुझे सौंपी गई है। मैं उसको पूरी ईमानदारी से निभाते हुए पार्टी को मजबूत करने का कार्य करूंगी।
टीना आहूजा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है। इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है।

**टीना ने कहा...**
8 प्रधानमंत्री ने देश में कई योजनाएं लागू की है। इन योजनाओं से जुड़कर लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है।

# ऑड-ईवन निर्णय का व्यापारी करेंगे विरोध: परमजीत सिंह पम्मा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बढ़ते वायु प्रदूषण** को देखते हुए दिल्ली सरकार ने फिर से ऑड-ईवन लागू करने का फैसला लिया है। 13 से 20 नवंबर तक दिल्ली में ऑड-ईवन फॉम्युर्ले के तहत निजी चार पहिया चल सकेंगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से बुलाई गई मीटिंग में यह फैसला हुआ है। फेस्टिवल सीजन के दौर में सरकार के निर्णय पर व्यापारी नेताओं ने आपत्ति जताई है। फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स असोसिएशन (फेस्टा) के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा ने कहा कि दिवाली के तुरंत बाद ऑड-ईवन लागू करने से पलूशन का समाधान नहीं होगा। इससे



खरीदारों के साथ व्यापारियो को भी नुकसान होगा। वाहन चालक परेशान होंगे। पम्मा ने कहा पल्ला छुड़ाने के लिए सरकार गुमराह कर रही है। ग्राहक बाजार नहीं आ पाएंगे, तो ई-कॉमर्स की ओर रुख करेंगे। क्या, सरकार ऑनलाइन कंपनी को बढ़ावा देना चाहती है।

# 'रिठाला, बरवाला, बवाना और नरेला मैट्रो रुट को भी मिले मंजूरी'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रिठाला, बरवाला,** बवाना और नरेला मैट्रो रुट संघर्ष समिति की एक मीटिंग नरेला के नंदी राम धर्मशाला में संघर्ष समिति के संयोजक हेमराज बंसल की अध्यक्षता एवं दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण समाज के अध्यक्ष एवं संघर्ष समिति की कोर कमेटी के सदस्य शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय, प्रदीप मंगल, एन.डी अरोड़ा, अब्बास अली, सरदार राजिंद्र सिंह पद्म, जोगिंदर दहिया, मोहित गौतम, राजेन्द्र सिंघल, डॉ रजनीश, सेठ, श्रीकिशन दास, भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं दिल्ली नगर निगम के मनोनीत पार्षद मुकेश मान, रियासत अली सहित बड़ी संख्या



में बवाना और नरेला विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने भाग लिया। मीटिंग में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर से एक बार फिर से केंद्र सरकार के शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी से निवेदन किया है कि वे इसी चौथे फेज की बची हुई तीन लंबित मैट्रो लाईनों में रिठाला बरवाला बवाना नरेला मैट्रो रुट को भी मंजूरी दें। अन्यथा इस बार क्षेत्र के लोगों ने मन बना लिया है कि मैट्रो नहीं तो वोट नहीं। रिठाला बरवाला बवाना नरेला मैट्रो रुट के लिए पिछले 23 सालों से संघर्ष कर रहे बरवाला निवासी शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने कहा कि मैट्रो के पहले ही फेज में शाहदरा से बरवाला तक का रुट स्वीकृत था। जिसे बाद में चौथे फेज तक लटकाया जाता रहा। संघर्ष समिति के प्रदीप मंगल ने कहा कि पिछले दिनों केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी के साथ 17 अगस्त 2023 हुई संघर्ष समिति की बैठक में मंत्री पुरी साहब ने प्रतिनिधिमंडल को कहा था कि आपका काम हो गया है जाओ जाकर नरेला में मिठाई बांटो। मैं खुद उद्घाटन करने नरेला आऊंगा। लेकिन शहरी विकास मंत्रालय फिर से इस रुट को मंजूरी देने में आनाकानी कर रहे है। संघर्ष समिति को आशंका है कि सरकार चौथे चरण में भी रिठाला नरेला रुट को मंजूरी देने के मूड में नहीं है और इसीलिए इस रुट को नरेला से हरियाणा के कुंडली तक विस्तार देने की घोषणा मैट्रो ने की। यह सब इस लाईन को डिले करने की कवायद का हिस्सा है। अब 31अक्टूबर 2023 संघर्ष समिति ने ओएसडी यूटी जयदीप को पत्र लिखकर उनसे वर्तमान स्थिति स्पष्ट करने और मैट्रो को इसी साल मंजूरी देने की मांग की है।
रिठाला बरवाला बवाना नरेला मैट्रो रुट संघर्ष समिति कोर कमेटी के सदस्य शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक्स पर पोस्ट कर उनसे इस लाईन को चौथे फेज में ही मंजूरी देने की मांग की है।

# आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पश्चिम दिल्ली** स्थित आनन्द धाम आश्रम में नेहरू युवा केंद्र उत्तरी दिल्ली (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा आदिवासी युवाओं के विकास और सशक्तिकरण के साथ राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए आदिवासी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का आयोजन गृह मंत्रालय भारत सरकार के माध्यम से किया जा रहा है। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि हर्षवर्धन उपायुक्त द्वारका, राजीव लाल संयुक्त सचिव, आईसीएआर, जिमी चिराम उपायुक्त बाहरी दिल्ली, क्षेत्रीय निर्देशक रुचित्र नारायण त्यागी, सुधीर कपूर, शिक्षा प्रशिक्षक, डॉ अतुल कुमार पाण्डेय सेवानिवृत उपनिदेशक नेयूकेसं, डॉ



अजीम अंसारी, नोडल अधिकारी पूनम शर्मा उपनिदेशक, एम एल तिवारी प्रबंधक आनन्द धाम आश्रम आदि उपस्थित रहें सभी ने युवाओं का मार्गदर्शन करते हुए समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का आह्वान किया आदिवासी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम में दो राज्य जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के जिलों सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर कांकेर और राजनांदगांव और मध्य प्रदेश राज्य के बालाघाट जिले से 200 युवा और एनवाईकेएस, सीआरपीएफ, बीएसएफ और आईटीबीपी के 20 एस्कॉर्ट अधिकारी भाग ले रहे हैं।

# हिंदुस्तानी भाषा काव्य प्रतिभा सम्मान समारोह-2023 सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय भाषाओं** के उन्नयन एवं संवर्धन को समर्पित स्ववित्तपोषित संस्था 'हिंदुस्तानी भाषा अकादमी' द्वारा जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र, दीन दयाल उपाध्याय मार्ग स्थित एन.डी. तिवारी सभागार में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मेरठ के वरिष्ठ साहित्यकार बृजराज किशोर 'राहगीर' को हिंदुस्तानी भाषा काव्य प्रतिभा सम्मान-2023 से नवाजा गया। सम्मान स्वरूप में उन्हें शाल, प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह, पुस्तक साझा गजल संग्रह 'गुलदस्ता-ए-गजल' की प्रति तथा नगद सम्मान राशि प्रदान की गई। बृजराज किशोर 'राहगीर' को यह सम्मान निर्णायक मंडल द्वारा साझा गजल



संग्रह में शामिल उनकी गजलों के गुणवत्ता के आधार पर दिया गया।
गौरतलब है कि अकादमी भारतीय भाषाओं के संवर्धन के साथ ही स्तरीय साहित्य को भी प्रोत्साहित करती रहती है। अकादमी द्वारा इससे पूर्व में साहित्य की गीत विधा पर यह सम्मान दिया गया था। इस वर्ष यह सम्मान साहित्य की गजल विधा के लिए कुछ महीने पहले घोषित किया गया था, जिसके अंतर्गत सोशल मीडिया के माध्यम से देश-विदेश के गजलकारों से उनकी तीन-तीन गजलें आमंत्रित की गई थीं। उन गजलों के आधार पर 50 श्रेष्ठ गजलकारों का चयन किया गया। चयनित 50 श्रेष्ठ गजलकारों की दो-दो गजलों को शामिल करके यह साझा गजल-संग्रह 'गुलदस्ता-ए-गजल' के नाम से प्रकाशित किया गया। निर्णायक मंडल द्वारा इन 50 गजलकारों में से ही ब्रज राज किशोर 'राजगीर' की गजलों को श्रेष्ठ घोषित किया गया, जिसके लिए उन्हें उक्त समारोह में 'हिंदुस्तानी भाषा काव्य प्रतिभा सम्मान -2023' से सम्मानित किया गया। योजना के अंतर्गत चयन प्रक्रिया को पारदर्शी व विश्वसनीय बनाने के लिए निर्णायक के पास गजलों के साथ गजलकारों के नाम नहीं भेजे गए, बल्कि उन्हें एक प्रतियोगी क्रमांक आवंटित किया गया था। अकादमी से जुड़े किसी भी सदस्य को इस प्रतियोगिता में शामिल नहीं किया गया। देश-विदेश से 171 गजलकारों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया जिनमें से श्रेष्ठ 50 गजलकारों का चयन किया गया।

# ज्यादा से ज्यादा पेड़-पौधे लगाओं, प्रदूषण भगाओः कुरेशी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** समेत देश के कई हिस्सों में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ता जा रहा है। लोग कई तरह की बीमारियों से जूझ रहे हैं। ऐसे में आपको ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाना चाहिए जो प्रदूषण के हानिकारक प्रभावों को कम करने में मदद करेंगे। आप घर में भी कुछ पौधे लगा सकते हैं जो हवा को शुद्ध रखते हैं। त्रीनगर विधानसभा स्थित शकूरपुर वार्ड-62 में रहने वाले व आनंदवास जनकल्याण सेवा परिषद के



महासचिव शाहीद कुरेशी ने कहा कि इन दिनों प्रदूषण की समस्या बढ़ती जा रही है। हर घर में एक कार तो जरूर होती है। अक्सर लोग यहां-वहां जाने के लिए कार का इस्तेमाल करते हैं। कुछ लोग भले ही सिंगल जा रहे हो, लेकिन कार लेकर जरूर निकलते हैं, ऐसे में प्रदूषण का स्तर बढ़ता है। इसके अलावा प्रदूषण बढ़ने के इंडस्ट्रियल पॉल्यूशन, ग्लोबल वॉर्मिंग आदि और कई कारण हैं। प्रदूषण को कम करने के लिए हमें हर कोशिश करनी चाहिए। इसके अलावा घर में प्रदूषण कम करने के लिए आप कुछ उपाय कर सकते हैं।



सांसद प्रवेश वर्मा को जन्मदिन की बधाई देते हुए सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब व अन्य।

# अधिकांश विद्यालय प्रमुख कर रहे हैं शिक्षा निदेशालय के आदेशों की अवहेलना: यादव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में पर्यावरण** एजेंसियों द्वारा जारी आदेश और ग्रैब 4 लागू किए जाने के बावजूद दिल्ली के सरकारी विद्यालयों द्वारा खुलेआम इन पाबंदियों की अवहेलना देखी गई। शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी आदेश की दिल्ली के अधिकांश विद्यालय प्रमुखों ने अनदेखी कर फिजिकल तौर पर विद्यार्थियों को विद्यालय में बुलाकर उनके जीवन के साथ खिलवाड़ किया, वहीं दूसरी ओर दिल्ली में सभी विभागों में 50% कर्मचारियों की उपस्थिति के साथ



आदेश के तहत कार्य किया गया। दूसरी ओर दिल्ली के विद्यालयों में इन नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाई गई। राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव अजयवीर यादव ने बताया की दिल्ली में ग्रैब 4 के आदेश सरकारी एजेंसियों और पर्यावरण विभाग द्वारा जारी किए जा चुके हैं। दिल्ली पूर्णतया गैस चैंबर बन गई है। दिल्ली का प्रदूषण स्तर 900 लेवल को पार कर गया है। बावजूद इसके फिर भी शिक्षा निदेशक के आदेश को सही से ना समझ कर दिल्ली के अधिकांश विद्यालयों में विद्यार्थियों को फिजिकल तौर पर बुलाकर कक्षाएं लगाई गई। यादव ने माँग की है की ऐसी स्थिति में शिक्षकों के स्वास्थ को तवोज्जो दी जानी चाहिए।

# त्रीनगरः जितेंद्र तोमर ने किया हाईमास्ट लाइटों का उद्घाटन







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**त्रीनगर विधानसभा** क्षेत्र के रामपुरा स्थित एलआईजी फ्लैट्स, जनता फ्लैट्स और एमआईजी फ्लैट्स में विधायक प्रीति तोमर के विधायक कोष से तीन हाईमास्ट लाइटें लगवाई गई हैं, जिसका उद्घघाटन पूर्व कानून मंत्री जितेंद्र तोमर ने स्थानीय निवासियों से नारियल तुड़वा कर करवाया। इस मौके पर पार्टी के अन्यकर्ताओं सहित भारी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहें। उल्लेखनीय हैं कि लोगों को इलाके में लाइट न होने की वजह से काफी परेशानी आ रहीं थी, जिसको देखते हुए क्षेत्र में तीन हाईमास्ट लाइटें लगवाई गई हैं, जिससे कि लोगों को परेशान न होना पड़े और दिवाली में इलाकें में जगमगाहट भी बरकरार रहें।
पूर्व कानून मंत्री जितेंद्र तोमर ने बताया कि विधायक कोष से क्षेत्र स्थित एलआईजी फ्लैट्स की गली नंबर पांच और जनता फ़्लैट्स स्थित सेंट्रल पार्क में हाईमास्ट लाइट लगवाई गई हैं और एमआईजी फ़्लैट्स के मैन गेट के सामने भी लाइट लगाई गई हैं। पूर्व कानून मंत्री जितेन्द्र तोमर ने बताया कि लोगों की मेरे पास शिकायतें आ रहीं थी कि हमारे इलाके में लाइटें खराब हो गई हैं और अंधेरे में दिक्कतें आ रही हैं, खासकर बच्चों और बुजुर्गों को ज्यादा परेशानी हो रहीं हैं, जिसको देखते हुए हाईमास्ट लाइटें लगवाई गई हैं।

# आज के दौर में बेटियां असहाय नहीं, देश और प्रदेश की शान हैं: नायब सैनी

**महिला सम्मान**

**8 आज के दौर में बेटियां शिक्षा, खेल व आर्मी के अलावा हर क्षेत्र में कामयाबी की नई इबारत लिख रही हैं।**



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरूक्षेत्र (दलबीर मलिक)** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा महिला मोर्चा द्वारा मंगलवार को कुरूक्षेत्र में महिला खिलाड़ी सम्मान सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मेडल लाने वाली हरियाणा की बेटियों को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने सम्मानित किया। इस अवसर पर संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री डा. पवन सैनी, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सुनीता दांगी, पूर्व सांसद व कार्यक्रम की संयोजिका कैलासो सैनी, सह संयोजिका कीर्ति सिंह भी उपस्थित रहीं।

प्रदेश अध्यक्ष सैनी ने कहा कि हरियाणा की बेटियों के बुलंद हौंसलों से मेडलों की झड़ी लगी हुई है। हमारी खिलाड़ी बेटियों की आवाज दुनिया के कौने-कौने में गूंज रही है। सम्मेलन को पूर्व सांसद कैलासो सैनी व प्रदेश महामंत्री डा. पवन सैनी ने भी संबोधित किया। खिलाडि?ों के लिए सम्मान सम्मेलन आयोजित करने पर श्री सैनी ने महिला मोर्चा को बधाई दी और सभी खिलाडि?ों के उज्जवल भविष्य की कामना की। भाजपा प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब के किसी कारणवश कार्यक्रम में नहीं पहुंचने पर उनकी तरफ से प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने उनका संदेश खिलाडि?ों तक पहुंचाया। श्री सैनी ने बताया कि बिप्लब देब ने सभी खिलाडि?ों को शुभकामनाएं देते हुए हरियाणा के लिए खूब मेडल लाकर हरियाणा और भारत का गौरव बढ़ाने की बात कही है। प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा के खिलाडि?ों ने हमेशा देश के साथ-साथ हरियाणा का नाम रोशन किया है। हमारी बेटियां भी खेलों में प्रदेश व देश का नाम रोशन कर रही है।

आज के दौर में बेटियां असहाय नहीं, घर की शान हैं। शिक्षा, खेल व आर्मी के अलावा हर क्षेत्र में कामयाबी की नई इबारत लिख रही हैं। आए दिन राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे हरियाणा का नाम रोशन कर रही हैं। यही वजह है कि बेटों की तरह अब बेटियां भी हौसले के पंख से ऊंची उड़ान भर रही हैं।

# रा. आदर्श संस्कृति वरि. मा. विद्यालय खैरी में जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न

**दमदार प्रस्तुति**

**8 सरस्वती मां के आगे दीप प्रज्वलन के बाद हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने दमदार प्रस्तुति दी।**




**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरी में 6-8 समूह में जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। सरस्वती मां के आगे दीप प्रज्वलन के बाद हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने दमदार प्रस्तुति दी। प्रधानाचार्य व जिला सांस्कृतिक प्रभारी दया सिहं स्वामी ने बताया कार्यक्रम में जिले भर से आए 469 बच्चों ने भाग लिया। जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने बताया दया सिहं स्वामी के नेतृत्व में खैरी स्टाफ ने बैहतरीन कार्यक्रम किया।रागिनी में खैरी, कुरुक्षेत्र, थाना व बाबैन ने क्रमश पहला, दूसरा, तीसरा व सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। सकीट में जयोतिसर प्रथम, थाना द्वितीय, बडौंदा तीसरा व अमीन ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। एकल नृत्य में अमीन, बडौंदा, खैरी व कुरुक्षेत्र ने क्रमश पहला, दूसरि तिसरा, सांत्वना स्थान लिया। समूह नृत्य में कुरुक्षेत्र, मंगोल, भेरियां व खैरी ने पहला, दूसरा, तीसरा व सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### कलियुग में भगवान का नाम है तारणहार : पं. प्रह्लाद मिश्र



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/शाहाबाद (दलबीर मलिक)** श्री मारकंडेश्वर मंदिर प्रांगण में चल रही कार्तिक मास की कथा में मंगलवार को कथाव्यास पं. प्रह्लाद मिश्र रामायणी ने कहा कि कलियुग में भगवान नाम ही तारणहार है। उन्होंने कहा कि अभी कलियुग का प्रथम चरण चल रहा है जिसमें मानवता का हनन होना शुरू हो चुका है। हमें आवश्यकता है कि हम अपनी आने वाली पीढि?ों को अपनी सभ्यता व संस्कृति से जोड़े। ताकि पश्चिमी सभ्यता हावी न हो सके। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि वह प्रतिदिन कुछ समय के लिए भगवान का स्मरण करें व अपने बच्चों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कथांव्यास ने कहा कि कार्तिक मास में भगवान का पूजन व कथा श्रवण से सैंकड़ों यज्ञों का लाभ मिलता है। प्रसाद सेवा खंड शिक्षा अधिकारी डा. एसएस आहुजा द्वारा की गई। इस अवसर पर पं. रविनंदन मिश्रा, पं. श्याम सुंदर, पं. अजय मिश्रा, पं. भजनलाल, पं. अजय शुक्ला, मंदिर सभा के प्रधान ऋषि गंभीर, उपप्रधान बलदेवराज चावला, सचिव सुनील भसीन, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश कालड़ा, मदन गंभीर, गुलशन कुमार, कुलदीप शर्मा, प्रदीप शर्मा, सतीश खनेजा, गोल्डी अरोड़ा, लक्की, रमेश डंग, डा. संजय मदान, डा. उपासना आहुजा, सतीश आहुजा सहित श्रद्धालु उपस्थित थे।

### जिलाधीश विक्रम सिंह ने दिलाई 10 विदेशी नागरिकों को भारतीय नागरिकता की शपथ

**टीम एक्शन इण्डिया /फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने आज मंगलवार को 10 विदेशी नागरिकों को भारतीय नागरिकता प्रदान की है। नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 5 के अधीन भारत के नागरिक के रूप में रजिस्ट्री कृत करने अथवा धारा 6 के अधीन उसे देशीकरण संबंधी प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए उसके द्वारा प्रयोग की जाने वाली शक्तियों के तहत यह नागरिकता जिलाधीश विक्रम सिंह ने प्रदान की है।

इन लोगों को दी गई नागरिकताः-

आज विदेशी नागरिकों को जिलाधीश विक्रम सिंह ने भारतीय नागरिकता की शपथ दिला कर भारतीय नागरिकता लेने वालों में पाकिस्तान से रुकमा, अर्जुन, प्रेम दास, मदन लाल, भूरान, पूजा, हनुमान, राम कली, दयालु, ओम प्रकाश शामिल है।

आपको बता दें पूरे देश में 13 जिलाधीशों को ही भारत सरकार ने यह विदेशी नागरिकों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने की शक्ति प्रदान की गई है। इनमें फरीदाबाद का जिलाधीश भी शामिल है।

केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 16 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अफगानिस्तान, बांग्लादेश, पाकिस्तान देश के अल्पसंख्यक समुदायों के किसी भी व्यक्ति इनमें हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई को भारतीय नागरिकता देने का अधिकार जिलाधीश को भारतीय नागरिकता अधिकार देने का अधिकार प्रदान किया गया है।

देश में इन जिलाधीशो को सरकार द्वारा प्रदान की गई है शक्तियांः- देश के गुजरात राज्य के मोरबी, राजकोट, पाटन एवं बड़ोदरा और छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग तथा बलोदा बाजार, राजस्थान प्रांत के जालौर, उदयपुर, पाली, बाड़मेर और सिरोही, हरियाणा प्रांत के फरीदाबाद तथा पंजाब प्रांत के जालंधर के जिलाधीश को भारत सरकार ने नागरिकता प्रदान करने का अधिकार दिया है।

### 9 वर्षीय नाबालिक बच्चे को पुलिस ने किया परिजनों के हवाले

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी बल्लभगढ़ राजेश दुग्गल के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना सिटी बल्लभगढ़ प्रभारी सतीश कुमार की टीम पुलिस चौकी अग्रसेन ने घर से लापता हुए नाबालिक बच्चे को तलाश कर परिजनों के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत 5 नवंबर को पुलिस चौकी अग्रसेन में एक बच्चे के गुम होने की सूचना प्राप्त हुई। बच्चों को तलाश करने के लिए चौकी इंचार्ज ने अलग-अलग टीम बनाई

# पूरा हरियाणा बिजली संकट महंगे बिजली बिलों से त्रस्त : डॉ. अशोक तंवर

**अपमान**

**8 खट्टर सरकार ने प्रदेश की जनता को शराबी बताकर घोर अपमान किया है: डॉ. अशोक तंवर**



**टीम एक्शन इण्डिया/चंडीगढ़** आम आदमी पार्टी के चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर ने महंगे बिजली बिल आने पर बिजली मंत्री रणजीत चौटाला के दारू छोड़कर बिजली बिल भरना शुरू कर दो बयान को लेकर खट्टर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि बिजली मंत्री महंगे बिजली बिल आने पर प्रदेश की जनता को राहत देने की बजाय उनको दारुबाज कहकर उनका बजाक उड़ा रहे हैं। खट्टर सरकार ने प्रदेश की जनता को शराबी बताकर घोर अपमान किया है। आने वाले समय में प्रदेश लोग बिजली मंत्री को इसका जवाब जरूर देंगे।

उन्होंने कहा कि पूरा हरियाणा बिजली संकट से जूझ रहा है और महंगे बिजली बिलों से हर हरियाणा वासी त्रस्त है। उन्होंने कहा कि कैथल में एक बुजुर्ग जो पेंशन से गुजारा करते हैं। एक कमरे का टूटा हुआ मकान है और मकान में एक पंखा और एक बल्ब है। उसका बिजली बिल 4 लाख से ज्यादा का आया। यदि आम आदमी पार्टी की सरकार होती तो बिजली बिल ही नहीं आता। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी बिजली मंत्री रणजीत चौटाल हरियाणा के 5700 से ज्यादा गांव में 24 घंटे में बिजली देने की कह चुके हैं, लेकिन बिजली मंत्री अपने खुद के गांव में तो 24 घंटे बिजली दे नहीं सकते पूरे हरियाणा को क्या देंगे। बिजली मंत्री के खुद के गांव में 8 से 10 घंटे बिजली के कट लग रहे हैं।उन्होंने कहा कि हरियाणा में गरीब लोगों के लिए बिजली का बिल भरना किसी आफत से कम नहीं है। आम लोगों का 50 हजार से एक लाख रुपए तक का बिल आ रहा है। जबकि दिल्ली और पंजाब में 24 घंटे बिजली मुफ्त मिल रही है, हरियाणा में महंगी बिजली मिल रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी ने सरकार बनते ही बकाया बिजली बिलों को माफ कर दिया था। जब पंजाब और दिल्ली में बिजली के बिल माफ हो सकते हैं तो हरियाणा में क्यों नहीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता पंजाब और दिल्ली की तर्ज पर प्रदेश से गठबंधन सरकार का जल्द सफाया करेगी। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार पहले महंगी बिजली और अब स्मार्ट मीटर के नाम पर लोगों को चूना लगा रही है। स्मार्ट मीटर का उपभोक्ताओं को कोई फायदा नहीं हो रहा है।

स्मार्ट मीटर लगने के बाद अब लोगों के कई गुना बिजली के बिल आ रहे हैं। स्मार्ट मीटर से प्रदेश के गरीब और जरूरतमंद लोगों का शोषण हो रहा है।

हरियाणा में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के तुरंत बाद पंजाब की तर्ज पर बकाया बिजली के बिल माफ किए जाएंगे।उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी प्रदेश के लोगों को गठबंधन सरकार की बिजली चोरबाजारी से मुक्ति दिलाएगी।

# राहगिरी में पुलिस ने यातायात, साईबर अपराध व नशे को लेकर किया जागरूक

**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र जानकारी** देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा 7 नवम्बर 2023 को साईबर जागरूकता राहगिरी का आयोजन कर बच्चो को मनोरंजन के साथ-साथ अलग-अलग विषयों पर जागरुक किया गया। मंगलवार को जिला पुलिस द्वारा राजकीय सीनियर सैकंड्री स्कूल बोहली में राहगिरी कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चो को साईबर अपराधों के प्रति व यातायात नियमो के प्रति जागरुकता का संदेश दिया।



राहगिरी में स्कूली बच्चो को साईबर, यातायात और नशे जैसे अहम मुद्दे से अवगत करवाते हुए जागरुकता का पाठ पढाया। हरियाणा उदय के तहत आयोजित राहगिरी में बच्चो को संबोधित करते हुए पुलिस प्रवक्ता नरेश सागवाल ने कहा कि साईबर ठगी से जहां पैसो की हानि होती है वहीं सडक दुर्घटनाओ से शरीर

### थाना सेक्टर-8 प्रबंधक की टीम शहर वासियों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इण्डिया / फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के मार्गदर्शन के तहत सेक्टर-8 थाना प्रभारी नवीन कुमार ने शहर वासियों को थाना सेक्टर-8 एरिया सेक्टर-7 के लेबर चौक पर मजदूर वर्ग के लोगों को महिला व बाल अपराध, नशा जैसे मुद्दों पर जागरूक किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस के द्वारा आमजन को विभिन्न सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूक कर रही है। इसी के अंतर्गत सेक्टर-8 थाना प्रभारी की टीम ने आज सेक्टर-7 लेबर चौक एरिया में जाकर आमजन को नशा से बचने व टोल फ्री न. 9050891508 की जानकारी दी जिसपर अपने एरिया में नशा बेचने वालो के खिलाफ सूचना देकर, शहर को नशा मुक्त बनाने में अहम भूमिका निभा सकते है।

# SYL के विरोधी हरियाणा के विरोधी ही नहीं संविधान-सुप्रीम कोर्ट के भी विरोधीः जयहिंद



**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र जयहिंद** सेना प्रमुख नवीन जयहिंद मंगलवार को रोहतक जिला कोर्ट में पहरावर को जमीन पर से प्रशासन का कब्जा छुडवाने और समाज को दिलवाने के लिए केस में पेश हुए वही पीजीआई में बाहरी लोगों के भर्ती करवाने का विरोध करने पर भी उन पर दर्ज एक और केस में कोर्ट में पेश हुए।

नवीन जयहिंद ने दर्ज केसों पर कहा कि जमीन समाज को मिल चुकी है अब इस तरह के केस से सिर्फ सरकार परेशान करने की कोशिश कर रही है अब तक उन पर दर्जनों केस हो चुके है लेकिन जनता और समाज के लिए वे हमेशा आगे खड़े रहेंगे और एक हजार केस भी हो जाये तो पीछे हटने वाले नही है। इस जमीन पर अस्पताल , स्कूल, कॉलेज और खेल का मैदान बनेंगे जिसमे 36 बिरादरी का लोगों के बच्चे पढने -खेलने और सभी लोगों का इलाज होगा। वही हरियाणा में नौकरियों पर पहला अधिकार हरियाणा के युवाओं का है आज प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर है ऐसे में बाहरी लोगों को भर्ती करना प्रदेश की जनता के साथ धोखा है। अगर जनता की आवाज उठाने के लिए उन पर एक दर्जन केस भी हुए तो वे पीछे नहीं हटेंगे

वही पत्रकारों द्वारा गुरनाम सिंह चढूनी द्वारा र छ पर दिए बयान पर नवीन जयहिंद ने कहा कि गुरनाम सिंह चढूनी न सिर्फ हरियाणा के किसानों का विरोध कर रहे है बल्कि सुप्रीम कोर्ट और संविधान का भी विरोध कर रहे है उन्हने उम्मीद नही थी कि अपने आप को किसान नेता कहने वाले किसानों की समस्या ही नहीं जानते है। हरियाणा के किसानों की 10 लाख एकड़ बंजर जमीन र छ के पानी का इन्तजार कर रही । जिस पर प्रदेश के किसान 40 लाख टन अनाज उगा सकते है।

60 प्रतिशत जनता अशुद्ध पानी पी रही है और प्रदेश के माता-बहनें कई तरह की बिमारियों की शिकार हो रही है।

गावों में भूमिगत जल कई सौ फीट निचे जा चुका है र छ का विरोध करने करने वाले वाले न सिर्फ हरियाणा के विरोधी है बल्कि प्रदेश के किसानों , संविधान - सुप्रीम कोर्ट के भी विरोधी है अगर गुरनाम चढूनी कानून की रखवाली नहीं कर सकते है तो सरकार की दलाली का भी काम न करें।

# बीमारियों की रोकथाम का प्रबन्ध करे सरकारः स्वीटी रंगा

**प्रशासन से मांग**

**8 स्वीटी रंगा ने सरकार और प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि गांव-गांव में भी डॉक्टर की टीम को भेजा जाए**



**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र /शाहबाद (दलबीर मलिक)** कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा नलवी हल्का शाहाबाद के गांव सुढपुर में कांग्रेस पार्टी के हाथ से हाथ जोड़ो प्रोग्राम के तहत जनसंपर्क अभियान चलाया। स्वीटी रंगा ने गांव की समस्याओं को सुना और चर्चा की।

स्वीटी रंगा ने कहां की आज डेंगू की बीमारी का प्रकोप काफी ज्यादा है सभी अपना बचाव रखें और शाहाबाद की बात करें तो सभी हॉस्पिटल मरीजों से भरे हुए हैं। स्वीटी रंगा ने सरकार और प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि गांव-गांव में भी डॉक्टर की टीम को भेजा जाए ताकि समय रहते बीमारियों पर काबू पाया जा सके और जितनी भी नालियां गलियां उन में बार-बार दवाई का छिड़काव करवाया जाए ताकि बीमारी के प्रकोप से बचा जा सके।

इस अवसर पर रवि कुमार, अंकित, प्रमोद कुमार, शीला, कर्मो, प्रकाशो देवी मौजूद रहे।

# 23 नवंबर को कुरुक्षेत्र पिपली में जन आक्रोश रैली कर सरकार को किसानो की मांग मानने के लिए मजबूर कर देगे : प्रिंस वड़ैच

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/ पिहोवा(दलबीर मलिक)** भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) की हल्का स्तरीय बैठक किसान रेस्ट हाउस पिहोवा मे हल्का प्रधान कवलजीत विर्क व ब्लॉक प्रधान जोगिंदर काजल की अध्यक्षता मे हुई। बैठक मे जिलाध्यक्ष कृष्ण कलालमाजरा ,ज़िला प्रभारी पप्पल गूदियाना ने विशेष तौर पर भाग लिया। इस हल्का स्तरीय मासिक बैठक का संचालन शहरी प्रधान गौरव कुमार ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता प्रिंस वड़ैचने कहा कि भारतीय किसान यूनियन( चढूनी) 23 नवंबर को कुरुक्षेत्र के पिपली मे जन आक्रोश रैली करेगी। रैली की तैयारी को लेकर किसानो की कमेटी गठित कर दी गई है। किसान गांव गांव जाकर किसानो को रैली मे आने को लेकर प्रचार कर



रहे है। रैली मे आने को लेकर कार्यकर्ताओ की डयूटी लगाई जा रही है।इस रैली मे देश भर से किसान,मजदूर,युवा बेरोजगार शिरकत करेंगे।23 नवंबर को पीपली अनाज मंडी में होने वाली राष्ट्रीय किसान रैली ऐतिहासिक साबित होगी और लाखों किसान देश भर से रैली में शिरकत करेंगे युवा प्रधान सुखविंदर मुकिमपुरा ने कहा की पिहोवा हल्का से हजारों किसान रैली में पहुँचेंगे और सरकार को किसानो की माँगे मानने के लिए मजबूर कर देंगे। जोगिंदर काजल ने कहा कि धान खरीद के सीजन के दौरान फर्जी पोर्टल दर्ज करके करोड़ों रुपए का घोटाला किया गया है जिसके लिए सीधे तौर पर मार्केटिंग बोर्ड, रेवेन्यू विभाग,खरीद एजेंसियों सहित फर्जी तौर पर बनाई गई फर्म भी शामिल है।इस घोटाले को अंजाम देने के लिए कुछ ऐसी फर्मों को खड़ा किया गया जो कि मात्र कागजों तक ही सीमित है वास्तव में उनका कोई अस्तित्व ही नहीं है।

भाकियू (चढूनी) सरकार से मांग करती है कि मार्कीट कमेटी कार्यालय पिहोवा में फर्जी गेटपास घोटाले व राइस मिलों में धान के करोड़ों रुपए के फजीर्वाड़े की सीबीआई से जांच होनी चाहिए क्योंकि पर्याप्त सबूत सौंपने के बावजूद भी धान घौटाले पर स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई कारवाई अभी तक नहीं की गई है और भाकियू को आशंका है कि सरकार व अधिकारी सही तरीके से जाँच ना करके मामला रफा दफा करना चाहते है। किंतु भाकियु( चढूनी) इस मामले में दोषियों को सजा दिलवाने के लिए हर संभव लड़ाई लड़ेगी और हाई कोर्ट का भी रुख करेगी ।इस मामले में जो भी अधिकारी व खरीद एजैसी दोषी हो उनको तत्काल प्रभाव से सस्पेंड किया जाए

और मामले की तह तक जाने के लिए पूरी बारीकी से इसकी जांच की जाए,तभी सच्चाई जनता के सामने आएगी। इस घोटाले को अंजाम देकर सरकार को करोड़ों रुपए का चूना लगाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के पोर्टल की आड में इस घोटाले को अंजाम दिया गया है,जिसमें असली किसानों को नुकसान हो रहा है और किसानों के नाम पर कुछ लोग मोटा मुनाफा कमा रहे है। सरकार की किसान विरोधी नीतियों के चलते पोर्टल किसानों के लिए गले की फांस बन चुका है।पोर्टल का खेल किसानों के लिए घाटे का सौदा बनकर रह गया है। उन्होंने शुरू से ही कहा कि हर तरफ किसानों से लूट जारी है। हल्का प्रधान कवलजीत विर्क ने कहा कि गन्ना किसानों की मुख्य व्यापारिक फसल है इस बार बीते वर्षो की अपेक्षा गन्ने की खेती अधिक है प्रदेश के किसानों को मिलों मे गन्ने का उचित भाव नहीं मिल रहा है बीते वर्षो में व इस वर्ष भी केवल 14 रू/क्विंटल बढ़ाया गया है जो की बहुत कम है जबकि चीनी के रेट अच्छे है ऐसे मे गन्ने का भाव 450 रुपए प्रति किवंटल होना चाहिए। जिस भी शुगर मिल के पास पिछले वर्षो की पेमंट बकाया है उसे तुरंत दिलाई जाए और गन्ना कानून के अनुसार उस बकाया पेमंट का ब्याज दिलाया जाए।गन्ने का पराई सत्र जल्दी शुरू किया जाए क्यूकी इस बार गन्ने की पैदावार ज्यादा है ओर सीजन में पिराई सत्र काफी लंबे व गर्मी तक चलता है उस समय खेत में लेबर की भी भारी कमी हो जाती है जिससे किसान को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।भाकियू नेताओ ने कहा कि डीएपी और यूरिया की ब्लैक करने वाले दुकानदारों पर जिला प्रशासन सख्त कार्रवाई करें क्योंकि गेहूं और सरसों की बिजाई के लिए इस्तेमाल होने वाली डीएपी की कमी के कारण किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है प्रशासन एक तरफ जहां डीएपी की कमी न होने के दाव कर रहा है वहीं दूसरी ओर किसानों को आज भी खाद के लिए लाइनों में लगने और दुकानदारों की लूट का शिकार होना पड़ रहा है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



फास्ट न्यूज

## हरियाणा: सफाई कर्मचारी, चौकीदार ट्युबवेल ऑपरेटर्स को दिए जाएँगे दिवाली की मिठाई के 501 रुपए

**चण्डीगढ़:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज सभी प्रदेशवासियों और कर्मचारियों को दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सभी के स्वस्थ जीवन की कामना की है। इस मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सफाई कर्मचारियों, चौकीदारों और ट्यूबवेल ऑपरेटरो को दीपावली की मिठाई के लिए 501 रुपये देने की घोषणा भी की है। सरकारी प्रवक्ता के अनुसार मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी सफाई कर्मचारी (ग्रामीण और शहरी) सभी चौकीदार (ग्रामीण और शहरी) और सभी ट्यूबल ऑपरेटर्स को 501 रुपया देने की घोषणा की है। सभी के खातों में दीपावली के मिठाई के पैसे भेजे जाएंगे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सभी प्रदेशवासियों और कर्मचारियों को दीपावली समेत आगामी त्यौहारों की अग्रिम शुभकामनाएं दी।मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि दीपावली का त्योहार न केवल हमें एक सूत्र में बांधने का कार्य करता है बल्कि सभी को अपनी सनातन संस्कृति और उसके महत्व से भी रूबरू कराता है ।इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों से अपील भी कि सभी नागरिक खुद और परिवार का ध्यान रखते हुए शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से इन त्योहारों को मनाएँ।

## दिल्ली हाई कोर्ट ने अमित अरोड़ा की अंतरिम जमानत पर फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाले में अमित अरोड़ा की अंतरिम जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की बेंच ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा। अमित अरोड़ा ने अपनी बेटी की खराब तबीयत की वजह से अंतरिम जमानत की मांग की है। सुनवाई के दौरान अमित अरोड़ा की ओर से वरिष्ठ वकील विकास पाहवा ने कहा कि अरोड़ा की बेटी की तबीयत खराब है और उसके मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक उसे उसके माता-पिता की देखभाल की जरूरत है। अमित अरोड़ा की बेटी का स्कॉलेस्टिक असेसमेंट टेस्ट की परीक्षा 2 दिसंबर को है और वो अपनी बीमारी की वजह से उसकी तैयारी नहीं कर पा रही है। अमित अरोड़ा की खुद की तबीयत खराब है। अमित अरोड़ा 30 नवंबर 2022 से हिरासत में हैं। इस मामले में ईडी ने चार्जशीट दाखिल कर दी है और ट्रायल कोर्ट ने संज्ञान भी ले लिया है।

# एमपी में गरजे सीएम योगी

## कांग्रेस अकबर महान पढ़ाती थी, भाजपा शिवाजी व महाराणा प्रताप महान पढ़ाती है: योगी

**टीम एक्शन इंडिया/शाजापुर**

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत बदला है। चाहे काशी विश्वनाथ हो, महाकाल लोक हो, केदार धाम हो, हर जगह अलग अनुभूति होती है। यदि देश और प्रदेश को विकास के पथ पर अग्रसर करना है तो भाजपा का जीतना जरूरी है। विकास के लिए डबल इंजन सरकार चाहिए। उक्त बातें चुनावी दंगल के बीच मंगलवार को शाजापुर की शुजालपुर सीट पर चुनावी सभा संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपस्थितजनों से कही। उन्होंने कहा कि भारत की 142 करोड़ जनता को देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एक परिवार मानते हैं। काशी विश्वनाथ में जाईए तो नई काशी का दर्शन होता है। केदारपुरी जाईए तो भगवान केदारनाथ का भव्य दर्शन होता है। उज्जैन में महाकाल



महालोक आने पर आपको एक नई अनुभूति होती है। अब तो अयोध्या पुरी भी तैयार हो चुकी है। आने वाली 22 जनवरी को भगवान रामलला अयोध्या के भव्य मंदिर में विराजमान हो जाएंगे। कांग्रेस का नाम ही समस्या है। देश में नक्सलवाद, उग्रवाद और भ्रष्टाचार के लिए कांग्रेस पार्टी जिम्मेदार है। देश के बच्चों को कांग्रेस अकबर महान पढ़ाती है, भारतीय जनता पार्टी छत्रपति शिवाजी और महाराणा प्रताप को महान पढ़ाती है। कांग्रेस के लिए भारत का इतिहास केवल नेहरू से प्रारंभ होता है। कांग्रेस के नेता खुद को एक्सीडेंटल कहते हैं। एक्सीडेंट हुआ और कांग्रेसी पैदा हो गए। कांग्रेस तो वह पार्टी है, जिसने भगवान राम और श्रीकृष्ण के अस्तित्व को भी नकार दिया था। यहां उन्होंने भाजपा प्रत्याशी इंदरसिंह परमार के समर्थन में सभा को

**कांग्रेस निशाने पर**

> यदि भारत की सांस्कृतिक विरासत को गौरवशाली बनाना है तो डबल इंजन की सरकार फिर से आना चाहिए

संबोधित किया। इस दौरान मंच से भाषण देते हुए योगी ने कहा कि मैं उतर प्रदेश की धरती से आया हूं। उत्तर प्रदेश को भगवान श्री राम, भगवान कृष्ण और शिव का आशीर्वाद प्राप्त है। आज देश में दो विचारधारा काम कर रही है। एक तरफ राम भक्त हैं, तो दूसरी तरफ राम विरोधी। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने भगवान राम और कृष्ण के अस्तित्व को मानने से ही इंकार कर दिया। कांग्रेस तो अपना इतिहास ही पंडित जवाहर लाल नेहरु से मानती है। मोदी जी ने देश को कई उपलब्धि दिलाई। मोदी के नेतृत्व में निरंतर भारत में विकास के बदलाव हो रहे हैं। आज भारत बदल रहा है, काशी में नए काशी धाम के दर्शन, उज्जैन में महाकाल लोक नई अनुभूति कराता है। बदलते भारत में 500 साल का सपना पूरा होने जा रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में 22 जनवरी को रामलला अयोध्या में विराजमान हो रहे हैं। आज का भारत संकट के समय में लोगों के साथ खड़ा है।

पीएम मोदी, शिवराज ने संकट में लोगों का साथ दिया। योगी ने कहा कि यदि भारत की सांस्कृतिक विरासत को गौरवशाली बनाना है तो डबल इंजन की सरकार फिर से आना चाहिए।

इस दौरान भाजपा उम्मीदवारों सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता समर्थक व आम मतदाता उपस्थित रहे।

## प्रदूषण: पंजाब सरकार ने जारी की एडवाइजरी



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**पंजाब** में बढ़ रहे वायु प्रदूषण को लेकर राज्य सरकार ने एडवाइजरी जारी की है।

जिसमें लोगों को मास्क पहन कर घर से बाहर निकलने के लिए कहा है। साथ ही उन्होंने निर्देश जारी करते हुए लोगों को इस समस्या से अपना बचाव करने के लिए कहा है।

**पंजाब सरकार द्वारा जारी निर्देश निम्न प्रकार हैं:-**

**कौन खतरे में है:** हम सभी जोखिम में हैं, लेकिन कुछ लोग ज्यादा कमजोर हैं, जिनमें छोटे बच्चे, बुजुर्ग, शुगर व दिल की बीमारियों तथा दमा के रोगी

**दिशा-निर्देश**

> निर्देश जारी करते हुए लोगों को इस समस्या से अपना बचाव करने के लिए कहा

शामिल हैं। यह प्रदूषण आपकी आयु और जीवन की गुणवत्ता को कम कर सकता है।

**हवा प्रदूषण के लक्षण:** यदि खांसी, सांस चढ़ना, आंखों में खारिश या जलन, सिर भारी होना जैसे लक्षण दिखाई दें तो यह हवा में प्रदूषण के कारण है।

## अधिकारी से जबरदस्ती पराली को आग लगवाई



**टीम एक्शन इंडिया/बठिंडा**

बठिंड के गांव महिमा सरजा में एक सरकारी अधिकारी से जबरदस्ती पराली को आग लगाने के मामले में मुख्यमंत्री भगवंत मान के आदेशों के बाद पंजाब पुलिस ने बड़ी कार्रवाई अमल में लाई है। इस मामले में पुलिस ने किसानों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। एस.एस.पी. बठिंडा ने कहा कि सिविल प्रशासन के एस.डी.ओ. से जबरन पराली में आग लगवाई गई थी और फिर उसका वीडियो भी वायरल कर दिया गया, जिसके आधार पर किसानों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। इसके अलावा किसानों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

**मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सख्त कार्रवाई का दिया था संदेश:** बठिंडा के गांव महिमा सरजा में पराली को आग न लगाने का संदेश लेकर गए सरकारी अधिकारी से कुछ किसानों द्वारा जबरन पराली में

**कार्रवाई**

> सिविल प्रशासन के एस.डी.ओ. से जबरन पराली में आग लगवाई गई थी और फिर वीडियो भी वायरल कर दिया

आग लगाने की घटना पर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कड़ा नोटिस लिया है। मुख्यमंत्री ने साफ कहा है कि इस घटना में शामिल लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया जा रहा है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा, 'प्रिय पंजाबियों, तुमने कौन सा रास्ता अपनाया? पराली न जलाने का संदेश लेकर गया था सरकारी मुलाजिम, परंतु उससे पराली में आग लगवाई, हवा को गुरु साहिब ने गुरु का दर्जा दिया। दर्जे को बर्बाद करने के लिए अपने हाथों में तीलीयां लेकर अपने बच्चों के हिस्से की ऑक्सीजन को नष्ट करना शुरू कर रहे हैं।

## 'केंद्र ने देश की संपत्ति बड़े उद्योगपतियों को सौंप दी'

**टीम एक्शन इंडिया/बालोद**

**कांग्रेस** नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को दावा किया कि भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र ने देश की संपत्ति बड़े उद्योगपतियों को सौंप दी है। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में एक चुनावी रैली को प्रियंका गांधी ने संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जाति जनगणना समाज के हर वर्ग को समान प्रतिनिधित्व देने और उनके कल्याण के लिए नीतियों का मसौदा तैयार करने में मदद करेगी।

भाजपा पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि जब छत्तीसगढ़ में रमन सिंह के नेतृत्व में भाजपा सत्ता में थी, तब हिंसा,



कुशासन और गरीबी का बोलबाला था। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने पांच साल तक जन कल्याण के लिए काम किया, लेकिन केंद्र सरकार ने क्या किया?

**पीएम मोदी पर प्रियंका गांधी का हमला:** प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री

**केंद्र को घेरा**

> जब छत्तीसगढ़ में रमन सिंह के नेतृत्व में भाजपा सत्ता में थी, तब हिंसा, कुशासन और गरीबी का बोलबाला था

मोदी पर भी हमला किया और कहा, 'मोदी जी के लिए 8,000 करोड़ रुपये के दो विमान खरीदे गए। 20,000 करोड़ रुपये खर्च कर नया संसद भवन बनाया गया। जब इसकी घोषणा की गई, मैं उत्तर प्रदेश में थी और वहां गन्ना किसान अपने 15,000 करोड़ रुपये के बकाये की मांग को लेकर सड़कों पर थे। प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि मोदी जी के पास संसद भवन और विमान के लिए पैसा है लेकिन किसानों के लिए नहीं।

**जाति गणना की हमारी मांग को पीएम मोदी ने किया खारिज:** प्रियंका गांधी ने कहा कि सभी वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व देने और कल्याणकारी नीतियां बनाने के लिए जाति जनगणना जरूरी है। एआईसीसी महासचिव ने कहा, 'मोदी जी कहते हैं कि वह ओबीसी श्रेणी से आते हैं, लेकिन उन्होंने (जाति) गणना की हमारी मांग को खारिज कर दिया। भाजपा नेता हमारी मांग से निराश हो गए हैं।'

## केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल की कार से हुआ भीषण एक्सीडेंट

**टीम एक्शन इंडिया/छिंदवाड़ा**

**केंद्रीय** मंत्री प्रहलाद पटेल की कार हादसे का शिकार हो गई। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल की कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति समेत तीन स्कूली बच्चे घायल हुए हैं। हादसा उस वक्त हुआ जब प्रहलाद पटेल छिंदवाड़ा से जनसंपर्क कार्यक्रम निपटा कर नरसिंहपुर लौट रहे थे। सिंगोड़ी बाईपास के पास निजी स्कूल से बच्चों को लेकर लौट रहे एक टीचर की बाइक को उनकी कार ने टक्कर मार दी।

## विधानसभा घेरने गईं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं पर पानी की बौछार

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के** दूसरे दिन, सदन के बाहर खूब हंगामा देखने को मिला। एक तरफ जहां आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया। वहीं, दूसरी ओर भाजपा ने भी जातीय गणना की रिपोर्ट और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के समर्थन में सदन के सदन के बाहर सरकार का विरोध किया।

भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं पर पानी की बौछारों के इस्तेमाल को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। गौरतलब है कि मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर विधानसभा का घेराव करने के दौरान आज आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प हो गई।

**पटना में मांगों को लेकर पिटाई:** आंदोलनकारियों को तितर-बितर करने के लिए उन पर पानी की बौछारें की गईं। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और बीजेपी विधायक तारकिशोर प्रसाद ने इस संबंध में कहा कि जब लोग अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर निकलते हैं तो पटना में उनकी पिटाई की जाती है।



**उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी वैश्विक निवेशक सम्मेलन के लिए निवेश जुटाने को मुंबई के दौरे पर हैं। मंगलवार को उन्होंने श्री सिद्धिविनायक मंदिर में भगवान गणपति के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और बप्पा का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि व एवं प्रदेश की उन्नति के लिए प्रार्थना की।**

**अभियान** जो विद्यालय बिना मान्यता प्राप्त या मान्यता रद्द होने के बाद भी संचालित होते पाए जाएंगे, उन पर सख्त कार्रवाई होगी

## उप्र में मान्यता रहित स्कूलों पर एक्शन लेगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में मान्यता रहित विद्यालयों पर योगी सरकार सख्त एक्शन लेने जा रही है। इसके लिए पूरे प्रदेश में सघन अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान जो विद्यालय बिना मान्यता प्राप्त या मान्यता रद्द होने के बाद भी संचालित होते पाए जाएंगे, उन पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिसमें दंड के साथ ही एक लाख रुपए तक जुर्माने का प्रावधान है। इस संबंध में बेसिक शिक्षा निदेशालय की ओर से सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। साथ ही



22 नवंबर तक सभी जनपदों से अभियान के तहत की गई कार्रवाई की रिपोर्ट भी तलब की गई है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 14 वर्ष तक के बच्चों की शिक्षा के लिए राज्य सरकार द्वारा परिषदीय प्राथमिक, जूनियर हाईस्कूल, सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूल, मान्यता प्राप्त प्रारंभिक एवं जूनियर हाईस्कूल संचालित किए जा रहे हैं। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम में स्पष्ट रूप से प्राविधान किया गया है कि बिना मान्यता प्राप्त किए कोई स्कूल न तो स्थापित किया जा सकता है और न ही संचालित किया जा सकता है।

**खंड शिक्षा अधिकारी को देना होगा प्रमाण पत्र:** संयुक्त शिक्षा निदेशक (बेसिक) गणेश कुमार ने इस संबंध में सभी जनपदों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। निर्देश में कहा गया है कि सभी खंड शिक्षा अधिकारी समस्त ब्लॉकों में सघन अभियान चलाएं और यदि कोई विद्यालय बिना मान्यता के संचालित हो रहा है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें। इसके साथ ही सभी खंड

